08 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 319

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

भारत में 3 घंटे 28 मिनट तक ब्लड मून नजर आया साल का आखिरी चंद्र ग्रहण

बेजुबान हूं लेकिन कष्ट में हूं: 'मिष्टी' की मौत से सामने आया ओरमांझी जू का कड़वा सच

- अव्यवस्था ने बिरसा जैविक उद्यान को बना दिया है वन्य प्राणियों की कब्रगाह
- भ्रष्टाचार और विभागीय लापरवाही के कारण खतरे में आ गया है इसका भविष्य

जैविक उद्यान अपने बुरे दिन से गुजर रहा

जैविक उद्यान में 2016-17 तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। हालात ऐसे बने कि हाल के वर्षों में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। सुधार के नाम पर यहां के दैनिक मजदूरों को हटा दिया गया। वन विभाग ने स्थायी कर्मियों की तैनाती शुरू कर दी। इसके बाद से शुरू हुआ बदहाली का दौर। वन्य प्राणियों को संरक्षित करने के उद्देश्य से बनाया गया यह जैविक उद्यान अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और विभागीय लापरवाही का शिकार बनता चला जा रहा है। हाल के दिनों में यह उद्यान अधिकारियों का चरागाह बन गया है। केज की मरम्मत हो, वन्य प्राणियों का खाना हो या भवन निर्माण, सभी में गड़बड़ी होने लगी। भवन निर्माण के नाम पर जंगल की कटाई हो रही है। स्थायी कर्मियों ने मनमानी शुरू कर दी है। उद्यान में सबसे अधिक गड़बड़ी श्रमिकों की हाजिरी में होती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आरोप लग रहे कि यदि 10 श्रमिक काम कर रहे होते हैं, तो हाजिरी उससे अधिक संख्या की बना दी जाती है। इसके बाद पारिश्रमिक की बंदरबांट होती है। हाजिरी से लेकर दूसरे सभी कार्यों में कमीशन मांगा जाने लगा है।

उठता रहा है वन्य प्राणियों के खाने में गड़बड़ी का मामला

उद्यान में रखे गये वन्य प्राणियों के खाने में लापरवाही का आरोप भी लग रहे हैं। यहां न तो वधशाला है और न भोजन की जांच के लिए प्रयोगशाला। मांसाहारी वन्य प्राणियों जैसे शेर, बाघ, चीता, तेंदुआ आदि को बाहर से लाया गया मांस उबाल कर दिया जाता है। प्रयोगशाला के अभाव में न तो भोजन की गुणवत्ता की जांच होती है और न ही इसकी मात्रा तय रहती है।

निदेशक पर लगते रहे हैं आरोप

इस उद्यान के निदेशक जब्बार सिंह हैं। उद्यान की अव्यवस्था का आरोप उन पर लग रहा है। उद्यान में हाल के दिनों में कई वन्य प्राणियों की मौत हुई है। जिराफ मिष्टी की मौत से पहले 'शशांक' नामक शेर की हुई थी। 'शशांक' को इसी साल जुलाई में लाया गया था। निदेशक जब्बार सिंह ने उसे युवा बताया था। 'शशांक'की उम्र 14 साल बतायी गयी थी। शेर की कुछ दिनों बाद मौत हो गयी। शेर की औसत आयु 18 से 20 साल होती है। यानी वह शेर वृद्ध था। जब शेर मर गया, तो यह सच सामने आया। जबार सिंह पांच साल से निदेशक के पद पर हैं। बिरसा उद्यान की गिरती स्थिति को लेकर उन पर कई तरह के आरोप लग रहे हैं।

आजाद सिपाही
खास
अनुज

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। झारखंड की राजधानी से करीब 20 किलोमीटर दूर ओरमाझी में बेहद खूबसूरत भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान है। इस जू में जानवरों का दीदार करने भारी संख्या में लोग आते हैं। यहां बहुत सारे जानवर हैं। जो जू को आकर्षक बनाते हैं। इसकी खूबसरती के पीछे बेजुबान जानवरों का दर्द भी छिपा है। जिसके लिए उद्यान प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है। इस जैविक उद्यान में एकमात्र मादा जिराफ थी। जिसका नाम 'मिष्टी' था। जिसकी 3 सिंतबर को मौत हो गयी। इससे झारखंडवासियों में दुख के साथ रोष भी था। 'मिष्टी' की मौत की रिपोर्ट में पैर में जख्म होने की पुष्टि की गयी। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि जख्म की वजह से ही वह बाड़े में गिर गयी और गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गयी। यह वजह दलील के लिए भले ही सही हो, लेकिन 'मिष्टी' की मौत ने कई सवालों को जन्म दे दिया है। इन सवालों के दायरे में जैविक उद्यान का प्रशासन आता है। जिसकी लापरवाही भी सामने आती है। पिछले कुछ वर्षों से उद्यान की जो स्थिति हो रही, वह गंभीर है। अगर हालात नहीं सुधरे तो 'मिष्टी' की असमायिक मौत कोई आखिरी घटना नहीं रह जायेगी।

कोलकाता से लाया गया था मादा जिराफ: मादा जिराफ मिष्टी को 8 अगस्त 2025 को जैविक उद्यान ओरमांझी लाया गया था। कोलकाता के वन्य प्राणी उद्यान अलीपुर से जीव आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत रांची को मादा जिराफ मिली थी। उसकी उम्र करीब 6 वर्ष थी। किसी जू में जिराफ की औसत आयु 19 से 20 वर्ष होती है। अगर वह जंगल में रहे, तो उसकी उम्र अमूमन 17 से 18 साल तक होती है। मिष्टी ने 3 सितम्बर 2025 को मात्र 6 वर्ष (रांची लाने के एक महीने के भीतर) में ही दम तोड़ दिया। यानी बचपन में ही उसकी मौत हो गयी।

बच्चों की तरह लालन-पालन और प्रेम करते दैनिक कर्मी: भगवान बिरसा जैविक उद्यान की देखरेख की जिम्मेदारी पहले दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के जिम्मे थी। दैनिक वेतनभोगी मजदूर उद्यान और वन्य प्राणियों के रख-रखाव और उनके खान-पान का ख्याल रखते। उनके लिए उद्यान के जीव-जंतु अपने बच्चों की तरह थे। अपने बच्चों के लिए प्रेम भाव से काम करते थे। इसका कारण था कि इनमें से अधिकांश दैनिककर्मी स्थानीय थे। क्षेत्र में पर्यटकों के आने और नाम होने के कारण उन्हें भवनात्मक लगाव और जिम्मेदारी का अहसास था।

'मिष्टी' की मौत पर सवाल उठ रहे

जानकारों का कहना है कि किसी भी वन्य प्राणी को एक चिड़ियाघर से दूसरे चिड़ियाघर लाये जाने पर 30 दिनों तक क्वारेंटाइन (अलग और अकेले) रखने का नियम है। जिससे वह नयी जगह के वातावरण के अनुरूप खुद को ढाल सके। 'मिष्टी' को 8 अगस्त को भगवान बिरसा जैविक उद्यान लाया गया था। केवल एक सप्ताह बाद 15 अगस्त से उसका सार्वजनिक प्रदर्शन किया जाने लगा। यानी उद्यान प्रबंधन ने निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया। जानकार कहते हैं, संभव है कि कम समय मिलने के कारण मिष्टी खुद को नये वातावरण में नहीं ढाल पायी होगी। इससे पैदा हुए तनाव में रहने की वजह से उसको समस्या उत्पन्न हुई होगी। दूसरा सवाल जिराफ को रखने के लिए उद्यान में पहले से बने बाड़े पर लगभग 60 लाख रुपये खर्च कर उसे बेहतर बनाने का दावा किया गया। यह स्पष्ट नहीं हुआ कि इतनी राशि खर्च कर बाड़े में कौन सी सुविधाएं बहाल की गयी थीं। अगर सुविधाएं बहाल की गयीं थीं, तो मिष्टी को चोट कैसे लग गयी? तीसरा सवाल चोट लगने के बाद संक्रण नहीं फैले, इसके लिए क्या उचित व्यवस्था की गयी थी?

कहानी बनाना हो तो बनाइए, लेकिन आरोप निराधार हैं: जब्बार सिंह

उद्यान की अव्यवस्था संबंधी आरोपों पर निदेशक जब्बार सिंह ने कहा कि जिराफ की मौत से उद्यान कर्मियों के बीच मातम है। यहां के वन्य प्राणियों के रख-रखाव और खान-पान की व्यवस्था में कोई गड़बड़ी नहीं है। जमशेदपुर और बोकारो के जैविक उद्यानों के मुकाबले यहां अच्छी व्यवस्था है। कहानी बनानी है तो बनाइये। हम आपको कहानी देते हैं। मुझ पर लगे सारे आरोप निराधार हैं।

गुवा में शहीदों को सीएम हेमंत आज देंगे श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को गुवा जायेंगे और शहीद स्थल पर गुवा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति तथा नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पश्चिमी सिंहभूम के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने को नोवामुंडी प्रखंड अवस्थित गुवा शहीद स्थल का निरीक्षण भी किया। उपायुक्त द्वारा गुवा शहीद स्थल, हेलीपैड, सभास्थल सहित अन्य स्थानों का भौतिक अवलोकन किया गया। उन्होंने द्वारा मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के तैयारी को लेकर टेंट की व्यवस्था आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, समुचित लाइट साउंड की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। सारी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

रातू में जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या

गोलीबारी में एक अन्य घायल
पुलिस मामले की कर रही जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी के रातू थाना क्षेत्र के झखराटांड़ इलाके में रविवार की देर शाम एक जमीन कारोबारी की हत्या गोली मारकर कर दी गयी। अपराधियों की गोली से वहां मौजूद बलमा नाम का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति की हत्या हुई है, वो जमीन कारोबार से जुड़ा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार शाम मृतक झखराटांड़ के बिरसा चौक के पास थे, तभी कुछ अपराधी वहां पहुंचे और उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में जमीन कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, हमले में घायल हुए बलमा को गोली मुंह में लगी और उनके जबड़े में फंस गयी। घायल बलमा को तुरंत पास के सीएचसी रातू अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत काफी नाजूक थी। सीएचसी के चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। पुलसि घटना स्थल पर ुहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

चाइबासा में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़

दस लाख का इनामी नक्सली अमित हांसदा ढेर

भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर था हांसदा

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाइबासा में रविवार की सुबह सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रेलापराल जंगल में हुई। इस मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन मारा गया है। अपटन पर झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस मुख्यालय ने नक्सली के मारे जाने की पुष्टि की है।

बोकारो का रहने वाला था नक्सली: प्राप्त जानकारी के अनुसार मारा गया नक्सली झारखंड के बोकारो जिले का रहने वाला था। चाइबासा पुलिस के अनुसार सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों ने अचानक पुलिस पर हमला कर दिया। नक्सलियों की गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों ओर से चली गोलीबारी के बीच जवानों का दबाव बढ़ता देख कई नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। इसके बाद सर्च अभियान में एक नक्सली का शव मिला।

सर्च अभियान में मिला शव: मुठभेड़ खत्म होने के बाद सुरक्षाबलों ने जंगल में सघन सर्च अभियान चलाया। सर्च के दौरान जवानों को एक नक्सली का शव मिला। जिसकी पहचान जोनल कमांडर अमित हांसदा के रूप में हुई। हांसदा के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये।

2026 तक नक्सलियों का हो जायेगा खात्मा

झारखंड पुलिस ने दावा किया है कि मार्च 2026 तक नक्सलियों का खात्मा हो जायेगा। झारखंड के अभियान आइजी डॉ माइकल राजएस ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ झारखंड में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राज्यभर में अभी तक 95 प्रतिशत नक्सली खत्म हो गये हैं। नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसके तहत हम 2026 तक नक्सलियों के साम्राज्य को खत्म करने में सफल होंगे।

चुनाव आयोग पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआइआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितंबर को बैठक होगी। सूत्रों के मुताबिक बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआइआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी।

भाजपा सांसदों की कार्यशाला में सबसे पीछे बैठे मोदी

पार्टी ने जीएसटी स्लैब में बदलाव पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भाजपा सांसदों की दो दिन की कार्यशाला का रविवार को पहला दिन था। यह कार्यशाला दिल्ली में संसद भवन परिसर में हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसमें शामिल हुए। वे हॉल में सबसे पीछे की पंक्ति में बैठे। गोरखपुर से सांसद रविकिशन और राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत ने मोदी की फोटो पर पोस्ट भी किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यशाला में भाजपा सांसदों ने जीएसटी स्लैब में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया गया। यह कार्यशाला दो दिन में चार सेशन में होगा। इसमें पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा और सांसदों की कार्यकुशलता बढ़ाने पर काम किया जाना है। साथ ही कार्यशाला का मकसद उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले 100 फीसदी वोटिंग के लिए सांसदों को सही ट्रेनिंग देना है। ट्रेनिंग सेशन में सांसदों को बैलट पेपर पर सही निशान लगाने, चुनाव अधिकारी की ओर से दिया गया पेन का इस्तेमाल करने और बैलट पेपर को सही तरीके से मोड़कर बॉक्स के अंदर डालने की जानकारी दी जायेगी, ताकि वोट अमान्य न हों। दरअसल, गुप्त मतदान में पार्टी व्हिप लागू नहीं होता है। ऐसे में एनडीए का फोकस क्रॉस वोटिंग रोकने और अवैध वोटों को कम करने पर है।

बताते चलें कि उपराष्ट्रपति का चुनाव जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा देने की वजह से हो रहा है। उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सिंतबर को हो रहा। इस दिन ही मतदान के बाद मतगणना होगी। एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इंडिया गठबंधन ने रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
Civil Engineering
Electrical and Electronic Eng.
Computer Science & Eng.
CSE (Artificial Intelligence)
CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
Civil Engineering
Mechanical Eng.
Electrical and Electronic Eng.
Computer Science & Eng.
Electrical Engineering
Faculty of Law
LL.B. B.A. LL.B. B.B.A. LL.B
Faculty of Management
Bachelor of Business Administration (BBA)
Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
Bachelor of Computer Application (BCA)
Master of Computer Application (MCA)
Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
B.A (Hindi) B.A (English) B.A (Sanskrit)
B.A (Economics) B.A (Psychology)
B.A (Sociology) M.A (Hindi) M.A (English)
M.A (Sanskrit) M.A (Economics)
M.A (Psychology) M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
Bachelor of Dental Surgery (BDS)
Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
M.D Homeopathy B.Sc Medical Pathology
B.Sc Medical Biochemistry B.Sc Medical Microbiology
M.Sc Medical Microbiology
M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
General Nursing and Midwifery (GNM)
Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
OT DMLT ECG X-RAY
Medical in Sanitary Inspector
Medical in Ophthalmic Assistant
Medical in Certificate in Dresser
Library Science
B.Lib.I.Sc. M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
B.Sc. (Mathematics) B.Sc. (Chemistry) B.Sc. (Physics)
B.Sc. (Botany) B.Sc. (MLT) B.Sc. (Zoology)
B.Sc. (Pathology) B.Sc. (Biochemisty) B.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Mathematics) M.Sc. (Chemistry) M.Sc. (Physics)
M.Sc. (Botany) M.Sc. (Zoology) M.Sc. (Physiology)
M.Sc. (Biochemisty) M.Sc. (MLT) M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
B.Com M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 08 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
02

वर्षों से श्मशान घाट पर रखे दो दर्जन से भी ज्यादा अस्थि कलश, सुध लेनेवाला कोई नहीं

बलिराम पांडेय बताते हैं कि पुराण में वर्णित है कि अस्थि कलश को समय से पवित्र जल में विसर्जित कर देना चाहिए

दीपक कुमार

बोकारो (आजाद सिपाही)। कहा जाता है कि यह संसार मोह माया है, जहां लोग सदियों तक न केवल अपने पूर्वजों की यादों संजोए रखते हैं। बल्कि उनके प्रति सम्मान का भाव भी रखते हैं। एक अर्थ में यही सांसारिक जीवन की खूबसूरती भी है। साथ ही, भारतीय संस्कृति की पहचान भी। किंतु, वर्तमान दौर में समाज का एक तबका इन परंपराओं से दूर होता जा रहा है। आमतौर पर लोग अपने परिजन की मृत्यु के बाद अग्नि संस्कार के उपरांत उनकी अस्थियों को मिट्टी के कलश में बांध कर श्मशान घाट में रखवा कर तीन दिन बाद उन अस्थि कलश को किसी पवित्र नदी में प्रवाहित कर उनकी मोक्ष की प्रार्थना करते है, लेकिन अब हम आपको एक ऐसी सच्चाई से रूबरू करा रहे हैं, जो चास स्थित श्मशान घाट में देखने को मिली। यहां रखे दर्जनों अस्थि कलश वर्षों से मोक्ष की बाट जोह रहे हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई भी नहीं।

समाज में ऐसे लोग भी है, जो अपने परिजन की अंतिम संस्कार करने के बाद श्मशान घाट में अस्थि कलश तो रखवा दी, परंतु वर्षों बाद भी उसे लेने कोई परिजन नहीं आये। उनके पूर्वजों की अस्थियां आज भी वहीं पड़ी हुई है। हालांकि इन अस्थि कलशों पर परिजनों के नाम-पते भी लिखे हुए हैं।

गरगा घाट श्मशान घाट की देखरेख करने वाले व्यवस्थापक लखन महता बताते हैं कि वर्षों से यहां ये अस्थि कलश रखे हुए है,



जिसे कोई भी अब तक लेने नहीं आया। एक अस्थि कलश तो 22 वर्षों से यहीं पड़ा हुआ है। वहीं श्मशान घाट पर वर्षों से विधि विधान कराने वाले बलिराम पांडेय बताते हैं कि पुराण में वर्णित है कि अस्थि कलश को समय से पवित्र जल में विसर्जित कर देना चाहिए। बहरहाल वर्षों से यहां रखे अस्थि कलश को अपनों का इंतजार है। ऐसे में इन्हें मोक्ष मिलेगी तो आखिर कैसे। यह यक्ष प्रश्न है। पितृ मोक्ष की बात करें तो हिंदू (सनातन) धर्म की मान्यताओं के अनुसार पितृपक्ष का पखवारा अपने पितृ मोक्ष शांति के लिए पवित्र माना जाता है। लोग अपने पितरों को जल अर्पित कर उनकी मोक्ष मिलने की प्रार्थना करते है। गरुड़ पुराण के अनुसार भी ऐसा माना जाता है कि किसी के अंतिम संस्कार के बाद एक विशेष अनुष्ठान मृतक की आत्मा को पुनर्जन्म चक्र से मुक्त करने में सहायता करता है।

किसी भी शव के अंतिम संस्कार के बाद मृतक की अस्थियां एवं राख को एकत्रित कर पारंपरिक मिट्टी कलश में रख उन अवशेषों को किसी पवित्र नदी में प्रवाहित कर दिया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से मृत व्यक्ति की आत्मा को मोक्ष मिलती है और वे पुनर्जन्म चक्र से मुक्त हो जाते है। पितृपक्ष में ज्ञात अज्ञात सभी पूर्वजों का तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान जैसे कर्मकांड किये जाते हैं, परंतु घाट पर रखे ये कलश समाज के एक ऐसे सच को उजागर करते हैं, जो शर्मसार करनेवाला है। वस्तुतः जीते-जी जिनका सम्मान हुआ हो या नहीं, लेकिन मृत्यु के बाद उनकी ऐसी अनदेखी सचमुच चिंतनीय है।

हालांकि इस कर्मकांड का एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है। दरअसल हड्डियों में गंधक और पानी का मेल पारा और मर्करी सल्फाइड शॉट बनाता है, जो पानी को शुद्ध करने के साथ साथ जल की जीवाणु नाशक क्षमता को भी बढ़ाता है। शायद यही कारण है कि हमारे पूर्वजों ने ऐसी परंपरा को बढ़ावा दिया।

सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने को लेकर भाजपा महानगर की बैठक

नरेंद्र मोदी का जीवन देश को समर्पित है : गणेश मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अगामी 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाला भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के निमित्त रविवार को भाजपा, रांची महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष वरुण कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई।

कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश के मंत्री एवं मुख्य वक्ता गणेश मिश्रा, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष के के गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, महामंत्री द्वय बलराम सिंह एवं जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे एवं कार्यशाला को संबोधित किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को 75 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। पार्टी ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी-शास्त्री जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का जीवन देश को समर्पित है। पार्टी के कार्यकर्ता 8 प्रकार के सेवा कार्यक्रम एक पखवाड़ा तक चलायेंगे। रांची विधायक सीपी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा के माध्यम से जन-जन तक जाकर स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविर जैसे सेवा कार्य जनता के बीच जाकर करें।

विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि रचनात्मक कार्यक्रम से जनता में पार्टी की स्वीकार्यता बढ़ती है। भाजपा सिर्फ सत्ता के लिए नहीं, बल्कि जन सेवा के लिए कार्य करती है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के माध्यम से रांची के सभी 19 मंडलों के करीब 900 बूथों तक सेवा कार्य किया जायेगा। हर मंडल से 20 कार्यकर्ताओं की टोली बनायी गयी है। सेवा कार्य में पूरे राजधानी में 10 हजार कार्यकर्ता 15 दिनों तक लगाकर इस अभियान को सफल बनायेंगे।

कार्यशाला में प्रदेश के नेता सुबोध सिंह गुड्डू, रमेश सिंह, ऊषा पांडेय, संजय जयसवाल, अरुण झा, निशि जयसवाल, सुनील साहू, राजश्री जयंती, पंकज सिंहा, राजू सिंह, बसंत दास, अनीता वर्मा, संजीव चौधरी, विनय सिंह, विकास रवि, पूनम जयसवाल, विना मिश्रा, बालसाई महतो, सोनू सिंह, पायल सोनी, रमित नारायण सिंह, राकेश शर्मा, रवि मुंडा, ओमप्रकाश पांडेय, अशोक मिश्रा, इंद्रजीत यादव, विशाल साहू, पप्पू जयसवाल, राम मनोज साहू, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, पीयूष विजयवर्गीय, रामलगन राम, सुबेश पांडेय, रणधीर सिंह, सुभाष अग्रवाल, सुजीत शर्मा, नवीन सोनी, अशोक मिश्रा, विनोद महतो, ऋषभ गखड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहें।

केंद्रीय कार्यालय में आजसू रांची महानगर की बैठक

आजसू कार्यकर्ता अभी से ही नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जायें : सुदेश महतो

योजनाएं सिर्फ कागजों में, जमीन पर नतीजे शून्य

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रांची महानगर की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो उपस्थित रहे। बैठक में रांची महानगर क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने, जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने तथा आगामी रणनीति पर चर्चा की गयी। सुदेश महतो ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि संगठन विस्तार के साथ-साथ प्रत्येक वार्ड और गली तक पहुंचकर आम जन की आवाज को आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जायें।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार नगर निकाय चुनाव को लेकर गंभीर नहीं है। ओबीसी आरक्षण को समाप्त कर बड़ी आबादी को उनके अधिकार से वंचित किया गया है। इस विषय पर आजसू पार्टी ने पंचायत चुनाव के दौरान भी सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय के निर्देशानुसार ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया को सुनिश्चित कराया, लेकिन सरकार नगर निकायों में सही ढंग से प्रक्रिया पूरी करने की इच्छाशक्ति नहीं दिखा रही है।

विस्थापन के मुद्दे पर भी उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त की। सुदेश महतो ने कहा कि पिछले सौ वर्षों से खनन कार्य चल रहा है। आज तीसरी पीढ़ी अपने अधिकार की मांग कर रही है, लेकिन सरकार केवल कागजी आंकड़ों के सहारे आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। उन्होंने मांग की कि विस्थापन संबंधी विषयों पर विचार और समाधान के लिए एक स्वतंत्र आयोग का गठन किया जाये। वर्तमान आयोग आधिकारविहीन बनाया गया है।

कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के विषय पर भी चर्चा हुई। इस पर सुदेश महतो ने कहा कि यह केवल एक वर्ग की नहीं, बल्कि उन तमाम समुदायों की मांग है, जो लंबे समय से अपने अधिकार से वंचित हैं। बड़े समुदायों को अलग-थलग रख कर न्याय नहीं किया जा सकता। पार्टी का स्पष्ट मत है कि सभी वंचित समाजों को उनका हक मिलना चाहिए।

बैठक में घर वापसी कार्यक्रम के तहत हरित पार्टी के कोकर मंडल के पूर्व अध्यक्ष लाल महतो एवं उनकी टीम तथा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रांची विश्वविद्यालय विक्की वर्मा आजसू परिवार में शामिल हुए।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे : बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केंद्रीय महासचिव सरजीत मृधा, केंद्रीय सचिव कुमुद वर्मा, केंद्रीय सचिव नईम अंसारी, बुद्धिजीवी मंच के सदस्य सह मीडिया प्रभारी मनोज महतो, बुद्धिजीवी मंच के प्रधान महासचिव मुकुंद मेहता, केंद्रीय सचिव सह महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह, महिला महानगर अध्यक्ष सीम सिंह, केंद्रीय सदस्य प्रभा महतो, छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष मेरी तिर्की, युवा आजसू के प्रदेश संयोजक ज्योत्सना केरकेट्टा, सत्येंद्र सिंह, केंद्रीय सचिव विजेता वर्मा तथा केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान।

रांची महानगर के पदाधिकारियों में रांची महानगर अध्यक्ष सह केंद्रीय प्रवक्ता ज्ञान सिंहा, वरीय उपाध्यक्ष बंटी यादव, महासचिव रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष आशीष पाठक, वीरेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, प्रदीप जायसवाल, सचिव अनिल गुप्ता, जय श्रीवास्तव, अभिषेक राज नायक, निर्मल उरांव, महानगर संयोजक सुरेंद्र लिंडा, महादेव मुंडा, केंद्रीय सचिव हरीश कुमार, प्रदेश युवा संयोजक चेतन प्रकाश और अमित कुमार शामिल रहे।

सूर्या हांसदा हत्या मामले की सीबीआइ जांच हो : बाबूलाल

नगड़ी के रैयतों को जमीन वापसी को लेकर सभी प्रखंडों में प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। बाबूलाल ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की पुलिस द्वारा की गयी नृशंस हत्या और नगड़ी के आदिवासी रैयतों से रिम्स-2 के नाम पर राज्य सरकार द्वारा जमीन छीने जाने को भाजपा ने गंभीरता से लिया है। पार्टी ने पहले भी सदन से लेकर सड़क तक आवाज बुलंद की है, लेकिन राज्य सरकार अपनी जिद पर अड़ी है। इसलिए भाजपा फिर इस मुद्दे को लेकर जोरदार आंदोलन करने जा रही। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी द्वारा आगामी 11 सितंबर को दोनों मुद्दों को लेकर राज्य के सभी 216 प्रखंडों में प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम से प्रखंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम तय किया है।

बाबूलाल ने कहा कि सूर्या हांसदा मामले को राज्य पुलिस एनकाउंटर बता रही है, लेकिन उसकी बेरहमी से हत्या की गयी है। दूसरी ओर नगड़ी रांची में आदिवासी रैयतों की खेतिहर जमीन सरकार रिम्स 2 के नाम पर छीन रही है। बाबूलाल ने कहा कि अवैध खनन माफियाओं दलाल, बिचौलियों ने स्व. सूर्या हांसदा को रास्ते से हटाने के लिए सुनियोजित तरीका अपनाया। देवघर जिला के मोहनपुर ले जाकर उन्हें थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया। उनके शरीर पर पाये जानेवाले बड़े-बड़े धब्बे यह साबित कर रहे। और फिर जब उनकी मौत हो गयी, तो उन्हें गोली मारी गयी। उन्होंने कहा कि प्रेस तक को घटनास्थल से दूर रखा गया और पोस्टमार्टम के बाद शव को सौंपा गया। पुलिस द्वारा बताये गये तथाकथित एनकाउंटर स्थल पर खून के छींटे भी नहीं पाये गये, जिससे बिल्कुल साफ है कि उनकी हत्या की गयी है। बाबूलाल मरांडी ने घोषणा की कि दोनों मुद्दों पर आगामी 11 सितंबर को भाजपा के लाखों कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होंगे। अलग अलग प्रखंडों में प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

भाजपा समानांतर सरकार चलाने के भ्रम से बाहर निकल कर विकास में सहयोग करे : विनोद पांडेय

भाजपा सत्ता से बेदखली का मातम अब तक नहीं मना पायी : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाये गये आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सत्ता से बेदखल भाजपा को आज भी समानांतर सरकार चलाने का भ्रम हो गया है। हर मुद्दे पर भ्रम फैला कर जनता को गुमराह करना ही भाजपा का एजेंडा है। श्री पांडेय ने कहा कि सूर्या हांसदा प्रकरण में भाजपा जिस तरह से राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रही है, वह आदिवासी समाज का अपमान है। झामुमो के वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं विधायक हेमलाल मुर्मू पहले ही सूर्या के आपराधिक जीवन का पूरा विवरण सार्वजनिक कर चुके हैं। ऐसे व्यक्ति को सामाजिक कार्यकर्ता बता कर भाजपा जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि आखिर सूर्या पर दर्ज 24 से अधिक मुकदमों का सच क्या था। सच तो यह है कि प्रदेश की लोकप्रिय हेमंत सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र त्याग दे।

नगड़ी भूमि विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा जानबूझ कर आधे-अधूरे तथ्यों को पेश कर रही है। रैयतों की भावनाओं का सम्मान हेमंत सरकार ने किया है और विकास के साथ अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित कर रही है। जमीन अधिग्रहण का निर्णय पूर्ववर्ती सरकारों में लिया गया था, जिसे लेकर संघर्ष भी हुआ। हेमंत सरकार ने हमेशा संवाद की पहल की है, लेकिन भाजपा सस्ती राजनीति के लिए किसानों को भड़काने से बाज नहीं आ रही।

श्री पांडेय ने कहा कि यदि बाबूलाल मरांडी सचमुच आदिवासी समाज और गरीबों के हितैषी हैं, तो केंद्र की भाजपा सरकार से झारखंड के बकाया खनिज राजस्व, विशेष पैकेज और एमएसपी की गारंटी की मांग करें।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को चाहिए कि वे झूठ की राजनीति छोड़ कर जनता की भावनाओं के अनुरूप सकारात्मक सहयोग करें। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड को विकास की नयी ऊंचाइयों पर ले जाना हमारी प्राथमिकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	32.8 °C	23.4 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.01 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.33 बजे

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 08 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शपथ पत्र भर कर जनता को दिया नेत्रदान का संदेश

- मृत्युपरांत नेत्रदान करने वाले 30 परिवारों को वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया सम्मानित
- नेत्रदान जागरूकता के लिए ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन में युवाओं ने दौड़ लगायी
- लगातार 23 सालों से हो रहा रन फॉर विजन एवं 7 वर्षों से ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का आयोजन
- कश्यप मेमोरियल आई बैंक में अब तक करीब 1015 कॉर्निया ट्रांसप्लांट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का भव्य आयोजन आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में संत जेवियर्स कॉलेज परिसर, रांची में किया गया। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दौड़ को रंग-बिरंगे बैलूनों को आसमान में उड़ाते हुए रवाना किया। इस दौड़ में संत जेवियर्स कॉलेज एवं उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची, एनएसएस के सैकड़ों युवाओं एवं शहर के कई गणमान्य लोगों ने लिया भाग। ब्लाइंड फोल्डेड रन के बाद नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली गयी। इसमें वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर आइएमए रांची एवं झारखंड, झारखंड स्टेट सर्विस एसोसिएशन, एफजेसीसीआइ, सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची एवं उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब के अध्यक्ष अनुज सिन्हा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। पिछले 7 वर्षों से रन फॉर विजन का रन की थीम ब्लाइंड फोल्ड रखी जा रही है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना था।

रन फॉर विजन के विजेताओं को आई-डेक प्रेजिडेंट अनुज सिन्हा, रजिस्ट्रार संत जेवियर्स कॉलेज डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, डॉ प्रोफेसर अनिर्बन गुप्ता, आइएमए झारखंड के सचिव डॉ प्रदीप सिंह, आइएमए रांची के अध्यक्ष डॉ शेखर चौधरी, झारखण्ड स्टेट सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ बिमलेश सिंह, एफजेसीसीआइ रांची के अध्यक्ष परेश गट्टानी, पदमश्री मुकुंद नायक एवं कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ बीपी कश्यप द्वारा सम्मानित किया गया। नेत्रदान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आइएमए रांची एवं झारखंड, झारखंड स्टेट सर्विस एसोसिएशन, एफजेसीसीआइ, सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची एवं उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

डॉ भारती कश्यप, मेडिकल डायरेक्टर, कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने बताया की आज यहां कश्यप मेमोरियल आई बैंक और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हम लोग लगातार सातवीं बार ब्लाइंडफोल्डेड रन फॉर विजन का आयोजन कर रहे हैं। यह 23वां रन फॉर विजन है। यह अपने आप में यूनिक और अनूठा है। इसलिए भी राज्य के बड़े ट्राइबल लीडर्स जैसे शिबू सोरेन, अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने रन फॉर विजन में न केवल भाग लिया है, बल्कि शपथ पत्र भर के स्थानीय लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित भी किया है। अब तक हम लोगों ने 1015 नेत्र प्रत्यारोपण किये हैं और पिछले 5 वर्ष में अब तक कुल 490 नेत्र प्रत्यारोपण किये हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि झारखंड बिहार का नेत्र प्रत्यारोपण की शुरुआत का श्रेय हमें प्राप्त है और आज भी झारखंड का सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण हमारी संस्था द्वारा किया जाता है।

अंत में कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के डिप्टी डायरेक्टर डॉ बिभूति कश्यप ने धन्यवाद ज्ञापन किया और उन्होंने कर्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों, नेत्रदान करने वाले लोगों के परिजनों एवं कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद कहा।

इस अभियान से जुड़ कर नेत्रदान करनेवाले परिवारों को वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवालों में सत्यनारायण अग्रवाल, गोपाल राम अग्रवाल, पुखराज रामपुरिया, उषा परसरामपुरिया, नंदलाल राठौड़, मीरा बुधिया, गीता देवी, राधे श्याम केजरीवाल, शांति देवी मानसिंका, दिलीप कुमार बुधिया, आनंद राम भगत, रीता देवी, प्रेमा धनुका, गीताश्री मलिक, गीताश्री बजाज, सावित्री देवी टांटिया, उमा मेहरा, गौरी देवी राठौड़, कैलाश प्रसाद चौधरी, कमला देवी सुदीप कुमार कर्म, बाल मुकुंद गुप्ता, चनिया देवी, लक्ष्मी देवी परसुरामपरिया, जमुना देवी खेतान, बिमल जैन, योगेंद्र नारायण सिन्हा, इंदु अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल और मीरा प्रतापसिंह रायपत शामिल हैं।

ब्लाइंड फोल्ड रन फॉर विजन के 10 ग्रुप के विजेता बच्चे

ग्रुप	प्रथम विजेता	द्वितीय विजेता
ग्रुप 1	अंजलि कुमारी तनु कुमारी	सान्वी खलखो नेहा कुमारी
ग्रुप 2	अंजलि कुमारी शानवी सिंह	आकांशा जालक्सो साक्षी हांसदा
ग्रुप 3	मेरा मुर्मू दीपशिखा बोरा	अनोखी हांसदा मिसल खलखो
ग्रुप 4	सुप्रिया गारी सृष्टी कुमारी	अर्चना सोरेन निशि किस्पोट्टा
ग्रुप 5	निशा कच्छप चंचल कुमारी	अलका इंदवार नेहा साव
ग्रुप 6	सुंदरम कुमार अनुराग एक्का	प्रिंस साव रोहित कुमार
ग्रुप 7	संजीव कुमार ताशीन अकबर	विक्रम देव शाश्वत पाठक
ग्रुप 8	अरुण उरांव सौरभ राज	अमन कुमार शिवम
ग्रुप 9	आयुष प्रभाकर आर्यन राज	मयंक भारती करण यादव
ग्रुप 10	स्वर्णदीप प्रवीण एक्का	ध्रुव कुमार गुप्ता लक्ष्मीकांत महतो

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

वृष आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

मिथुन आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

कर्क आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

सिंह कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

कन्या काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

तुला कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

वृश्चिक चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

धनु समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

मकर नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

कुंभ रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

मीन किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

संडे ऑन साइकिल में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली/रांची। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत दिल्ली में आयोजित संडे ऑन साइकिल में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुआ। इसे ओलंपियन, पहलवान और पद्म श्री पुरस्कार विजेता साक्षी मलिक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय खेलकूद एवं युवा मामले के मंत्री मनसुख मंडाविया, राज्य मंत्री रक्षा खड़से, राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और सांसद नवीन जिंदल सहित कई सांसद एवं नागरिक मौजूद रहे।

देशभर में स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया और विकसित भारत

2047 के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण अभियान है। संडे ऑन साइकिल अब समाज के हर वर्ग का अभियान बन चुका है। अब तक इसमें समाज के विभिन्न वर्गों - शिक्षकों, पत्रकारों, डॉक्टरों, सशस्त्र बलों के कर्मियों आदि की सक्रिय भागीदार देखने को मिली है। इस यात्रा को जारी रखते हुए आज आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी पर गर्व के संदेश के साथ आज जनप्रतिनिधि भी इसमें शामिल हुए। बहुत जल्द यह अभियान रांची में भी आरंभ किया जायेगा।

वाहेगुरु से बाढ़ग्रस्त पंजाब और आसपास के लोगों की सलामती के लिए अरदास की

रांची (आजाद सिपाही)। प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे पंजाब एवं आसपास के राज्यों के लोगों की सलामती के लिए रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में विशेष दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में रोजाना सजनेवाले सुबह के दीवान में सुबह 8.30 बजे से साध संगत द्वारा श्री जपुजी साहिब का सामूहिक पाठ पढ़ा गया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने वाहेगुरु से अरदास कर प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे पंजाब के लोगों की सलामती की अरदास की। सत्संग सभा के प्रधान अर्जुन देव मिढ़ा ने बाढ़ से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि पंजाब में बाढ़ से स्थिति भयावह हो गयी है। वाहेगुरु की मेहर से सब कुछ जल्दी ठीक होने की कामना है। दीवान में सुरेश मिढ़ा, मनीष मिढ़ा, हरगोविंद सिंह, मोहन काठपाल, हरीश मिढ़ा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राकेश गिरधर, शीतल मुंजाल, रेशमा गिरधर, इंदु पपनेजा, नीता मिढ़ा, ममता थरेजा, बिमला मिढ़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

टीम तुलसी पटेल ने गिरिडीह चैंबर के पदाधिकारियों से मिल कर मांगा समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल ने रविवार को गिरिडीह जिले को दौरा किया। टीम के सदस्यों ने गिरिडीह जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से मुलाकात कर सार्थक संवाद किया। अध्यक्ष पद के दावेदार तुलसी पटेल ने अपने समर्थन में वोट मांगते हुए राज्य के व्यापारियों और उद्योगपतियों के उद्योग का कैसे विकास हो, उस पर अपना विजन बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के व्यापारियों और उद्योगपतियों के सहयोग से उद्योग जगत का समग्र विकास संभव है। सरकार के साथ तालमेल बैठाकर काम करेंगे। संवाद करने से ही व्यवसायियों और उद्योगपतियों की समस्याओं

का निदान होगा। तुलसी पटले अपनी टीम का परिचय कराया और कहा कि टीम में अनुभवी और उर्जावान सदस्यों का संगम है। इसका लाभ आने वाले समय चैंबर को मिलेगा। बैठक में लगभग 100 मतदाता शामिल होकर समर्थन और सुझाव दिये। सभी लोगों ने समर्थन देने की बात कही।

बैठक के बाद गिरिडीह चैंबर के कोषाध्यक्ष विकास खेतान के पिता के निधन पर शोक जताया गया। मौके पर अशोक पांडे, निर्मल झुनझुनवाला, प्रदीप अग्रवाल, अशोक जैन, गुणवंत सिंह मोंगिया, प्रमोद कुमार, राजेंद्र भरतीया, राजेंद्र बगड़िया श्रवण केडिया, रालेश मोदी, मुकेश जलान, राजेश मोदी, अनूप तुलस्यान, संजय साव, प्रदीप जालान, अनिल टिबड़ेवाल, शंभू जैन, दिनेश खेतान, ध्रुप संथोलिया, अनूप तुलस्यान आदि मौजूद थे।

श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2025 को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता रांची की बैठक

बैठक में युवा दस्ता के संगठन का विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2025 को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता रांची की बैठक श्री दुर्गा मंदिर, लेक रोड, बड़ा तालाब के प्रांगण में हुई। इसमें युवा दस्ता के संस्थापक सह मुख्य संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, समाजसेवी उपेंद्र रजक, राज किशोर, गोपाल पारीक, कुमार रोशन साहू उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता पीयूष आनंद ने की एवं संचालन मंटू दुबे ने किया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन ज्योति शंकर साहू द्वारा दिया गया। बैठक में शामिल सभी नये सदस्यों का स्वागत पट्टा पहनकर किया गया एवं सेवा कार्य का संकल्प दिलाया गया।

बैठक में युवा दस्ता के संगठन का विस्तार किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक - संजय सेठ (राज्य रक्षा मंत्री सह सांसद रांची), प्रदीप वर्मा (राज्यसभा सांसद), संरक्षक - रामधन बर्मन , कुणाल अजमानी ,

प्रणय कुमार , रवि कुमार पिंकू , किशोर साहू , शंकर दुबे , रमेश सिंह , महेश चंद्रा , कुमार गणेश साहू, उपाध्यक्ष - करण नायक, मीडिया प्रभारी - नवनीत पांडेय।

युवा दस्ता ग्रामीण क्षेत्र : मुख्य संरक्षक मदन कुमार साहू, अध्यक्ष मनीष कुमार केसरी, कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक, महामंत्री ज्योति शंकर साहू, उपाध्यक्ष सिकंदर महतो, मंत्री अरविंद जैसवाल, सह मंत्री हेमंत साहू और कार्यसमिति सदस्य में डॉ विनोद सिंह, डीएन सिंह, अखिलेश मिश्रा, सुनील साहू, सत्रुधन साहू, सुमित कुमार प्रसाद शामिल हैं।

बैठक में जिला प्रशासन से सड़क के गड्ढों को भरने, खराब स्ट्रीट लाइट की ठीक करने, झूलते हुए बिजली के तार ठीक करने और सुचारू रूप से बिजली व्यवस्था ठीक करने की मांग की गयी।

बैठक में तय किया गया कि पिछले 35 वर्षों से राजधानी में पूजा को सौहार्दपूर्ण सफल बनाने वाला युवा दस्ता अपने 36वे वर्ष में और भी जोश एवं गंभीरता से अपनी भूमिका निभायेगा। इस वर्ष सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता एवं नौजवान मां भवानी के दर्शनार्थियों के सेवा एवं सुरक्षा में अपना योगदान देंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 सितंबर को युवा दस्ता के सक्रिय एवं युवा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा पूजा के दौरान जिला प्रशासन के साथ तालमेल कर शहर के सभी पूजा पंडालों की सुरक्षा एवं दर्शनार्थियों की सुरक्षा में हजारों सदस्य कार्य करेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता पिछले 35 वर्षों से रांची में अपना सेवा दे रहा है। इस वर्ष दस्ता के 36वें वर्ष भी अपनी सेवा देने के लिए तैयार है। श्री मिश्रा ने नये सदस्यों को युवा दस्ता के द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्यो से अवगत कराया।

उपेंद्र रजक ने कहा कि हमारे दस्ता के सदस्य रांची के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर उनकी समस्याओं को जानेंगे। मंटू दुबे ने कहा कि शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन से पूजा के दौरान पूर्ण शराबबंदी करने की मांग गयी है।

बैठक में प्रकाश चंद्र सिन्हा, कैलाश पारीक, शुभम जैसवाल, रवि कुमार पटवा, अभी कुमार पटवा, संदीप केसरी, विक्की कुमार , राजीव नाग, आयुष सिंह, हिमांशु राज, बिकाश चौधरी, सत्यम मिश्रा, युवराज महतो, अखिलेश कुमार मिश्रा, आदित्य कुमार अटल, निशु पासवान, संतोष कुमार सोनी सहित सैकड़ों पदाधिकारी, सदस्य, प्रभारी एवं क्षेत्रीय प्रभारी शमिल थे।

16 से 22 सितंबर तक एक्सपो उत्सव की धूम

मोराबादी में मेले का भूमि पूजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेसीआइ रांची का बहुप्रतीक्षित एक्सपो उत्सव 2025, 16 से 22 सितंबर तक मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा। झारखंड का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर और कंज्यूमर फेस्ट माने जाने वाले इस मेले की शुरुआत रविवार को भूमि पूजन के साथ हुई। पूजा-अर्चना के बाद अब अगले 8 दिनों में मोराबादी मैदान मेले के लिए पूरी तरह तैयार हो जायेगा।

इस बार एक्सपो उत्सव पूरे 7 दिनों तक चलेगा। दुर्गा पूजा और दिवाली से पहले यह मेला खरीदारी के लिए शानदार मौका लेकर आयेगा। कपड़े, गाड़ियां, मोटरसाइकिल, ई-स्कूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, रसोई उपकरण, घर सजावट का सामान, बच्चों के खिलौने और अन्य जरूरी चीजें यहां आसानी से मिलेंगी। मेले में आम लोगों के लिए प्रवेश सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक होगा। शनिवार को नाइट बाजार और रविवार को कुछ अतिरिक्त समय के लिए मेला खुला रहेगा। भूमि पूजन समारोह में एक्सपो उत्सव के मुख्य संचालक सिद्धार्थ जयसवाल, मंजूषा जयसवाल, अध्यक्ष प्रतीक जैन, विक्रम चौधरी, सौरभ शाह और नवीन गाड़ोदिया मौजूद थे।

नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत राजाबर पंचायत भवन में रविवार को राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान सतगावां, अभिव्यक्ति फाउंडेशन, सेसा पलामू के तत्वाधान में और रेस्पॉन्सिबल माइका इनिशिएटिव, एसलोर फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। आवश्यकता अनुसार 125 लोगों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किये गये। बैगना, मोचरामो फैटलहिया रेंगनिया, कुसहानिया राजाबर सहित आसपास के गांवों से लगभग 240 लोगों का शिविर में नेत्र परीक्षण किया गया। कई लोगों को मोतियाबिंद की पहचान हुई है। शिविर में चिकित्सको को जनप्रतिनिधियों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य मित्र ने स्वागत किया। शिविर का नेतृत्व संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य जोसेफिन एक्का ने किया। संस्थान के वरिष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी निर्भयकुल ने शिविर का महत्व बताते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, जहां जांच की सुविधा गांव में ही उपलब्ध करायी जा रही है। इससे ग्रामीणों को काफी राहत मिल रही है। शिविर की सफलता में जोसेफिन एक्का, सुरेश राय, नवल कुमार, शक्ति राय, सेसा पलामू के निदेशक डॉक्टर जसबीर बग्गा, ज्योति टोप्पो, अजय कुमार, कौशिक मल्लिक, नेत्र जांच सहायक विष्णु कुमार, जितेंद्र प्रसाद का विशेष योगदान रहा।

सीटू का राज्य सम्मेलन 9 को

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) का राज्य सम्मेलन मंगलवार 9 सितंबर को साहु धर्मशाला में होगा। सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा के लिए रविवार को निर्माण कामगार यूनियन की बैठक ब्लॉक परिसर में सीटू और यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई। सीटू के राज्य सचिव और निर्माण कामगार यूनियन के महासचिव संजय पासवान ने बताया कि सम्मेलन की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग एक सौ चूने हुए प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन कंस्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीडब्ल्यूएफआई) के राष्ट्रीय सचिव अरका राजपंडित करेंगे। जबकि सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देव मुख्य वक्ता होगें। 11 बजे झंडोत्तोलन शहीद बेदी पर माल्यार्पण के बाद सम्मेलन की विधिवत शुरुआत होगी। राज्य महासचिव के प्रतिवेदन पर चर्चा के बाद झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन की नई राज्य कमिटी और पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। बैठक में यूनियन के जिला सचिव नागेश्वर दास, शम्भु पासवान, रविन्द्र भारती, सहदेव दास, राजेन्द्र तुरी व अशोक दास मौजूद थे।

अब हर सोमवार सदर अस्पताल में नि:शुल्क न्यूरो परामर्श और ऑपरेशन की सुविधा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत – मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब प्रत्येक सोमवार को विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन से नि:शुल्क परामर्श और योजना के अंतर्गत मुफ़्त ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। जिन मरीजों को न्यूरो से संबंधित परामर्श चाहिए, वे पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक ओपीडी में डॉ डीएम प्रसाद (एम.सीएच. न्यूरोसर्जरी) से मिल सकते हैं। यहां मस्तिष्क, रीढ़ और नसों से संबंधित रोगों — जैसे सिर दर्द, चक्कर आना, हाथ कांपना, ब्रेन ट्यूमर, मिर्गी, उल्टी, लकवा, स्पाइनल इंजरी, सिर में पानी भरना (हाइड्रोसेफेलस), गर्दन, पीठ दर्द, सिर में चोट, मस्तिष्क में खून का थक्का, सिर का आकार बढ़ना, हाथ-पैर में झनझनाहट, स्पाइनल ट्यूमर और स्लीप डिस्क आदि का परामर्श और इलाज कराया जा सकता है।

पुलिस पब्लिक फूटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत बडकीटांड में पुलिस पब्लिक फूटबॉल टूर्नामेंट मैच आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, एसडीओ जोहान टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच सीआरपीएफ क्लब कोनहारा कला और पांतितीरी गोरहर टीम के बीच खेला गया जिसमें पांतितीरी की टीम ने कोनहारा कला को तीन गोल से पराजित किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमेश्ववर साव, उत्तिम महतो, राजकुमार गिरी, सुनिल कुमार पांडेय, कार्तिक करण देव, गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कौल, रीतलाल प्रसाद, राजकुमार मंडल, रामजी बेसरा, मनोज मुर्मू,अरुण कुमार, सहदेव मरांडी, समीम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

झुरझुरी में भक्ति जागरण का आयोजन

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम झुरझुरी में सार्वजनिक मां मनसा पूजा समिति द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए। वहीं समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की मां मनसा देवी से कामना की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्तिमय गीतों का आनंद लिया। मौके पर बिनोद कुमार प्रसाद, राजकुमार चौधरी, परमेश्वर प्रसाद, राम-लखन प्रसाद, राजेश प्रसाद, चन्द्रिका प्रसाद, सहदेव प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

झुमरीतिलैया में लगा गंदगी का अंबार

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। झुमरीतिलैया शहर में गंदगी का अंबार लगा है। जिला के एकमात्र शहर के दवाई गली के नाम से मशहूर (गौरी शंकर मोहल्ला) वार्ड नंबर 10 की थी स्थिति है। यहां शहर के किनारे गंदगी का अंबार देखने को मिलेगा। लोगों का आरोप है कि झुमरीतिलैया नगर परिषद प्रशासक मूकदर्शक बनकर केवल होल्डिंग टैक्स वसूलने में खुद को व्यस्त रखने का कार्य करती है। जनता को सेवा के नाम पर ठेंगा मिलता है।

पुलिस ने 12 शराब की भट्ठियों को तोड़ा

60 हजार किलोग्राम जावा महुआ और पांच हजार लीटर महुआ शराब को किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। एसपी अंजनी अंजन को सूचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर भण्डार में अवैध महुआ शराब निर्माण का कार्य हो रहा है। इसको लेकर एसपी ने स्थानीय पुलिस पदाधिकारी को छापामारी करने का आदेश दिया। उक्त निर्देश पर बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें पुनि बरही अंचल, थाना प्रभारी चौपारण, अन्य कर्मी और वन पदाधिकारी और कर्मी के साथ संयुक्त छापामारी किया गया। इस छापामारी में दो जेसीबी मशीन के साथ भगहर भंडार के जंगली क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों में बने अवैध शराब के भठ्ठियों को जेसीबी से नष्ट किया गया। इस छापामारी अभियान में भगहर भंडार और परसातरी के जंगली क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर बने करीब 12 शराब भट्ठी, 60 हजार किलोग्राम जावा महुआ और 5 हजार लीटर महुआ शराब को नष्ट किया गया। इस संबंध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध केश भी दर्ज किया गया। इस दौरान जावा महुआ और शराब के साथ ड्राम एल्युमिनियम का डेगचा, शराब बनाने का उपकरण को भी नष्ट किया गया। छापामारी दल में बरही अंचल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, पुअनि दिव्य प्रकाश, पुअनि सुनिल कुमार सिंह, सअनि बादल कुमार महतो, सअनि कैलाश चन्द्र महतो के अलावा चौपारण थाना के सशस्त्र बल और वन कर्मी शामिल थे।

कांडतरी वन प्रबंधन और संरक्षण समिति की हुई बैठक

जंगल बचाने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। कांडतरी वन प्रबंधन और संरक्षण समिति का मासिक बैठक बुढ़वा महादेव के पनसलवा परिसर में तुलेश्वर महतो के अध्यक्षता और कुलेश्वर कुमार के संचालन में किया गया। बैठक में सभी महिला और पुरुष सदस्य जंगल बचाने के संबंध में अपना अपना विचार व्यक्त किये। बैठक में सर्व सम्मति तीन निर्णय लिया गया जिसमें से गुफा से निकलने वाली डुमारो नदी में पिकनिक करने वालों के द्वारा हर दिन फोम का दोना पत्तल और कांच के बोतलों को तोड़कर पूरा नदी परिसर को गंदा कर देते हैं, इसे रोकने के लिए, पिकनिक करने वालों को पत्ता का दोना पत्तल का प्रयोग करने के लिए सुझाव दिया जायेगा और नहीं मानने पर ऐसे लोगों पर जरूरत पड़ने पर का कार्रवाई या जायेगा। वन समिति के सदस्यों द्वारा पांच पांच के ग्रुप में जंगल का भ्रमण प्रत्येक दिन किया जायेगा। बुढ़वा महादेव मंदिर में कोई भी कार्यक्रम हो, फोम के दोना पत्तल के स्थान पर पत्ता का दोना पत्तल का हीं प्रयोग हो, इस पर विशेष जोर दिया गया। क्योंकि कोई भी कार्यक्रम होता है बुढ़वा महादेव परिसर में, बुढ़वा महादेव के कमेटी के लोग दोना पत्तल के प्रयोग पर कभी ध्यान नहीं देते हैं। बुढ़वा महादेव परिसर में साफ-सफाई करने के बाद पहाड़ के किनारे प्लास्टिक के समान और फोम के दोना पत्तल को फेंक देते हैं और जब पतझड़ का समय आता है तो पत्ता के साथ में प्लास्टिक के सामान भी जलना शुरू हो जाता है जिसके कारण पेड़-पौधे के साथ-साथ पर्यावरण को काफी नुकसान होता है। इसलिए हम लोग कांडतरी वन समिति चाहते हैं कि बुढ़वा महादेव में शादी हो या भंडारा हो पत्ता से बने दोना पत्तल का हीं प्रयोग हो। बैठक में उपस्थित फोरेस्ट विभाग से कांडतरी वन क्षेत्र के वनरक्षी देवचंद महतो, कांडतरी अध्यक्ष तुलेश्वर महतो, कुलेश्वर कुमार, विनोद महतो, संजय महतो, रामविलास महतो, प्रभाकर कुमार निराला, उमेश कुमार राम, रविकांत कुमार, संगीता देवी, मंजू देवी, रीता देवी, संगीता देवी, गीता देवी, निराशो देवी, फुदवा देवी, बालमती देवी, बाली देवी, टीकनारायण महतो, बसंती देवी, सबिता देवी, उषा देवी, पिंकी कुमारी, गायत्री देवी, कविता देवी, सावित्री देवी, बासो देवी, सिंतु कुमारी, मंजू कुमारी, माला देवी, मघिया देवी, पुनम देवी, सीता देवी, सुनिता कुमारी, ननकी देवी, अनिता देवी, पालको देवी, मानको देवी, बुधनी देवी, सबिता देवी, झलवा देवी, अनिता देवी, सरीता देवी, लखन कुमार, किशोर कुमार, विकास राम, अरविंद कुमार भार्गव, आलोक नागमणि, प्रमिला कुमारी, झूना कुमारी, भोला महतो आदि उपस्थित थे।

मरकच्चो में जश्ने आमदे रसूल जलसे का आयोजन

मरकच्चो(आजाद सिपाही)। नवलशाही के बिंडोमोह मे शनिवार की रात जश्ने आमदे रसूल जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मुफ्ती अनवारूल कादरी तशरीफ लाए। उन्होंने समाज में फैल रही बुराइयों, नशाखोरी, बेरुखी और इस्लामी अखलाक से दूर होते माहौल पर गहरी चिंता जतायी। जलसे की शुरुआत तिलावते कुरआन और बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक नात व शायर पेश कर महफिल मे ऐसा शमा बांधा की लोग माशाअल्लाह की शदा बुलंद करने लगे जिसके बाद मशहूर शायर शोहरत कमाली, सान अली गयावी ने नाते पाक पेश की गयी। इसके पश्चात उलेमाओं और वक्ताओं ने अपने प्रेरणादायक तकरीरों से आज के दौरे हालात की चर्चा किया वहीं हाफिज उस्मान गनी, हाफिज अलीमुद्दीन ने नैतिकता, इंसानियत, आपसी मोहब्बत और इस्लामी उसूलों पर चलने की जरूरत को जोर देकर बताया। उन्होंने लोगों से निकाह आसान करते हुए समाज को दहेज मुक्त बनाने की अपील की। वहीं जलसे को संबोधित करते हुए मुफ्ती ने अपने संबोधन में कहा कि अपने माता-पिता की फरमाबरदारी करो। उनके साथ शादी से पहले और शादी के बाद भी अच्छे से पेश आओ। कोई पीर या आलीम की दुआ अल्लाह ताला सुने या ना सुने लेकिन मां-बाप की दुआ अल्लाह ताला जरूर सुनती है यह कौले मोहम्मद है।

सर्पदंश से बच्चे की स्थिति गंभीर

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना क्षेत्र के विंडोमोह स्थित बिरहोर टोला निवासी दीपक बिरहोर (12 वर्ष, पिता राजू बिरहोर) पिछले दिनों एक जहरीले सांप काट लेने से जिंदगी और मौत के जूझ रहा है। मिली जानकारी अनुसार पिछले सोमवार को दीपक बिरहोर को एक जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन आनन-फानन में सदर अस्पताल कोडरमा ले गये। जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। इलाज के बावजूद भी कोई सुधार नहीं होने के बाद परिजन उसे वापस घर ले आए। मरीज की हालत दिनों दिन और भी बदतर होती जा रही है। शरीर में सूजन होने के कारण परिजनों को किसी अनहोनी की चिंता सता रही है। बेहतर इलाज नहीं होने के कारण घर में ही रखकर सेवा कर रहे हैं। अगर समय रहते इस बिरहोर बच्चे की इलाज नहीं किया जाता है तो किसी भी समय मौत हो सकती है। वही पीड़ित बच्चे के परिजन जिला प्रशासन से बेहतर इलाज करने की अपील किया है।

हाथियों ने फसलों को किया तबाह

आजाद सिपाही संवाददाता

टाटीझरिया। टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों ने शनिवार रात मंडपा और धरमपुर में किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। करीब 25 हाथियों के झुंड ने किसानों के खेतों में घुसकर टमाटर, खीरा और धान की फसल को तहस-नहस कर दिया। किसानों ने हाल ही में अच्छी बारिश के बाद अपनी फसलें उगायी थीं, जो अब हरी-भरी लहलहा रही थीं। लेकिन जंगली हाथियों ने इन फसलों को कुचल कर रख दिया। हाथियों ने मंडपा में संजय प्रजापति, उमेश प्रजापति के करीब 3 एकड में लगे टमाटर, 3 एकड में खीरा की फसल, 6 एकड का पाईप और रहने के लिए बनाया गया एक झोपड़ी को नुकसान पहुंचाया है। धरमपुर के तालो प्रजापति के धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों को खदेडने के लिए वन विभाग की टीम पहुंची हुई थी। लेकिन हाथियों से होने वाले नुकसान से बचा नहीं जा सका। रविवार को हाथियों का झुंड पानिमाको-धरमपुर जंगल में जमे हुए हैं। क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों के बीच भय का माहौल है। शाम ढलने के बाद कहीं आना-जाना खतरा मोल लेना है। किसानों का कहना है कि हाथियों से दहशगर्दी का माहौल लगातार जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को गांव से दूर रखने के लिए ठोस कदम उठाए जायें। साथ ही, किसानों को उचित और समय पर मुआवजा दिया जाये ताकि उनकी आजीविका को राहत मिल सके।

सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अस्पताल प्रबंधन की बैठक संपन्न

मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी चिकित्सकों की माहवार रिपोर्ट और डाटा उपलब्ध कराया जाये। इसके साथ ही चिकित्सकों की रिपोर्टिंग समय का विवरण भी प्रस्तुत करने को कहा गया। सदर अस्पताल से रेफर किए जाने वाले मरीजों की सूची तैयार कर नियमित रूप से अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों का सत्यापन किया जायेगा। साथ ही इमरजेंसी में नाइट शिफ्ट के दौरान भी नियमित चिकित्सकों और कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। भुगतान से संबंधित सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का आदेश भी दिया गया।

उपायुक्त ने अस्पतालों में मरीजों की संख्या के अनुसार बेड की व्यवस्था को अद्यतन करने, टीवी मरीजों के लिए वार्ड और कमरे चिन्हित करने, नाइट शिफ्ट में साफ-सफाई की नियमित निगरानी रखने, तीनों पालियों में प्लंबर और इलेक्ट्रिशियन की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अस्पताल वार्डों में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु एक मानक फॉर्मेट में सूची तैयार की जायेगी। बच्चों के जन्म और जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी केंद्रों पर बेबी किट और डिलीवरी किट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसके अतिरिक्त, अस्पताल परिसर में पान मसाला, धूम्रपान जैसे प्रतिबंधित गतिविधियों पर रोक लगाते हुए उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के प्रभावी संचालन हेतु एक नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति करने और इमरजेंसी एरिया को विस्तारित करने के लिए आवश्यक कार्य करने के आदेश भी दिये गये। मरीजों से मिलने के लिए परिजनों के लिए समय निर्धारण, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु कर्मियों को प्रशिक्षण देने, सभी कर्मियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाने और उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया। एसएनसीयू में महिला चिकित्सक और प्रशिक्षित कर्मी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रत्येक सेक्शन में स्पष्ट रूप से ड्यूटी लगाने का निर्देश भी दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई चिकित्सक, कर्मी उपस्थित थे।

भाकपा माले जिला कमेटी की बैठक संपन्न

जयनगर (आजाद सिपाही)। जयनगर प्रखंड के रुपायडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम चंद्रा पिपराडीह में भाकपा माले कोडरमा जिला कमेटी कि बैठक जिला सचिव राजेंद्र मेहता की अध्यक्षता में देर शाम संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा जिला प्रभारी सीताराम सिंह उपस्थित थे। सरिया प्रखंड कमेटी के साथी कामरेड राम सिंह के आकस्मिक निधन पर दो मिनट मौन रखकर बैठक की प्रारंभ किया। पिछले कार्यक्रमों का समीक्षा रिपोर्ट पेश किया। बैठक में निर्णय लिया कि मरकच्चो प्रखंड कमेटी का सम्मेलन 16 सितंबर, जयनगर प्रखंड सम्मेलन 20 सितंबर, डोमचांच प्रखंड सम्मेलन 21 सितंबर, जिला सम्मेलन 12 अक्टूबर को करने का निर्णय लिया। मौके पर जिला प्रभारी सीताराम सिंह ने कहा कि आज देश में भाजपा की फासीवादी सरकार किसी भी कीमत पर राज्य सत्ता पर कब्जा बनाये रखने के लिए किसी भी हद तक षड्यंत्र कर रही है। देश और संविधान लोकतंत्र को बचाने के लिए देश के हरेक नागरिक का कर्तव्य है इसलिए इन षड्यंत्र के खिलाफ आम जनता की एकता बेहद जरूरी है। बैठक में जयनगर प्रखंड सचिव अशोक यादव, विनोद पांडेय, तुलसी कुमार राणा, मुन्ना यादव, मोहम्मद इब्राहिम, भागीरथ सिंह, चांद अख्तर, विजय पासवान, सलीम अंसारी, अफसाना खातून, अशोक यादव, कौलेशवर राणा, सुरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

एनएच-33 के नेशनल पार्क के पास कंटेनर पलटा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के इचाक थाना क्षेत्र स्थित एनएच-33 पर नेशनल पार्क के समीप रविवार को एक अनियंत्रित कंटेनर पलट गया। कंटेनर में लोड तार सड़क पर बिखर जाने से आवागमन प्रभावित हुआ। बताया गया कि तेज रफ्तार और घुमावदार मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कंटेनर तार लेकर बिहार के औरंगाबाद जा रहा था। गनीमत रही कि उस वक्त सड़क पर अन्य वाहन नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही इचाक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। देर शाम तक सड़क को पूरी तरह खाली कर यातायात बहाल करने का काम जारी रहा।

बादम आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आम सभा का आयोजन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बादम में जेएसएलपीएस आजीविका महिला संकुल स्तरीय सीएफ का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें बादम संकुल के सैकड़ो आजीविका महिला संगठन के महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया वासुदेव यादव,आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, आजसू केंद्रीय सदस्य राजा खान, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, पूर्व मुखिया भीखन महतो, दिनेश महतो शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से 1 अप्रैल 2024 से लेकर 31 मार्च 2025 का कार्ययोजना का विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ सीएफ का ऑडिट रिपोर्ट का सारा लेखा जोखा वार्षिक कार्य योजना का रिपोर्ट उपस्थित सभी दीदीयो के बीच जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी एवं जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि महिला आजीविका संगठन के आने के बाद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में काफी सुविधा हो रहा है और इसी का दिन है कि आज महिला अपना खुद का कुटीर उद्योग लगाकर स्वावलंबी बन रहे। वही आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,राजा खान,तपेश्वर कुमार तापस में संयुक्त रूप से कहा कि जेएसएलपीएल का बहुत ही सराहनीय योगदान है कि आज गांव घर के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाएं भी स्वालंबी बनाने की ओर बढ़ रही है साथ ही साथ अपने घर परिवार को भी चलाने का काम कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से जेएफएलपीएस से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश, सीसी रिंकू कुमार राणा, रमणिका देवी, संजू कुमारी, गीता देवी, सुनील कुमार, शांति देवी, कंचन देवी, पूजा रानी, रिंकी कुमारी, बिना कुमारी, संगीता कुमारी सहित दर्शनों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

वन महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। वन पर्यावरण जागरूकता भवन दूधमटिया में वन महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख संतोष मंडल ने किया। बैठक में वन परिसर की साफ-सफाई करने, पुरस्कार वितरण में विद्यालय के शिक्षकों की भूमिका न होने, वन विभाग से 6 अक्टूबर को ही पुरस्कार की सामग्री ले लेने, पर्यावरण मेले में झांकी, प्रदर्शनी और मंच पर अधिक से अधिक कार्यक्रम करवाने पर सहमति बनी। वन विभाग द्वारा जिला में आयोजित बैठक में योधी प्रसाद यादव, खेमलाल महतो, दिनेश खंडेलवाल, परमेश्वर प्रसाद यादव, मनीष चौधरी, शंभू सिंह, चोलो यादव को शामिल होने पर सहमति बनी। बैठक में 7 अक्टूबर को पर्यावरण महोत्सव के बाद वन विभाग द्वारा मेला स्थल की साफ-सफाई करवाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुरेंद्र प्रसाद सिंह, जगदीशचंद्र यादव, अमृत महतो, मूलचंद ठाकुर, बदरी महतो, कैलाशपति सिंह, राजू यादव, मुकेश कुमार साव, प्रमोद गुप्ता, सुनील साव, जगदीश यादव, चोलो प्रजापति, रवि राणा, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

करियांवा पंचायत में पति-पत्नी को एक साथ आवास योजना का लाभ दिया, मुखिया निलंबित

जयनगर (आजाद सिपाही)। जयनगर प्रखंड अंतर्गत करियांवा पंचायत में पति-पत्नी को एक साथ आवास योजना का लाभ दिये जाने के मामले में कार्रवाई के तहत मुखिया आरती देवी वित्तीय शक्ति को निरस्त करते हुए वहां के उप मुखिया ममता देवी को प्रभार दिया गया है साथ ही दोषी मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ की गयी है। वहीं आवास आवंटन में की गयी गड़बड़ी के मामले में वहां के पंचायत सचिव को भी निलंबित कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार इस तरह के कई पंचायत से भी गड़बड़ी किये जाने की शिकायत आ रही है। जिसकी जांच होने पर कई मुखिया और पंचायत सचिव जांच के घेरे में आने की संभावना है। हालांकि मुखिया आरती देवी पर विभागीय कार्रवाई होने के पश्चात उप मुखिया स्वयं मुखिया हो जातें हैं लेकिन उप मुखिया ममता देवी को अभी तक इस संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

रायफल और जिंदा गोली के साथ युवक गिरफ्तार

चतरा (आजाद सिपही)। पुलिस ने एके-47 रायफल का 393 जिंदा गोली के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली कि हंटरगंज थाना क्षेत्र के कोसमाही-लेंजवा पथ से होकर दो युवक जिंदा कारतूस बिक्री करने के लिए बिहार की ओर ले जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने कोसमाही- लेंजवा पथ पर जांच के दौरान मोटरसाइकिल बी028डव्लु व/4650 नंबर का होंडा शाइन मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रोक कर जांच पड़ताल किया । इस दौरान एके-47 का 393 जिंदा कारतूस, बरामद किया और उसके पास से एक विभो कंपनी का एक मोबाइल, और मोटरसाइकिल जप्त कर लिया। एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक बिहार के गया जिले के लुटुवा थाना क्षेत्र के कुठीलावा गांव निवासी महेंद्र पासवान का 16 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार है। दूसरे युवक को निरुद्ध छोड़ दिया गया। पुलिस की छापामारी टीम में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा पुलिस उपाध्यक्ष वसीम राजा के थाना प्रभारी प्रभात कुमार समेत अन्य पुलिस बल की जवान शामिल थे।

भाजपा सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने की तैयारी तेज, कार्यशाला में बनी रणनीति

चतरा (आजाद सिपही)। भाजपा का सेवा पखवाड़ा सफल बनाने की तैयारी तेज कर दी गयी है। रविवार को जिला कार्यालय में इसे लेकर कार्यशाला हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता और मंच संचालन मिथलेश गुप्ता ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यकर्ताओं को जनता से सीधे जोड़ने और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का अवसर है। वहीं, चतरा विधायक ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरण, प्रदर्शनी, वोकल फॉर लोकल अभियान और प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन से जुड़ी पुस्तक वितरण जैसी गतिविधियां होंगी। सिमरिया विधायक ने कहा कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती तथा 2 अक्तूबर को गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वदेशी और खादी अपनाने का संकल्प लिया जाएगा। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री शशांक राज, ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की। इसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग, कुश्ती, बैडमिंटन, बास्केटबॉल और खो-खो शामिल होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल दिसंबर में होगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंह, रजनीकांत सिन्हा, अशोक शर्मा, अक्षयवट पांडेय, सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया । कार्यक्रम में जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष बिन्देश्वरी यादव, सुजीत जायसवाल, कपिल पासवान, विद्यासागर आर्य, बासुदेव दांगी, चम्पा सबरी, बीरेंद्र सिंह मुन्ना, विनय पाण्डेय, मिडिया प्रभारी काली यादव, अमित सिंह, बब्लू सिंह, भवानी राय, राजेश पासवान, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनामिका देवी, नीरा देवी, पोषण भारती, सुनील चौरसिया, अमित साहू अभिषेक केसरी, युवा अध्यक्ष सुमन सौरव, खगेश्वर साहू, राजा मालाकार, दिनेश्वर भुइयां, सभी मंडल अध्यक्ष गण सहित काफी संख्या में नेता कार्यकर्त्ता सामिल हुए।

उज्ज्वला फाउंडेशन ने लईयो के सदस्यों संग की बैठक

कुजू (आजाद सिपही)। उज्ज्वला फाउंडेशन ने रविवार को आरा चार नंबर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में लईयो पंचायत के सदस्यों संग बैठक की। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन मनसरी देवी ने की। बैठक में फाउंडेशन सदस्यों ने बचत राशि संग्रह समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही, फाउंडेशन द्वारा निर्मित वस्त्र को बिक्री करने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं, फाउंडेशन की उपलब्धियों से प्रभावित होकर पंचायत के 10 नए सदस्यों ने सदस्यता ली। इस अवसर पर फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि हमारा संस्थान महिलाओं के उत्थान को लेकर सजग है। कहा कि आगामी माह में फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जायेगा। वहीं, लईयो पंचायत की महिलाओं को जल्द ही सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ कराने की बात कही। बैठक में वीणा कुमारी, शांति देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुलेखा देवी, सरिता देवी, सीमा देवी, रीना देवी, रिंकी कुमारी, झानो देवी, सुनिता देवी, सोनी कुमारी, अनिता देवी, कंचन कुमारी, सावित्री देवी, जागो देवी शामिल रहे।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर साक्षरता आंदोलन से जुड़ने की हुई अपील

भुरकुंडा (आजाद सिपही)। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर सम्पूर्ण शिक्षा जागरण मंच के सचिव रामेश्वर गोप ने आम जनता से शिक्षा के महत्व को समझने और साक्षरता आंदोलन से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज का कोई भी वर्ग तब तक पूर्ण रूप से सशक्त नहीं हो सकता, जब तक उसमें शिक्षा का प्रकाश नहीं पहुंचे। शिक्षा ही सच्चे विकास और प्रगति की नींव है। रामेश्वर गोप ने लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति कम से कम पांच अशिक्षित लोगों को साक्षर बनाने का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक इस अभियान से जुड़ जाये तो बहुत जल्द हमारा क्षेत्र, राज्य और देश पूर्ण साक्षरता की ओर अग्रसर हो जायेगा। उन्होंने कहा कि पैसा और संपत्ति समय के साथ खत्म हो सकते हैं, लेकिन शिक्षा व्यक्ति और समाज के साथ हमेशा रहती है। इसलिए भले ही हमें एक समय का भोजन कम करना पड़े, लेकिन बच्चों की शिक्षा से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। सचिव ने कहा कि आज की दुनिया में ज्ञान और शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा ही गरीबी, बेरोजगारी, असमानता और सामाजिक बुराइयों को दूर करने का सबसे सशक्त साधन है। यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी खुशहाल और आत्मनिर्भर बने, तो शिक्षा को प्राथमिकता देनी ही होगी। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि शिक्षा को जन आंदोलन का रूप दें और हर घर, हर गली और हर मोहल्ले में साक्षरता का दीप जलाएं।

करंट लगने से एक की मौत

गोला (आजाद सिपही)। थाना क्षेत्र के खरैया टांड में बिजली करंट की चपेट में आने से राघव महतो की मौत हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राघव अपने खेत में पानी पटवान का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गये। इसके कारण उनकी मौत घटना स्तर पर ही हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पूरा गांव में शोक की लहर है।

रामगढ़ में जेसी ज्वेलर्स दुकान में सरेआम लूट, एक देसी कट्टा छोड़ भागे अपराधी

चार-पांच अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

लाखों रुपये कैश, जेवर और मोबाइल लूट भागे अपराधी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ शहर में डकैतों ने एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। रविवार की शाम हथियार के दम पर अपराधियों ने शहर के सतकौड़ी नगर में एक घर में संचालित हो रहे जेसी ज्वेलर्स नामक दुकान से लाखों रुपये नगद और जेवर लूटकर भाग गये हैं। आधा दर्जन नकाबपोश अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। घर वालों को दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने दो राउंड गोली भी चलाई है। हालांकि किसी भी व्यक्ति को गोली नहीं लगी है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे और कई पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने वहां दुकान के मालिक आशीष कुमार को घायल अवस्था में देखा और इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल से एक देसी कट्टा भी मिला है, जो अपराधी छोड़कर भाग गये।

थाना से महज 500 मीटर दूर घटी घटना : सतकौड़ी नगर रामगढ़ थाना से महज 500 मीटर दूर है अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम देकर सीधे पुलिस को चुनौती दी है रामगढ़ थाना प्रभारी के रूप में नए पदाधिकारी ने कमान संभाली है अपराधियों ने शाम में इस घटना को अंजाम देकर एक बार फिर अपने बड़े मनोबल का परिचय दिया है।

गोली की आवाज सुनकर दुकान में पहुंचे मां-बाप: जेसी ज्वेलर्स दुकान आशीष कुमार द्वारा अपने घर में ही संचालित किया जा रहा था। वह वहां से होलसेल का काम करते थे। रविवार की शाम जब अपराधियों ने उनके दुकान पर हमला किया, तब दुकान में सिर्फ आशीष और उनका स्टाफ विनय कुमार वहां मौजूद थे। जब अपराधियों ने उन्हें घायल किया और गोली चलाई तो उसकी आवाज सुनकर आशीष के पिता जगदीश शाह और उनकी मां चिंता देवी वहां पहुंचे। लूट की घटना को अंजाम देकर अपराधी हथियार लहराते हुए वहां से फरार हो गए।

बाइक से फरार हुए अपराधी, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी : लूट की घटना को अंजाम देने के बाद नकाबपोश सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। रामगढ़ पुलिस अपराधियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस उस बाइक को भी तलाश रही है, जो लूट की इस वारदात में इस्तेमाल हुआ है।

अपराधियों से भिड़े दुकान मालिक, हुए घायल

घायल आशीष कुमार ने बताया कि नकाबपोश आधा दर्जन अपराधियों ने उनके घर में संचालित हो रहे जेसी ज्वेलर्स नामक दुकान पर हमला किया। कई लोगों के हाथों में हथियार थे और उन लोगों ने वहां लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान दुकान के मालिक के साथ अपराधियों ने हाथापाई की। अपराधियों ने पिस्तौल के बट से वार कर उन्हें घायल कर दिया। उनके दुकान से लाखों रुपए के जेवरात और नगद लूट लिए गये हैं, जिसका मिलान किया जा रहा है।

नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन

अगर नौकरी नहीं मिली तो अपनी जमीन पर करेंगे खेती

आजाद सिपाही संवाददाता

उरीमारी। सौंदा बस्ती सरैया टोला के रैयत ग्रामीणों ने नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर रविवार को बरका सयाल क्षेत्र के सीसीएल की सयाल डी परियोजना की खुली खदान पर अनिश्चितकालीन कार्य बंदी कर दी है। इस आंदोलन का नेतृत्व विनोद साव कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उन्हें नौकरी और उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, वे अपनी जमीन पर खनन कार्य नहीं होने देंगे। रैयत ग्रामीणों ने खदान क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन कर परियोजना का सारा कार्य ठप करा दिया। उनका आरोप है कि सीसीएल द्वारा अधिग्रहीत 30 एकड़ रैयती और 60 एकड़ गैरमजरुआ जमीन (खाता संख्या 73 और 38) से संबंधित मामला राजस्व विभाग, रांची मुख्यालय में वर्षों से लंबित पड़ा है। इसके निपटारे के बिना खनन कार्य जारी रखना अन्याय है। रैयत ग्रामीणों ने बताया कि खाता संख्या (73 और 38) में तीन लोगों को पूर्व में नौकरी दी गयी थी, और नौ लोगों को उसी खाता से नौकरी व मुआवजा नही दी जा रही है जो सरासर गलत है। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक हम रैयतों को प्रबंधन से न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और खदान में कोई भी कार्य नहीं होने दिया जायेगा। प्रदर्शन में शामिल रैयत विनोद साव, दशरथ साव, रामप्रवेश साव, पवन साव, धनेश साव, रामसेतु प्रसाद, अशोक साव, बैजनाथ साव, विजय प्रसाद, योगेन्द्र साव, विनय प्रसाद, सूरज साव, रोहित प्रसाद, बिट्टू साव, संजय साव, संतोष साव, विकास साव, विजय साव, चतुर्भुज प्रसाद और नंदलाल साव सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

जिला राजद महिला प्रकोष्ठ ने 'संवाद समारोह' का किया आयोजन

पूर्व मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता आज चतरा स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय जनता दल चतरा महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित संवाद समारोह का बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी द्वारा की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री भोगता ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है। वे अपने हक के लिए आवाज उठा पाती है। इससे वे आत्मनिर्भर बनती है। आज महिलाएं सशक्त हो रही है। देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। हम सब को मिलकर पार्टी को मजबूत बनाना है लालू यादव के सिद्धान्तों को जन जन तक पहुंचाना है और राष्ट्रीय जनता दल का झंडा बुलंद करना है। रश्मि प्रकाश ने सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी महिलाओं को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि यह मंच महिलाओं की आवाज को बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। जब महिलाएं खुलकर अपने मुद्दों पर बात करती हैं तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वो सशक्त बनती है। इस मंच के माध्यम से हमें चतरा जिले समेत पूरे प्रदेश में महिलाओं को पार्टी में जोड़ना और सशक्त बनाना है। महिला संवाद केवल बातचीत नहीं बल्कि परिवर्तन का रास्ता है। लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के विचारधारा को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। महिलाओं के हक की आवाज को बुलंद करना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, वरिष्ठ नेता अतीक मंसूरी, वरिष्ठ नेत्री सरोज गंझू, गिद्धौर प्रखंड प्रमुख अनिता यादव, नगर अध्यक्ष पप्पू यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मोब्बिसर आलम, सविता पांडेय, अजीजी रौशन आरा, पूर्व मुखिया सुनीता देवी, पूर्व मुखिया सारो देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

केटीएम शोरूम में ड्यूक 160 की नयी मॉडल को सांसद प्रतिनिधि ने किया लांच

बाइक प्रेमी ड्यूक 160 ट्राई करें, बहुत ही शानदार है: राजीव

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के टायर मोड़ स्थित केटीएम शोरूम रामगढ़ में 160 की भव्य लॉन्चिंग किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, शोरूम के संचालक वत्सल पोद्दार सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से केटीएम कंपनी की बहूप्रतिशत ड्यूक 160 का लॉन्च किया। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि बाइक प्रेमी अगर न्यू बाइक लेना चाहते हैं तो वे ड्यूक 160 ट्राई कर सकते हैं, क्योंकि बहुत ही शानदार है। वही, श्री पोद्दार में बताया कि ड्यूक 160 को अपने श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और विश्वस्तरीय विशेषताओं के साथ एक आकर्षक मूल्य 1 लाख 83590 एक्स शोरूम पर पेश किया गया है। लॉन्च के साथ ही बाइक को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और स्टॉक तेजी से बुक हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि रामगढ़ में ड्यूक 160 लॉन्च करने की बहुत खुशी है। ग्राहकों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक है। अब वे प्रीमियम बाइक का रोमांच कम कीमत में अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस महीने केटीएम शोरूम में विशेष ऑफर चल रही है। 0 प्रतिशत डाउन पेमेंट की सुविधा, पुरानी बाइक के बदले एक्सचेंज ऑफर, हर खरीद पर सुनिश्चित उपहार, आकर्षक फाइनेंस विकल्प, निःशुल्क सर्विस पैकेज दी जा रही है। इस अवसर पर शोरूम के मैनेजर अभिजीत सिन्हा आदि उपस्थित थे।

पुतला बनाकर करना पड़ा बेटे का अंतिम संस्कार

मृतक का कोई पहचान पत्र नहीं मिलने के कारण पुलिस ने लावारिस मानकर कर दिया था अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज/चतरा। जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के कटैया गांव से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आयी है। जहां एक पिता को अपने ही बेटे का अंतिम संस्कार पुतला बनाकर करना पड़ा। इस अंतिम यात्रा में पूरा गांव एकत्रित हुआ। परिजनों के चीख चीत्कार से पूरा गांव का माहौल गमगीन रहा। बताया जाता है कटैया गांव निवासी मृतक 30 वर्षीय रवि गुप्ता अपने घर से ससुराल पटना ट्रेन से जा रहा था इसी दौरान चलती ट्रेन के गेट के पास से वह बिहार के मसौढ़ी में गिर गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इधर मसौढी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे शव रखा। लेकिन मृतक की कोई भी पहचान पत्र नहीं मिलने के कारण पुलिस ने लावारिस समझकर शव का दाह संस्कार कर दिया। परिजन तीन दिनों से युवक की काफी खोजबीन कर रहे थे। लेकिन कही कुछ पता नहीं चल पा रहा था। युवक की मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। परिजनों को अनहोनी की चिंता सता रही थी। मृतक के भाई संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार देर रात ससुराल वालों ने जानकारी दी कि आपके भाई का ट्रेन से गिरने से मौत हो गयी। जिसके बाद मसौढ़ी थाना पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार कर दिया है। जब ससुराल वालों ने मृतक युवक का वॉट्सएप पर फोटो भेजा तो परिजनों में कोहराम मच गया। उसके बाद परिजनों ने रविवार शाम को पुतला बनाकर स्थानीय घाट में अंतिम संस्कार किया गया। जिससे पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतक युवक घर के एक कमाऊ सदस्य था। युवक के दो छोटे छोटे बच्चें हैं। जिसके सिर पर से पिता का साया उठ चुका है। वहीं पत्नी बार बार अचेत होकर गिर रही है। परिजनों के चीख चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन है।

मांडू विधायक ने पेवर ब्लॉक पथ का किया शिलान्यास

कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक तिवारी महतो ने रविवार को बंद पड़े उप स्वास्थ्य केंद्र, सेवटा (वार्ड नं 8) के समीप चार पेवर ब्लॉक पथ का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने शिलापट का अनावरण कर विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक तिवारी महतो ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेहिचक हमसे संपर्क करें। आपकी समस्याओं का समाधान हेतु प्रयासरत रहूंगा। उन्होंने कहा कि मांडू विस क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य जारी है। नगर परिषद विभाग द्वारा सेवटा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 8 में जगेश्वर साव के घर से करमा पीच रोड तक, मेघनाथ महतो के घर से विद्यासागर के घर तक, दिलीप सिंह के घर से गुड्डू सिंह के घर तक और प्रसाद जी के घर से दिनेश्वर प्रसाद के घर तक पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण किया जाना है। इससे पूर्व, विधायक प्रतिनिधि नरेश प्रसाद साहू की अगुवाई में विधायक का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 8 के निवर्तमान पार्षद कौशल्या देवी, वार्ड नंबर छह के निवर्तमान पार्षद चिंतामण महतो उर्फ चित्तू महतो, अशोक प्रसाद, विद्या सागर, दिलीप सिंह, गुड्डू सिंह, रमेश प्रसाद, महेश प्रसाद, ओम प्रकाश साहू, शिवनंदन साव, अजय कुमार, लखन प्रसाद, अंकुश प्रसाद, संवेदक सौरभ कुमार, राजन कुमार, राजेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे। पथ शिलान्यास के बाद सेवटा के ग्रामीणों ने विधायक तिवारी महतो को एक दशक से निर्माण कार्य के बाद से बंद पड़े उप स्वास्थ्य केंद्र के मामले से अवगत कराया। साथ ही, केंद्र को अविलंब चालू कराने की मांग की। उन्होंने त्वरित मामले को संज्ञान में लेते हुए सीएस, रामगढ़ से बात कर जल्द से जल्द चालू करने का अनुरोध किया। वहीं, उप स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर स्थिति का अवलोकन कर चिन्ता व्यक्त की।

श्री गुरुनानक नर्सरी स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री गुरु नानक नर्सिंग स्कूल में लायंस क्लब के द्वारा शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधन ने लायंस क्लब के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। इस दौरान एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के द्वारा ग्रुप डांस किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी शिक्षक और कर्मचारियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। वहीं, स्कूल प्रबंधन के द्वारा भी लायंस क्लब के सभी सदस्यों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष ने बच्चों के लिए मार्गदर्शन बताया और सभी का आभार जताया।

विस्थापित प्रभावित रैयतों की हुई बैठक

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सराढू पंचायत के देवलगढ़ा में विस्थापित प्रभावित रैयतों की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मगध संघमित्रा क्षेत्र के ग्रामीण रैयत शामिल हुऐ। बैठक की अध्यक्षता सुरेन्द्र उरांव, संचालन धनेश्वर गंझू और जगरनाथ गंझू ने की। बैठक में मुख्य रूप से विस्थापन, पुनर्वाश, मुआवजा, नौकरी, आर्थिक सामाजिक सर्वे का मुद्दा पर चर्चा विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुखिया सीता देवी ने कहा कि सीसीएल की मगध कोल परियोजना में रैयतों से जीएम जेजे और वन पट्टा की जमीन पर रैयतों से जबरन शपथ पत्र लिए जाने का ग्रामीण रैयत तीखा विरोध करती है। वही रैयतों ने कहा कि सीसीएल बाजबरण शपथ पत्र ले रही है, जिससे रैयतों का हक अधिकार मारा जा रहा है, बताया कि शपथ पत्र में यह उल्लेखित है कि उक्त जमीन पर नौकरी के अलावे मुवाबजा नही लेंगें। बैठक में उप मुखिया राजेश साहू ने कहा कि सीसीएल रैयतों का हक अधिकार का हनन कर रही है, इस तरह के शपथ पत्र लेने का कोई कानून नही है बावजूद सीसीएल शपथ पत्र ले रही है, रैयतों ने बताया कि आगामी रविवार को वृहद बैठक की जायेगी जिसमें शपथ पत्र लिए जाने का विरोध किया जायेगा। इस मौके पर जिला परिषद सुबाष यादव, मुखिया राजेश साव, सीता देवी, भीम साव, हुलासी साव, धनेश्वर उरांव, बालेश्वर उरांव, मघवा उरांव, धनेश्वर मुंडा, विनोद टोप्पो, मनोज कुजूर, जीवलाल उरांव, शिवदेव उरांव समेत कई उपस्थित थे।

अमेरिका : भारत को मत गंवाओ

19 40 के दशक के उत्तरार्द्ध और 1950 के शुरुआती वर्षों में संयुक्त राज्य अमेरिका हू लॉस्ट चाइना बहस से घिरा हुआ था। अक्टूबर 1949 में चीन पर कम्युनिस्टों के कब्जे के बाद अमेरिकी विदेश नीति प्रतिष्ठान में एक राजनीतिक हड़कंप मच गया, जब माओ त्से तुंग के नेतृत्व में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की घोषणा हुई, जिससे कुओमिन्तांग राष्ट्रवादियों की हार हुई, जिनका नेतृत्व च्यांग काई-शेक कर रहे थे और जो ताइवान चले गये। कई दशकों तक यह एक नीति आपदा और शुरुआती शीत युद्ध में एक बड़ा झटका था, क्योंकि वाशिंगटन ने साम्यवाद को रोकने की कसम खाई थी। आज, 75 साल बाद, नयी दिल्ली खुद को चीन और रूस की गोद में पाती है और अमेरिका से दूर हो रही है। अमेरिकी 'हू लॉस्ट इंडिया' बहस में शामिल होने से पहले यह देखना चाहिए कि यह अभी टाला जा सकता है। दोनों देशों के बीच जो हो रहा है, वह अक्षम्य है अमेरिका-भारत संबंध जो विश्व के सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में से एक है, गलत दिशा में जा रहा है। फिर भी 7 दशकों में वाशिंगटन और नयी दिल्ली ने आपसी सम्मान और सांझा हितों की नींव पर संबंधों का निर्माण किया है। फिर भी, ट्रंप की दंडात्मक टैरिफ की लहर के भार तले और परिणामी कूटनीतिक तनाव के कारण यह नींव दरक रही है। भारत जो दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाये जाने वाले देशों में से है (औसतन लगभग 50 प्रतिशत, जबकि चीन का लगभग 20 प्रतिशत है) अमेरिका में अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपने सामान को बाजार में लाने में कठिनाई महसूस करता है। इसका अर्थ यह है कि भारतीय निर्यातक, विशेष कर मॉस्को और बीजिंग की ओर देख रहे हैं। गहरी अविश्वास और अमरीकी व्यापार नीति के बारे में कड़वाहट ने हाल ही में घोषित इंडो-यूएस संबंध को पिछले चौथाई सदी में परिभाषित किया है, लेकिन यह केवल व्यापारिक सांझेदारी नहीं है, अगर वाशिंगटन यही चाहता है। यह अमेरिका के लिए समय है कि वह भारत को रणनीतिक सांझेदार के रूप में स्वीकार करे न कि केवल एक व्यापारिक प्रतिस्पर्धी के रूप में। 26 अगस्त तक भारत का अमेरिका को निर्यात 46.4 बिलियन तक बढ़ गया था, जबकि अमेरिका से आयातित सामान $57 बिलियन तक था। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सांझेदार है। प्रमुख निर्यात में कपड़े, चमड़ा, समुद्री भोजन और इंजीनियरिंग वस्तुएं (जैसे हीरे और फार्मास्यूटिकल्स) शामिल हैं। इसके बदले भारत अमेरिका से तेल और लगातार बढ़ते हुए रक्षा उपकरण खरीदता है। वाशिंगटन की जलवायु परिवर्तन फंड्स में रूस की युद्ध संचालित बाधा ने केवल अमेरिका से भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए तेल खरीदने की बाध्यता को और बढ़ा दिया है। भारत अमेरिका से लगभग $67 बिलियन का सामान निर्यात करता है, लेकिन टैरिफ से बहुत बड़ी मात्रा में प्रभावित होता है, लेकिन ये टैरिफ केवल आर्थिक दंड नहीं हैं, ये राजनीतिक संकेत हैं।

भारत अमेरिका से लगभग $67 बिलियन का सामान निर्यात करता है, लेकिन टैरिफ से बहुत बड़ी मात्रा में प्रभावित होता है, लेकिन ये टैरिफ केवल आर्थिक दंड नहीं हैं, ये राजनीतिक संकेत हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

आज भारत रत्न डॉ भूपेन हजारिका की जन्म जयंती है। वे भारत की सबसे असाधारण और सबसे भावुक आवाजों में से एक थे। ये बहुत सुखद है कि इस वर्ष उनके जन्म शताब्दी वर्ष का आरंभ हो रहा है। यह भारतीय कला-जगत और जन-चेतना की दिशा में उनके महान योगदानों को फिर से याद करने का समय है। भूपेन दा ने हमें संगीत से कहीं अधिक दिया। उनके संगीत में ऐसी भावनाएं थीं जो धुन से भी आगे जाती थीं। वे केवल एक गायक नहीं थे, वे लोगों की धड़कन थे। कई पीढ़ियां उनके गीत सुनते हुए बड़ी हुईं। उनके गीतों में हमेशा करुणा, सामाजिक न्याय, एकता और गहरी आत्मीयता की गूंज है।

भूपेन दा... भारत के रत्न

नरेंद्र मोदी

भारतीय संस्कृति और संगीत से लगाव रखने वालों के लिए आज 8 सितंबर का दिन बहुत खास है। और विशेष कर इस दिन के साथ असम के मेरे भाइयों और बहनों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

आज भारत रत्न डॉ भूपेन हजारिका की जन्म जयंती है। वे भारत की सबसे असाधारण और सबसे भावुक आवाजों में से एक थे। ये बहुत सुखद है कि इस वर्ष उनके जन्म शताब्दी वर्ष का आरंभ हो रहा है। यह भारतीय कला-जगत और जन-चेतना की दिशा में उनके महान योगदानों को फिर से याद करने का समय है। भूपेन दा ने हमें संगीत से कहीं अधिक दिया। उनके संगीत में ऐसी भावनाएं थीं जो धुन से भी आगे जाती थीं। वे केवल एक गायक नहीं थे, वे लोगों की धड़कन थे। कई पीढ़ियां उनके गीत सुनते हुए बड़ी हुईं। उनके गीतों में हमेशा करुणा, सामाजिक न्याय, एकता और गहरी आत्मीयता की गूंज है।

भूपेन दा के रूप में असम से एक ऐसी आवाज निकली जो किसी कालजयी नदी की तरह बहती रही। भूपेन दा सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी आवाज आज भी हमारे बीच है। वो आवाज आज भी सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। उसमें मानवता का स्पर्श है।

भूपेन हजारिका का जीवन हमें करुणा की शक्ति का एहसास कराता है।

भूपेन दा ने दुनिया का भ्रमण किया, समाज के हर वर्ग के लोगों से मिले, लेकिन वे असम में अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहे। असम की समृद्ध मौखिक परंपराएं, लोकधुनें और सामुदायिक कहानी कहने के तरीकों ने उनके बचपन को गढ़ा। यही अनुभव उनकी कलात्मक भाषा की नींव बने। वे असम की आदिवासी पहचान और लोगों के सरोकार को हर समय साथ लेकर चले।

बहुत छोटी उम्र से उनकी प्रतिभा लोगों को नजर आने लगी। केवल पांच वर्ष की उम्र में उन्होंने सार्वजनिक मंच पर गाया। वहां लक्ष्मीनाथ बेझबरुआ जैसे असमिया साहित्य के अग्रदूत ने उनके कौशल को पहचाना। किशोरावस्था तक पहुंचते-पहुंचते उन्होंने अपना पहला गीत रिकॉर्ड कर लिया। लेकिन संगीत उनके व्यक्तित्व का सिर्फ एक पहलू था। भूपेन दा भीतर से एक बौद्धिक व्यक्तित्व थे। जिज्ञासु, साफ बोलने वाले, दुनिया को समझने की अटूट चाह रखने वाले। ज्योति प्रसाद अग्रवाला और विष्णु प्रसाद रभा जैसे सांस्कृतिक दिग्गजों ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला और उनकी जिज्ञासु प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया। सीखने की यही लगन उन्हें कॉटन कॉलेज, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय तक ले गयी। वो बीएचयू में राजनीति शास्त्र के छात्र थे, लेकिन उनका अधिकतर समय संगीत साधना में बीतता था। बनारस ने उन्हें पूरी तरह संगीत की तरफ मोड़ दिया। काशी का सांसद होने के नाते मैं उनकी जीवन यात्रा से एक जुड़ाव महसूस करता हूं और मुझे बहुत गर्व होता है। काशी से आगे बढ़ी जीवन यात्रा में फिर उन्होंने अमेरिका में कुछ समय बिताया। वहां उन्होंने अपने समय के नामचीन विद्वानों, विचारकों और संगीतकारों से संवाद किया। वे पॉल रोबसन से मिले, जो दिग्गज कलाकार और सिविल राइट्स नेता थे। रोबसन का गीत "Ol' Man River" उनके कालजयी गीत 'बिश्टीरनो परोरे' की प्रेरणा बना। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला एलेनॉर रूजवेल्ट ने भारतीय लोकसंगीत प्रस्तुतियों के लिए उन्हें गोल्ड मेडल भी दिया।

भूपेन हजारिका, संगीत के साथ ही मां भारती के भी सच्चे उपासक थे। भूपेन दा के पास अमेरिका में रहने का विकल्प था, लेकिन वे भारत लौट आये और संगीत साधना में डूब गये।

रेडियो से लेकर रंगमंच तक, फिल्मों से लेकर एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्री तक, हर माध्यम में वे पारंगत थे। जहां भी गये, नयी प्रतिभाओं को समर्थन दिया।

भूपेन दा की रचनाएं काव्यात्मक सौंदर्य से भरी रहीं, और साथ-साथ उन्होंने सामाजिक संदेश भी दिये। गरीबों को न्याय, ग्रामीण विकास, आम नागरिक की ताकत, ऐसे अनेक विषय उन्होंने उठाए। उनके गीतों ने नाविकों, चाय बागान के मजदूरों, महिलाओं, किसानों की आकांक्षाओं को आवाज दी। उनकी रचनाएं लोगों को पुरानी स्मृतियों में ले जाती थीं, साथ ही, उन्होंने आधुनिकता को देखने का एक सशक्त नजरिया भी दिया। बहुत से लोग, खास कर सामाजिक रूप से वंचित तबकों के लोग, उनके संगीत से शक्ति और आशा पाते रहे...और आज भी पा रहे हैं।

भूपेन दा की जीवन यात्रा में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का स्पष्ट प्रभाव दिखता है। उनकी रचनाओं ने भाषा और क्षेत्र की सीमाएं तोड़ कर एकजुट किया। उन्होंने असमिया, बांग्ला और हिन्दी फिल्मों के लिए संगीत रचा। उनकी आवाज में जो पीड़ा थी, वो बरबस हम सभी का ध्यान खींच लेती थी।

'दिल हूम हूम करे' में जो पीड़ा बहती है, वो सीधे दिल की गहराइयों को छू लेती है। और जब वे पूछते हैं, 'गंगा बहती है क्यूं', तो ऐसा लगता है मानो हर आत्मा को झकझोर कर जवाब मांग रहे हों। उन्होंने पूरे भारत के सामने असम को सुनाया, दिखाया, महसूस कराया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि आधुनिक असम की सांस्कृतिक पहचान को गढ़ने में उनका बड़ा योगदान रहा।

असम के भीतर और दुनिया भर के असमिया प्रवासियों, दोनों के लिए वो असम की आवाज बने।

भूपेन दा राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे, फिर भी जनसेवा की दुनिया से जुड़े रहे। 1967 में वे असम के नौबोइचा से निर्दलीय विधायक चुने गये। यह दिखाता है कि लोगों को उन पर कितना गहरा विश्वास था। उन्होंने राजनीति को अपना करियर नहीं बनाया, लेकिन हमेशा लोगों की सेवा में जुटे रहे।

भारत की जनता और भारत सरकार ने उनके योगदान का सम्मान किया। उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण, दादासाहेब फाल्के अवार्ड समेत कई सम्मान मिले। 2019 में हमारे कार्यकाल के दौरान उन्हें भारत रत्न मिला। यह मेरे लिए और एनडीए सरकार के लिए भी सम्मान की बात थी।

दुनिया भर में, खास कर असम और उत्तर-पूर्व के लोगों ने इस अवसर पर खुशी जताई। यह उन सिद्धांतों का सम्मान था, जिन्हें भूपेन दा दिल से मानते थे। वो कहते थे कि सच्चाई से निकला संगीत किसी एक दायरे में सिमट कर नहीं रहता। एक गीत लोगों के सपनों को पंख लगा सकता है और दुनिया भर के दिलों को छू सकता है।

मुझे 2011 का वह समय याद है, जब भूपेन दा का निधन हुआ। मैंने टीवी पर देखा, उनके अंतिम संस्कार में लाखों लोग पहुंचे। हर आंख नम थी।

जीवन की तरह, मृत्यु में भी उन्होंने लोगों को साथ ला दिया। इसलिए उन्हें जलुकबाड़ी की पहाड़ी पर ब्रह्मपुत्र की ओर देखते हुए अंतिम विदाई दी गयी, वही नदी जो उनके संगीत, उनके प्रतीकों और उनकी स्मृतियों की जीवनरेखा रही है। अब ये देखना बहुत सुखद है कि असम सरकार भूपेन हजारिका कल्चरल ट्रस्ट के कार्यों को बढ़ावा दे रही है। यह ट्रस्ट युवा पीढ़ी को भूपेन दा की जीवन यात्रा से जोड़ने में जुटा है।

भूपेन दा की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के लिए देश के सबसे बड़े पुल को भूपेन हजारिका सेतु नाम दिया गया। 2017 में जब मुझे इस सेतु के उद्घाटन का अवसर मिला, तो मैंने महसूस किया कि असम और अरुणाचल...इन दो राज्यों को जोड़ने वाले, उनके बीच की दूरी कम करने वाले इस सेतु के लिए भूपेन दा का नाम सबसे उपयुक्त है।

भूपेन हजारिका का जीवन हमें करुणा की शक्ति का एहसास कराता है। लोगों को सुनने और अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की सीख देता है। उनके गीत आज भी बच्चों और बुजुर्गों, दोनों की जुबान पर हैं। उनका संगीत हमें माननीय और साहसी बनना सिखाता है। वह हमें अपनी नदियों, अपने मजदूरों, अपने चाय बागान के कामगारों, अपनी नारी शक्ति और अपनी युवा शक्ति को याद रखने को कहता है। वह हमें विविधता में एकता पर भरोसा करने के लिए प्रेरित करता है।

भारत भूपेन हजारिका जैसे रत्न से धन्य है। जब हम उनके शताब्दी वर्ष का आरंभ कर रहे हैं, तो आइए यह संकल्प लें कि उनके संदेश को दूर-दूर तक पहुंचायेंगे। यह संकल्प हमें संगीत, कला और संस्कृति के लिए और काम करने की प्रेरणा दे, नयी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करे, भारत में सृजनात्मकता और कलात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा दे। मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

कोल्हान की खबरें

गालूडी में सोमेश चंद्र सोरेन ने की बैठक, संगठन मजबूती पर दिया जोर

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। घाटशिला विधानसभा में उपचुनाव को लेकर झामुमो ने तैयारी शुरू कर दी। रविवार को पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन के सुपुत्र सोमेश चंद्र सोरेन गालूडी पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री सोरेन ने कहा सभी समस्याओं को संज्ञान लिया गया है और इनके समाधान हेतु वे स्वयं सरकार तक बात पहुंचायेंगे। उन्होंने भावुक होते हुए कहा स्वर्गीय रामदास सोरेन आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन घाटशिला की जनता के लिए उनका सोच और सपना आज भी जीवित है। उनके सपनों का घाटशिला विधानसभा बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। सोमेश चंद्र सोरेन ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा किसी भी जनप्रतिनिधि की असली ताकत संगठन और उससे जुड़े कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही जनता तक सहयोग पहुंचता है। इसलिए सभी को एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करना चाहिए तथा आम जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय प्रतिनिधि,पंचायत स्तर के कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग सहित अन्य मौजूद रहे।

झारखंड गौरव सम्मान से नवाजे गये अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय सैल्यूट तिरंगा द्वारा रविवार को माइकल जान ऑडिटोरियम में आयोजित झारखंड गौरव सम्मान समारोह में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन सह वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल को झारखंड गौरव सम्मान एवं अधिवक्ता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पांडेय, जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, तथा सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेश झा सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। डॉ. यदुनाथ पांडेय ने कहा कि राजेश शुक्ल अधिवक्ताओं के लिए गौरव हैं। अधिवक्ता कल्याण योजनाओं और लोकहित में उनका योगदान बेमिसाल है। सम्मान ग्रहण करते हुए राजेश शुक्ल ने कहा यह सम्मान झारखंड के सभी अधिवक्ताओं को समर्पित है। उनका साथ ही मेरा सबसे बड़ा संबल है।

रामदास सोरेन की स्मृति में 'हर घर कॉपी हर हाथ कलम' अभियान की शुरुआत

झामुमो ने उठाया शिक्षा जागरूकता का संकल्प, कुणाल षाड़ंगी ने बच्चों के बीच बांटी कॉपी और कलम

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व रामदास सोरेन की स्मृति और उनके विचारों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से झामुमो युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत में हर घर कॉपी, हर हाथ कलम अभियान की शुरूआत की गयी। रविवार को बिरसानगर जोन नंबर 8 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह बहरगोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए।मौके पर उन्होंने बच्चों के बीच कॉपियां और कलम का वितरण कर अभियान की शुरूवात की। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी कहा ह्रस्व. रामदास सोरेन का सपना था झारखंड का कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। यह अभियान उनके सपनों को साकार करने की दिशा में झामुमो का एक प्रयास है। श्री षाड़ंगी ने कहा हमारा उद्देश्य है पूर्वी सिंहभूम जिले का कोई भी बच्चा कॉपी और कलम की कमी के कारण पढ़ाई से न छूटे। मौके पर उपस्तित सैकड़ो स्थानीय नागरिकों और बच्चों ने इस पहल का स्वागत किया। सभी ने इसे सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर झामुमो नेताओं ने संकल्प लिया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि शिक्षा हर घर तक पहुंच सके। इस अवसर पर झामुमो के पूर्व नगर अध्यक्ष दलगोविंद लोहरा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विष्णु प्रधान, रोहित लोहरा, आशीष मिश्रा, डी रवि, शुभम कुमार, अभय पांडे, मनीष चौहान, राकेश दास, सतनाम सिंह, रूपेश मुखी सहित सैकड़ों स्थानीय लोग और बच्चे उपस्थित रहे।

अवैध वसूली के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। आदित्यपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदपुर वार्ड संख्या 1 के ग्रामीणों ने रविवार को अवैध वसूली के खिलाफ आदित्यपुर थाना में लिखित शिकायत की। शिकायत के अनुसार कुछ युवक मंदिर निर्माण के नाम पर ग्रामीणों से जबरन 5000 की मांग कर रहे हैं। आरोपियों में प्रकाश चालक, सुखीगम चालक, मोहन सरदार और लकरबीचरण सरदार के नाम शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है रंगदारी देने से मना करने पर आरोपियों ने उन्हें मारपीट, रास्ता रोकने, बिजली कनेक्शन काटने और जान से मारने की धमकी दी।ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मांग की इस मामले में शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान की जाये। इस अवसर पर सैकड़ो पुरुष और महिला थाना पहुंच कर सामूहिक रूप से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

नीमडीह के रुपाडीह गांव में डायरिया पीड़ितों से मिली विधायक सविता महतो

चांडिल (आजाद सिपाही)। नीमडीह प्रखंड अंतर्गत टेंगाडीह पंचायत के रुपाडीह गांव में बीते 3 सितम्बर को एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के डायरिया से पीड़ित होने की सूचना मिलने पर झामुमो विधायक सविता महतो ने मामले को गंभीरता से लिया। विधायक ने तुरंत चिकित्सा प्रभारी और अंचल अधिकारी से वार्ता कर गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्देश दिया, जिसके बाद मरीजों का उपचार शुरू हुआ। रविवार को विधायक स्वयं गांव पहुंचीं और पूरे इलाके का भ्रमण कर डायरिया पीड़ितों का हाल-चाल जाना। उन्होंने नीमडीह स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से भी मुलाकात की और चिकित्सकों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर इचागढ़ विधायक सविता महतो ने ग्रामीणों से भोजन अच्छी तरह पकाकर खाने और पानी को उबालकर पीने की अपील की। साथ ही अधिकारियों को गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत और सोलर पानी टंकी को शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, सरत मंडल, उदय महतो, अनिल मांझी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सरयू राय ने 12.38 करोड़ की लागत की योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने रविवार को डिमना रोड स्थित एक होटल में कुल 12 करोड़ 38 लाख 60 हजार 952 की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें नगर विकास विभाग की योजनाओं से 1,55,75,900 के कार्यों का उद्घाटन और 2,98,78,300 के कार्यों का शिलान्यास शामिल है। वहीं 15वें वित्त आयोग की योजनाओं से 7,84,06,752 की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया।मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा जिस तरह बिष्टुपुर और सोनारी इलाका विकसित हुए वैसे ही पुल के उस पार का इलाका भी विकसित किया जाएगा। इसके लिए संकल्प लेना होगा। संकल्प से ही सिद्धि प्राप्त होती है।जब विकास की दिशा में कदम बढ़ेगा तो प्रगति निश्चित है।उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कभी मानगो में पानी और बिजली की गंभीर समस्या थी। संकल्प के साथ इस समस्या के समाधान की दिशा में कार्य शुरू किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, मानगो नगर निगम के उपायुक्त कृष्ण कुमार, सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद, अभियंता मयंक मिश्रा, संतोष कुमार, सुबोध दास समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रह

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पोटका प्रखंड के सोहदा पंचायत अंतर्गत ग्राम बलिजूरी स्थित पंचायत भवन में आदिवासी बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पोटका विधायक संजीव सरदार के अनुज भरत सरदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि जीवनदान है। यह कार्य समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। हमें इसे अपनी आदत बनाना चाहिए, क्योंकि एक छोटा सा प्रयास किसी के लिए पूरी दुनिया बदल सकता है। शिविर में कुल 70 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सीमा बास्के, सचिव सरस्वती मुर्मू, कोषाध्यक्ष रघुनाथ हांसदा, शिविर संयोजक राजेश मार्डी, नेता हितेश भकत, दुखु मार्डी, कृष्णा भकत सहित ग्राम प्रधान, माझी बाबा, नायके बाबा, बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं रक्तदाता मौजूद रहे।

कैटेगरी- 02 के सभी 18 बालूघाटों की ई-नीलामी कार्यकम शुरू: खनन पदाधिकारी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने आम सूचना जारी करते हुए सर्वसाधारण को सूचित किया है, कि गढ़वा जिलांतर्गत कैटेगरी- 02 के सभी 18 बालूघाटों की ई-नीलामी कार्यकम दिनांक- 30.08.2025 से प्रारम्भ कर दी गई है। उक्त नीलामी कार्य www.jharkhandtenders.gov.in द्वारा ऑनलाईन ऑक्शन के माध्यम से संपादित की जायेगी। नीलामी किये जाने वाले सभी बालूघाटों की विवरणी ग्रुपवार www.garhwa.nic.in तथा अखबारों एवं जिला खनन कार्यालय, गढ़वा के नोटिस बोर्ड में लगाई गयी है। उक्त नीलामी कार्यकम में भाग लेने वाले इच्छुक सभी व्यक्ति/व्यवसायीगणों को निदेशानुसार पुनः आवश्यक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करने हेतु दिनांक- 08.09.2025 को समाहरणालय, गढ़वा स्थित जिला खनन कार्यालय, गढ़वा में प्री-बीड बैठक का आयोजन- 3:30 बजे अपराहन में किया गया है, जिसमें सभी इच्छुक व्यक्ति/व्यवसायीगणों को आमंत्रित किया गया है।

झामुमो जिला कमेटी के पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

संगठन की सफलता के असली आधार कार्यकर्ता होते हैं : मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने जिला कमेटी के नवमनोनीत सभी पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ा कर, माला पहना कर एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री श्री ठाकुर को झामुमो का प्रतीक चिन्ह तीर धनुष की तस्वीर भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। आप सभी को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है। आप सभी अपनी कर्मठता, समर्पण और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। झामुमो के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायेंगे। उन्होंने कहा कि एक संगठन की सफलता केवल नीतियों और योजनाओं से नहीं होती बल्कि उसका असली आधार उसके कार्यकर्ता होते हैं। आप सभी मेहनत, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करें। आज का यह सम्मान, केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि हमारी तरफ से आपके प्रति आभार व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है। यह हमें याद दिलाता है कि हमारी असली ताकत हमारी टीम है। उन्होंने कहा कि हम अपनी इमानदारी से काम करते हैं। जबकि विपक्ष के लोग सभी प्रकार की झूठ, फरेब का सहारा लेकर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो का राज्य का गठन कराया है, अब पूरे राज्य का सर्वांगीण विकास हो इसी सोच के साथ हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काम करते हैं। इसमें हम सबों की जिम्मेवारी महत्वपूर्ण है।

इन पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

इस समारोह में जिला कमिटी के सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष शंभु राम, सचिव मो. शरीफ अंसारी, कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल, उपाध्यक्ष श्रवण सिंह खरवार, मुक्तेश्वर पांडेय, लल्लू राम, उमेश यादव, विरेंद्र साव, रौशन पाठक, मो. फरीद, डॉ मकबूल आलम, सह सचिव आशीष गुप्ता, गंगेश्वर सिंह खरवार, अशोक चंद्रवंशी, मनोज यादव, राजेंद्र उरांव, मनीष कमलापुरी, मिथिलेश पासवान, डॉ रामसागर पाल, संगठन सचिव शिव कुमार चौधरी, सुनील कुमार गौतम, मो. सलीम जाफर, अनिल चंद्रवंशी, कामता प्रसाद, जिला कार्यकरिणी समिति सदस्य दशरथ प्रसाद, रामसागर यादव, चंदु कोरवा, संजय भगत, हरेंद्र कोरवा, अहमद रजा, साबिर सिद्धीकी, विकास सिंह कुशवाहा, मुखराम भारती, ओमप्रकाश चंद्रा, धनंजय तिवारी, सुदेश्वर राम, निर्मल पासवान, राजेश मेहता, ऐनुल अंसारी, जितेंद्र सिन्हा, कबुतरी देवी, गायत्री गुप्ता, आयुष गुप्ता, संजय चौधरी, सोगरा बीबी, मनोज दुबे, गुलाब सिंह, अहमद अली, रामसागर उरांव, बबलू सिंह, तेतरी देवी, निशांत चौधरी, फखरे आलम, चैतू सिंह खरवार, सहित जिला सदस्य आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से जवाहर पासवान, तनवीर आलम, रेखा चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, नितेश, ताहिर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

छात्राओं ने स्वागत में एक से बढ़कर एक नृत्य कला का किया प्रदर्शन

यह तन विष की बेलरी, गुरु अमृत की खान : डॉ लालमोहन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। एसडी मेमोरियल एकेडमी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र, सेवानिवृत शिक्षक सुरेंद्र चौबे, राम जन्म तिवारी, सुरेंद्र मिश्र, रामनाथ विश्वकर्मा, गोपाल राम, दशरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, अजय प्रसाद गुप्ता विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन आदि ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। तत्पश्चात उपस्थित सेवानिवृत शिक्षकों को फूल माला, अंग वस्त्र एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत तथा एक से बढ़कर एक नृत्य कला का प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ने कहा कि एचडी मेमोरियल स्कूल में सिलेबस के साथ-साथ संस्कार और अध्यात्म की भी जानकारी दी जाती है ताकि बच्चे विद्वान के साथ-साथ संस्कारवान बने। डॉ लालमोहन ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा- यह तन विष की बेलरी गुरु अमृत की खान, शीश दियो जो गुरु मिले, तो भी सस्ता जान। इस अवसर पर सेवानिवृत सभी शिक्षकों ने भी गुरु शिक्षक की परंपरा और अपने अनुभव को साझा करते हुए बच्चों को आज्ञाकारी बनने की सीख दी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रमणि पाठक, जहूर रंगसाज, प्रमोद गुप्ता, प्रशांत तिवारी शाहिद बड़ी संख्या में अभिभावक, गणमान्य लोगों के साथ-साथ विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अरुण कुमार तथा संचालन अमरेंद्र कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

आरके पब्लिक स्कूल ने शिक्षक दिवस समारोह का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। आर.के. पब्लिक स्कूल, अधौरा श्री बंशीधर नगर ने 7 सितंबर को एक भव्य शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने आसपास के क्षेत्रों से शिक्षकों, प्रोफेसरों और गणमान्य व्यक्तियों को एक साथ लाया, जिनमें सेवानिवृत्त शिक्षक भी शामिल थे जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह समारोह स्कूल की नोबल पेशे के रूप में शिक्षण को सम्मानित करने और छात्रों के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों के योगदान को पहचानने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस कार्यक्रम में कमलेश्वर पांडेय, गदाधर पांडेय, कृष्ण मिस्त्री और दिनेशवर चौबे जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया और छात्रों के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला।

विजया लक्ष्मी नगर पंचायत अध्यक्ष ने शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया कि वे केवल ज्ञान हस्तांतरण से आगे बढ़कर छात्रों के लिए मार्गदर्शक और आदर्श बनें। निदेशक अलख नाथ पांडेय ने छात्रों में आलोचनात्मक सोच, जीवन कौशल और चरित्र विकास को बढ़ावा देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने स्कूलों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला जो सामाजिक, भावनात्मक और शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक संरचित वातावरण प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम का समापन एक शॉल समारोह के साथ हुआ, जहां गणमान्य व्यक्तियों और सेवानिवृत्त शिक्षकों को शिक्षा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में श्री कमलेश्वर पांडेय, गदाधर पांडेय, कृष्ण मिस्त्री, विजया लक्ष्मी नगर पंचायत अध्यक्ष और ओम प्रकाश पांडेय, एक सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों को भी उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए छोटे उपहारों से सम्मानित किया गया।

आर.के. पब्लिक स्कूल के शिक्षकों में राहुल सोनी, रविकांत चौबे, अखिलेश पांडेय, सुधांशु मिश्रा, कुमार कार्तिकेय, आयुष राज, मिस पूजा सोनी, मिस प्रीति सोनी, मिस सुप्रिया चौबे, मिस लकी गुप्ता, प्रतिभा कुमारी, श्रीमती प्रीति देव, रेणु कुमारी, प्रीति देवी और प्रिया कुमारी शामिल थे।

पीएलवी ने चलाया जागरूकता अभियान

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत मानपुर पंचायत के पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार एवं कैमुद्दीन अंसारी ने सिरोईखुर्द पंचायत के ग्राम बीरबांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नशा मुक्ति,बाल विवाह, बाल मजदूरी, ऑनलाइन गेमिंग, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी, सामाजिक कुरीतियां, भेदभाव, छुआछूत, अंधविश्वास आदि के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को इन सबसे बचने का सलाह दिया गया। साथ ही कंप्यूटर शिक्षा में अपना करियर बनाने का सुझाव दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रकिशोर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

रंकाकला पंचायत भवन में चौदह विभागों का समीक्षा बैठक कल

रंकाकला पंचायत के मुखिया रणजीत सोनी।

रंका (आजाद सिपाही)। रंकाकला पंचायत भवन में दिनांक - 09/09/2025 को चौदह विभागों का समिक्षा बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें रोजगार सेवक एवं बीएफटी, सभी जलसहिया, सभी आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सहायक, सभी बागवानी सखि एवं सक्रिय स्वयंसहायता समूह, सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेता, सभी प्रधानाध्यापक प्रा०/मध्य/उच्च विद्यालय, सभी कृषि मित्र, सभी स्वास्थ्य सहिया, सभी प्रज्ञा केंद्र, विद्युत विभाग एवं विद्युत मित्र, पशुपालन विभाग, रंका थाना एवं चौकीदार, कल्याण विभाग कुल चौदह विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों को उपस्थित रहने का निर्देश प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी दिनेश कुमार ने जारी किया है। जिसमें पंचायत के मुखिया रणजीत सोनी ने इस समीक्षा बैठक में सभी पंचायत के ग्रामीण जनता से उपस्थित होने और लाभ उठाने का आग्रह किया है।

शिवशरण सेवा संस्थान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी रोड स्थित शिव शरण सेवा संस्थान परिसर में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन उत्तर प्रदेश के आये प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. ए.के. श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में दो दर्जन से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप, शुगर, हड्डी और जोड़ों से संबंधित समस्याओं के अलावा सामान्य रोगों की भी जांच की गई। ग्रामीणों ने शिविर आयोजित करने पर डॉ. श्रीवास्तव एवं संस्थान परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह की पहल से गरीब व वंचित वर्ग को काफी लाभ मिलता है।

भगवान घाटी के समीप अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से दो बच्चे समेत कुल चार घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर-केतार मुख्य मार्ग पर भगवान घाटी के समीप रविवार को बाईक दुर्घटना में बाईक सवार दो बच्चे सहित कुल चार लोग घायल हो गये। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के पेशका निवासी ममता देवी पति प्रदुम्न विश्वकर्मा, पुत्र पीयूष विश्वकर्मा 3 वर्ष, पुत्री प्रीति कुमारी 2 वर्ष व केतार थाना क्षेत्र के दासीपुर निवासी छोटू विश्वकर्मा का नाम शामिल है। उक्त सभी को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक प्रिंस कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पीयूष को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि छोटू विश्वकर्मा रविवार के दोपहर अपनी बहन ममता देवी और उसके बच्चों को बाईक पर बैठाकर दासीपुर से उसके ससुराल मेराल के पेशका गांव छोड़ने जा रहा था, तभी भगवान घाटी के समीप उसकी बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिससे बाईक सवार सभी लोग घायल हो गये।

आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण की ओर-विहंगम योग का दिव्य आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। भवनाथपुर टाउनशिप स्थित बोकारो माइंस महाविद्यालय के प्रांगण में ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम ने आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण का पावन संदेश जन-जन तक पहुंचाया। यह आयोजन संत नामदेव जी महाराज के 44वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से हजारों श्रद्धालु सहभागी बने। संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने अपने करकमलों से महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ संत विज्ञान देव जी महाराज, पूर्व विधायक भानु प्रताप साही एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा अखंड दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विहंगम योग के संस्थापक अनंत श्री सदगुरु सदाफल देव जी महाराज, स्वर्वेद भाष्यकार धर्मचंद्र देव महाराज एवं वर्तमान सदगुरु आचार्य स्वतंत्र देव महाराज के चित्रों पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये गये। मुख्य अतिथि भानु प्रताप साही को संत समाज द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव एवं 25000 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का संदेश पूरे वातावरण में गुंजायमान रहा, जिसने आयोजन को वैश्विक आध्यात्मिक चेतना से जोड़ दिया। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह, उदय प्रताप सिंह, ललीत सिंह, अखिलेश्वर शर्मा, उपेंद्रनाथ मिश्रा, नंदलाल पासवान, अरविंद प्रसाद गुप्ता, महिला शक्ति, पुलिस बल एवं गुरु भाई-बहन उपस्थित रहे।

गायत्री महामंत्र के नियमित जाप से उत्पन्न होती है असीमित ऊर्जा: अच्युतानंद तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

गायत्री शक्तिपीठ मझिआंव में भाद्रपद पूर्णिमा पर हवन यज्ञ

मझिआंव। गायत्री शक्तिपीठ मझिआंव में भाद्रपद पूर्णिमा के अवसर पर हवन यज्ञ एवं भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में अजय चौधरी एवं उनकी पत्नी प्रमिला देवी द्वारा माता गायत्री,माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, मां दुर्गा तथा गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा की पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान प्रखंड उप समन्वयक देवमुनि विश्वकर्मा द्वारा कर्मकांड संपन्न कराया गया, जबकि युवा मंडल के जिला समन्वयक बिरेंद्र सोनी द्वारा युग संगीत एवं भक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी गयी, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के केंद्रीय टोली सदस्य सह गढ़वा जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गायत्री महामंत्र के नियमित जाप से उत्पन्न असीमित ऊर्जा एवं इससे होने वाले लाभ तथा गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य के सिद्धांतों के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता चौरसिया, धन्ना देवी, रानी देवी, युवा अशोक गुप्ता, विक्रांत गुप्ता, हंसराज तिवारी, रवि शंकर विश्वकर्मा, पारस नाथ मिस्त्री, अरुण कुमार सोनी उर्फ बबलू, अशोक चौरसिया, बबलू कमलापुरी, उज्जवल कुमार, पवन कुमार अग्रवाल, बेचन राम, दिनेश पाल परिवाचक, धर्मशिला देवी, सारो देवी, सीमा देवी, सरिता देवी, मुस्कान कुमारी, फुलझरी देवी व कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

खरडीहा बजनवा हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा समिति का गठन, अश्विनी बने अध्यक्ष

रंका (आजाद सिपाही)। खरडीहा हनुमान मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति की बैठक पूर्व मुखिया पारसनाथ पांडेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समिति का पुनर्गठन किया गया। इस समिति का सर्वसम्मति से अश्विनी कुमार पांडेय को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष लव पांडेय, सचिव रामप्यारी यादव, उपसचिव मुकेश तिवारी, संरक्षक गुड्डू यादव उर्फ संजय यादव, कोषाध्यक्ष देवकुमार यादव, उपकोषाध्यक्ष अरूणलाल श्रीवास्तव को बनाया गया, जबकि मिडिया प्रभारी अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार यादव तथा सदस्य विजय यादव, लालविहारी यादव, राजीव रंजन यादव, चंदन यादव, अवधेश यादव, विनोद पांडेय, शिव राम, बैजनाथ यादव, बुधन यादव, अमरेश पांडेय को बनाया गया है।

मां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने

मेराल (आजाद सिपाही)। लगमा देवी मंडप में मां दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। पूजा-अनुष्ठान के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए 'मां दुर्गा पूजा समिति, देवी मंडप लगमा' का गठन किया गया, जिसका संरक्षक द्वारिकानाथ पांडेय एवं मनोज सोनी को बनाया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी को सातवीं बार दायित्व दिया गया। अनंत प्रसाद, शैलेंद्र पांडेय, अरविंद पांडेय को सचिव, सुमंत पांडेय, मिथलेश सोनी, मुक्तेश्वर पांडेय को संयोजक बनाया गया। उपाध्यक्ष के रूप में आशीष गुप्ता, पंकज पांडेय तथा शिव पटेल कार्यरत रहेंगे। कोषाध्यक्ष के रूप में संजय सोनी, मुकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता व जितेंद्र पांडेय कार्यभार संभालेंगे। उप सचिव आश्विनी गुप्ता, ददई कुमार रवि तथा बालेश्वर राम एवं उप संयोजक शशिकांत पांडेय, रंजीत आर्य तथा मंजय राम को बनाया गया। उप कोषाध्यक्ष के रूप में बाबूलाल पटेल, पवन पटेल, राहुल गुप्ता एवं नारद राम मनोनीत किये गये। कार्यकारिणी सदस्य की भूमिका में धर्मेंद्र विश्वकर्मा, हर्ष पांडेय, विवेक मधेशिया, आर्यन गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, अजय गुप्ता, राजू पटेल, गोलू पांडेय, मिंकु पांडेय, क्षितिज पांडेय, मंदीष गुप्ता, संजय ठाकुर, जयप्रकाश पटेल, अनिकेत आर्या, अभिषेक तिवारी, जयशंकर पांडेय, चंदन शर्मा, पीयूष ठाकुर, गणेश ठाकुर, तुषार पांडेय, रंजन गुप्ता, बादल पटेल, छोटू सोनी, शिवम पटेल, आकाश पटेल, प्रभात शर्मा, प्रीतम गुप्ता रहेंगे। पूजन-अनुष्ठान के दायित्व को आचार्य त्रिपुरारी पांडेय एवं ग्राम प्रतिनिधि दीपांशु सोनी व आयुष पटेल समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पूर्ण करायेंगे।

पत्रकारों ने जीता मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता, पुलिस टीम को नौ विकेट से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

धुरकी। धुरकी प्रखंड के अंबाखोरिया मैदान में रविवार को एक रोचक और मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें धुरकी पुलिस और पत्रकारों की टीम आमने-सामने थीं। इस मैच का उद्देश्य पुलिस और पत्रकारों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध को और मजबूत करना था। खेल की शुरूआत टॉस के साथ हुई, जिसमें पुलिस टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पुलिस टीम ने निर्धारित 12 ओवर में खेलते हुए 8 विकेट के नुकसान पर कुल 97 रन बनाये। जवाब में पत्रकारों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केवल एक विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर मैच जीत लिया। पत्रकारों ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश करते हुए खेल को एकतरफा बना दिया। मैच में पत्रकार टीम के राहुल कुमार यादव को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, पत्रकार टीम के कप्तान श्याम बच्चन यादव को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए बेस्ट बॉलर का पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं आयोजनकर्ता धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत खेल का हिस्सा होती है, लेकिन खिलाड़ियों को अपने आत्मबल और मनोबल को बनाए रखना चाहिए। नगर ऊंटरी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है तथा प्रतिभा भी सामने आती है। भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनीश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करते हैं।

वहीं विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने कहा कि पहले लोग पुलिस से बात करने में डरते थे, लेकिन अब ऐसे आयोजनों से पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी घट रही है और आपसी समझ व सहयोग बढ़ रहा है। वहीं सगमा प्रखंड के ब्लॉक प्रमुख अजय साह ने कहा कि गांवों में कई प्रतिभाएं छिपी होती हैं, जिन्हें अवसर नहीं मिल पाता। इस अवसर पर पत्रकार अनूप जायसवाल, मुनीर अहमद खान, संतोष बैठा, दीपू सिंह, मोहम्मद गुलाम, आशीष कुमार, कृष्ण यादव, विनोद पटेल, रंजन यादव, इद्रीश अंसारी, रामानंद प्रजापति, समेत अन्य पत्रकारों ने भाग लिया और खेल का आनंद उठाया।

राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के सत्येंद्र ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड के रांची होटवार खेलगांव शूटिंग रेंज में 2 से 5 सितंबर तक आयोजित 15वीं झारखंड राज्य राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में गढ़वा जिले से 19 सदस्यीय टीम ने भाग लिया। इसमें गढ़वा जिला के खिलाड़ियों ने अपने-अपने कैटगरी में खेले और अच्छा प्रदर्शन किया। खेले गये प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल में सत्येंद्र प्रसाद यादव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर द गढवा राइफल क्लब के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने कहा कि यह गढ़वा के लिए बहुत बड़ा उपलब्धि है। उनके इस उपलब्धि पर क्लब के उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी संयुक्त सचिव धर्मेंद्र पाल, अजय कांत कोषाध्यक्ष पियूष प्रयाग, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष विजय केसरी, मदन प्रसाद केसरी, ओमप्रकाश तिवारी, डॉ उमेश सहाय, कौशलेश तिवारी राजकमल तिवारी, मनोज संसाई अनिता दत्त आदि लोगों ने बधाई दिया है।

गढ़बुडनी में वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। महुआडांड़ प्रखंड में लगातार दूसरे दिन वज्रपात से एक और मौत हो गयी। मृतक की पहचान गढ़बुडनी गांव निवासी कुलदीप टोप्पो (38 वर्ष) के रूप में हुई। रविवार दोपहर खेत में काम के दौरान वज्रपात हुआ और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार रविवार को दोपहर अचानक मौसम खराब हुआ और तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी। इस दौरान खेत में मौजूद कुलदीप टोप्पो इसकी चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद प्रशासन को सूचना दी गयी। राजस्व विभाग की टीम नुकसान का आकलन कर रही है और परिवार को आपदा राहत राशि देने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। मृतक कुलदीप टोप्पो की पत्नी, एक 2 साल की बेटी और 7 साल का बेटा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

क्रशर में काम कर रहे मजदूर को हाइवा ने रौंदा

- ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे 39 को घंटों जाम किया
- परिजनों ने लगाया क्रेशर मालिक पर मामला छुपाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

मृतक मजदूर की पत्नी और बहन ने कहा कि मौत के काफी देर बाद मिली सूचना

मृतक छतु सिंह की पत्नी रजंती देवी ने बताया कि शनिवार को 11 बजे दिन में खाना खाकर हमारे पति घर से क्रेशर प्लांट में काम करने गये थे। इसके बाद गांव के लोगों ने शाम को बताया कि क्रेशर प्लांट में दुर्घटना हो गयी है। क्रेशर प्लांट के मालिकों ने घटना को छुपा कर हमारे पति के शव को अस्पताल में ले जाकर छोड़ दिया। मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं जिसमें मनीषा कुमारी 11 वर्ष अनिशा कुमारी 8 वर्ष प्रिंस कुमार 4 वर्ष और आनंद कुमार एक वर्ष। घटना के बाद परियों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ है।

वहीं मृतक की बहन मनीता कुमारी ने बताया कि क्रेशर के मुंशी के द्वारा घटना के घंटो बाद फोन किया गया था कि तुम्हारा भाइ को पत्थर से पैर में खरोच आ गया है इलाज के लिए लातेहार ले गये हैं। जब हम लातेहार गये तो पता चला कि मेरे भाई का मौत हाइवे ट्रक से दबाने से हो गया है।

मनिका/ लातेहार। मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु स्थित क्रशर मे काम कर रहे हैं मजदूर छठु सिंह उम्र 27 वर्ष की मौत शनिवार को हाइवा से दब कर हो गया। घटना के बाद क्रेशर मालिक एवं क्रेशर में कार्यरत कर्मियों के द्वारा उक्त घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को नहीं दी गयी जब मृतक को लातेहार अस्पताल ले जाया गया उसके बाद लगभग 4 घंटे बाद गांव में घटना के बारे में लोगों को जानकारी हुई। वहीं घटना के बाद क्रेशर में लगे सारे वाहन एवं कार्य कर रहे सभी कर्मी वाहन लेकर फरार हो गये। घटना के बाद मृतक के शव लातेहार सदर अस्पताल में पड़ा रहा। वही क्रशर में इस गांव के खाना बनाने का काम करने वाला सुरेश सिंह ने बताया कि घटना के बाद मुंशी के द्वारा उक्त घटना के बारे में कहीं हल्ला नहीं करने का बात कह कर हमको घर भेज दिया गया था।

घटना की सूचना पाकर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह पूर्व जिला परिषद रघुपाल सिंह, पूर्व मुखिया सुरेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, दरोगी यादव, घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजन से मिलकर घटना की जानकारी ली। वहीं पूर्व विधायक ने कहा कि क्रेशर संचालक के द्वारा लापरवाही बरती गयी है जब घटना हुई तो परिजनों को बतानी चाहिए। बिना परिजन को बताये चुपके से इलाज के बहाना करके अस्पताल में शव को पहुंचाने का काम नहीं करना चाहिए था। पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि मृतक के द्वारा लगातार जमीन का मुआवजा को से मांगा जा रहा था और समय पर मुआवजा की राशि नहीं दी जा रही थी। इसकी भी जांच होनी चाहिए। श्री सिंह ने मृतक के परिजन को क्रेशर संचालकों से 10 लाख के मुआवजा एवं बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था की मांग किया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे 39 को रविवार को घंटो जाम कर मुआवजा एवं दोषी क्रेशर मालिक पर कार्रवाई कारने की मांग किया। घटना की सूचना पाकर मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार मनिका अंचल अधिकारी अमन कुमार जाम स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे हैं लोगों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया। जाम से दोनों और सैकड़ो गाड़ी की कतार लगी हुई थी।

शहीद हवलदार अब्दुल हमीद फुटबॉल टूर्नामेंट 10 से

कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बिंदास क्लब, टाटी, हमीद नगर, कुडू के तत्वाधान में परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस की स्मृति में इस वर्ष भी चौथा शहीद हवलदार वीर अब्दुल हमीद नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अध्यक्ष फारूक अहमद ने बताया कि संत बिनोवा भावे स्टेडियम टाटी हमीद नगर में आयोजित इस पांच दिवसीय टूर्नामेंट का 10 सितम्बर दिन बुधवार को शुभारंभ होगा जिसका उद्घाटन कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार द्वारा किया जायेगा। तथा फाइनल मुकाबला 14 सितम्बर दिन रविवार को भव्य समारोह के साथ संपन्न होगा। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपये, जर्सी, ट्रॉफी एवं फुटबॉल प्रदान किया जायेगा। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 31 हजार रुपये, जर्सी, ट्रॉफी एवं फुटबॉल, तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को 11 हजार रुपये, ट्रॉफी एवं फुटबॉल दिया जायेगा। इसके अलावा चौथे, पांचवें एवं छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 5-5 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी दी जायेगी।

तेली समाज को सशक्त और मजबूती से आगे बढ़ाया जायेगा: प्रो शिव दयाल साहू

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। छोटानगपुरिया तेली उत्थान समाज, लोहरदगा की महत्वपूर्ण बैठक तेली धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रो शिव दयाल साहू ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोहरदगा के तेली समाज को हर परिस्थिति में सशक्त एवं मजबूत बनाना समाज का परम उद्देश्य है। साथ ही पदाधिकारियों एवं समाज के सभी सदस्यों से तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील भी की गयी। बैठक में आगामी 13 सितंबर 2025 को प्रस्तावित तेली कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने वर्तमान पर्व एवं त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन स्थगित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर लिया गया। निर्णय लिया गया कि यह सम्मेलन उपयुक्त समय पर पुनः आयोजित किया जायेगा। साथ ही, तेली धर्मशाला के शेष निर्माण कार्य हेतु राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के संकल्पानुसार सांसद मद से 10 लाख रुपये अनुशंसित किये गये हैं। उक्त राशि को समाज हित में उपयोग करते हुए कार्य प्रारंभ करने के लिए एक विशेष कमिटी का गठन किया गया है। इसमें मनोज साहू, लखपति साहू, सोहन साहू एवं बलराम साहू को शामिल किया गया है। यह कमिटी उप विकास आयुक्त कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर, आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर जिला समिति को समय-समय पर जानकारी देती रहेगी। बैठक में प्रो शिव दयाल साहू, मनोज साहू, मुन्ना साहू, लखपति साहू, मुकेश कुमार साहू, बजरंग साहू, सोहन साहू, बलराम साहू, राम विलास साहू, सत्य नारायण साहू सहित समाज के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

विश्वकर्मा समाज प्रखंड कमिटी के अध्यक्ष बने सचिन

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मिडिल स्कूल के प्रांगण में विश्वकर्मा समाज की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से विश्वकर्मा समाज के बरवाडीह प्रखंड कमिटी का गठन किया गया बैठक में सर्वसम्मति से सचिन शर्मा को अध्यक्ष, अमरेश विश्वकर्मा को सचिव और बिनोद शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। संरक्षक रणधीर शर्मा और रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष कृष्णा, योगेन्द्र और रंभू विश्वकर्मा, सह सचिव बाबुलाल विश्वकर्मा और उप कोषाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा को बनाया गया। वहीं सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि बरवाडीह प्रखंड में इस वर्ष सबसे अच्छा विश्वकर्मा पूजा में व्यवस्था करने वाली समिति को सम्मानित की जायेगी। विश्वकर्मा समाज के लातेहार जिला महासचिव मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि हमारे जिला अंतर्गत सबसे ज्यादा जगह बरवाडीह में ही भगवान विश्वकर्मा का प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि जिस समिति के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की जायेगी, साफ सफाई की विशेष ध्यान रखी जायेगी तथा समिति के द्वारा अनुशासित तरीके से मूर्ति का विसर्जन किया जायेगा उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता जिला महासचिव जयगोविन्द विश्वकर्मा और संचालन जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा के द्वारा की गयी बैठक में प्रदेश सचिव अर्जुन विश्वकर्मा, जिला महासचिव मनोज विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, कामेश्वर विश्वकर्मा, गोपाल, विजय, अविनाश, बिरेन्द्र, धर्मदेव, अनिल सहित विश्वकर्मा समाज के दर्जनो सदस्य उपस्थित थे।

सभी को साथ लेकर कार्य करेगी एसोसिएशन : धीरज प्रसाद साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से मुलाकात कर सभी ट्रक मालिकों को एकजुट करने के उनके प्रयास के लिए बधाई दी। कहा कि आपके प्रयास से ही आज सभी ट्रक मालिक और एसोसिएशन एकजुट हुए हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी और कहा कि मैं आप लोगों से उम्मीद करता हूं कि आप सभी मिलकर कार्य करेंगे। एक सशक्त कमिटी का गठन करेंगे। जिसमें सभी क्षेत्र के पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे और ट्रक हित एवं जनहित में कार्य करेंगे। ट्रक के अलावा और भी बहुत सारी समस्याएं हैं चाहे वह लेबर का मामला हो या अन्य बहुत सारे मसले हैं जिस पर मैं शीघ्र पहल करूंगा। हिंडाल्को कंपनी को इस क्षेत्र में विकास के और कार्य करने होंगे। क्षेत्रीय लोगों को नौकरी में प्राथमिकता देनी होगी। इन सभी मुद्दों को लेकर जरूरत पड़ने पर मैं पड़े आंदोलन की घोषणा भी करूंगा। जिसमें सभी लोगों को सहयोग करना होगा। इस पर एसोसिएशन ने संरक्षक को यह भरोसा दिलाया किया कि आपका जो भी आदेश होगा और जनहित के कार्य में एसोसिएशन आपसे कदम से कदम मिलाकर चलेगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संरक्षक को यह भी बताया कि एक सप्ताह के अंदर कमेटी का विस्तार करते हुए आपको सभी पदाधिकारियों की सूची सौंपी जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सचिव मुद्रिका यादव, सचिव रोहित अग्रवाल, वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारी संतोष साहू, राजेश शर्मा, मोहम्मद इरशाद उर्फ डब्लू, रहमत अंसारी, शाकिर अंसारी, राजेश विश्वकर्मा, मुख्तार अंसारी, के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता उदय कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह-मेदनीनगर मुख्य मार्ग पर हेंदेहाश स्थित ढेकीखुटा के पास शनिवार को कार और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लाल रंग की पैशन प्रो बाइक पर सवार युवक को कार ने जोरदार टक्कर मारी और कार चालक मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान पुलिस की सतर्कता से प्रशासन ने कुटमू चौक पर वाहन को धर दबोचा। मौके पर बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम और थाना प्रभारी अनुप कुमार स्वयं मौजूद थे। थाना प्रभारी अनुप कुमार ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायल को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजवाया। जंहा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए एमएम सीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया।

नंदलाल साहू मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता के संरक्षक बने दुर्गेश साहू

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत अरु ग्राम में रोहित महतो के आवास में कामेश्वर सिंह की अध्यक्षता में नंदलाल साहू मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने को लेकर बैठक आयोजित किया गया। टूर्नामेंट को लेकर चर्चा करते हुए मैच का रूप रेखा तैयार किया गया। सुचारू ढंग से मैच संचालन कराने के लिये कमिटी के गठन किया गया। जिसमें दुर्गेश प्रसाद साहू को मुख्य संरक्षक तथा भड़गांव पंचायत के पूर्व मुखिया प्रकाश उरांव को अध्यक्ष तथा मोख्तार अंसारी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष श्रीकुंवर लोहरा,शौकत अंसारी और दुखिया उरांव को बनाया गया। वही सचिव फिरोज अंसारी, रंजीत उरांव, रुस्तम अंसारी को महासचिव और गौतम प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। प्रकाश उरांव ने नन्दलाल प्रसाद मेमोरियल फुटबॉल मैच के बारे में जानकारी देते हुए बताया की 2 अक्टूबर से प्रतियोगिता प्रारंभ होगा। जिसमें बालक वर्ग में 32 टीम और बालिकाओं के 8 टीमें भाग लेगी साथ ही कहा कि लड़कों का टीम को मैच में प्रवेश पाने के लिये 4100 और लड़कियों को 2100 रुपये शुल्क देना होगा। जिसे दोनों वर्गों के विजेता, उपविजेता और तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमो को पुरस्कार कर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही सूखैर भगत, कामेश्वर साहु, फज्ल अब्बास, नंदकिशोर शुक्ला, जयनाथ साहू,बुदु भगत मैच के संरक्षक होंगे। मौके पर विजय कुमार पाठक, जहूर अंसारी, रोहित महतो, मछिन्दर साहू समेत अन्य खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

काली कुर्मी टोला में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा प्रखंड के काली कुर्मीटोला में सरना स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित महिला-पुरूष फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में रामगढ़ की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लोहरदगा की लड़कियों को 1-0 से हराकर विजेता बनी। वही लड़को के मुकाबले में मांदर की टीम ने खलारी को 1-0 से हराकर विजेता बना। उंचे उंचे पहाड़ों और हरे भरे पेड़ो के बीच आच्छादित काली कुर्मी टोला के ग्राउंड में हजारों दर्शकों के बीच उपस्थित टीम के खिलाड़ियो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से लोगों का फुटबॉल के प्रति जुनून और जोश देखने लायक था। लड़का और लड़कियों ने शानदार फुटबॉल का प्रदर्शन करते हुए अपने अपने टीम को विजय बनाये। दोनों विजेता टीम, उप विजेता टीम सहित नंबर 5 तक आनेवाली टीमों को आयोजन समिति की ओर से नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व समारोह स्थल पर सम्मानित अतिथियों, डुमारो मुखिया सुनीता देवी, लपरा मुखिया पुतुल देवी,फोरेन्स लकड़ा शिक्षक, मुखदेव गोप शिक्षक, चमन सिंह ठाकुर,प्राचार्य वाईबीएन गुरुकुलम मैकलुस्कीगंज सहित अन्य अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं बैच पहनाकर किया। सभी अतिथि खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किये। पूरे टूर्नामेंट को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष अनिल उरांव, अजय उरांव, सचिव सकलु उरांव, राकेश उरांव, कोषाध्यक्ष राजकुमार उरांव, सोसन टाना भगत सहित रमेश भगत सहित अन्य युवाओं की उल्लेखनीय योगदान रहा।

लावारिस कुत्ते राहगीर और मवेशियों को बना रहे हैं शिकार

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड में इन दिनों लावारिस कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्तों के झुंड ने न केवल मवेशियों को अपना शिकार बनाया है, बल्कि अब सड़क पर चल रहे राहगीरों को भी निशाना बना रहे हैं। पिछले दो दिनों में छह लोग कुत्तों के काटने से जख्मी हुए हैं। जख्मी लोगों में हेमंत यादव, शुभम पंडित, फुती राम, राजेंद्र उरांव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि रांची और नगड़ी से कुत्तों को वाहन में भरकर रात के अंधेरे में ग्रामीण इलाकों में छोड़ दिया जाता है। इससे स्थानीय किसानों की बकरी समेत अन्य मवेशी भी प्रभावित हुए हैं, कई की मौत हो चुकी है। भंडरा प्रखंड मुख्यालय में लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर लोग अपने घरों के बाहर बच्चों को खेलने से भी परहेज कर रहे हैं। स्थानीय लोगों में भय का माहौल व्याप्त है।

स्वास्थ्य शिविर में 54 लोगों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 169 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 54 लोगों ने अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ही खर्च में कराया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परम धर्म है असहायों की किसी भी तरह से जितनी भी सहयोग और सेवा की जाये कम है और आलोचना करने वालों पर ध्यान ना दें और अपने कर्तव्यों का पालन करें। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बदलते मौसम पर स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है, बाहर का खाना खाने से बचें, किसी भी तरह का बीमारी के लक्षण होने पर डॉक्टर की सलाह से ही दवा लें। संघ के जिला संचालक मनोज दास ने कहा कि सेवा भारती जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ जनसेवा के कार्यों पर काफी तत्पर रहते है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने उक्त बीमारियों का यहां डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगायी जाती हैं। शिविर में सुबोध महतो, अंजलि सर्राफ, किशोर बंका, अतुल सर्राफ, पारन प्रसाद अग्रवाल, गजेंद्र प्रसाद, हरि उरांव, नंदलाल साहू,सरोज उरांव, शिव प्रसाद साहू,सत्य प्रकाश साहू, विनोद प्रसाद, अंश राम, अंजू देवी, वाल्मीकि प्रसाद,संदीप प्रसाद, अशोक साहू, मुकेश कुमार, अनीता देवी, अशोक अग्रवाल, वीरेंद्र प्रसाद, शंभू सिंह, माधुरी देवी, वीरेंद्र प्रसाद अग्रवाल, अमित बंका, सोनिया पोद्दार, रानी देवी, अंशु देवी,कृष्ण प्रसाद, शांति देवी, आशा सोनी, उदय कसेरा, ममता बंका, एसके मिश्रा, जवाहर कसेरा, तपेश्वर अग्रवाल, साणीउल्लाह अंसारी, परशुराम गोप आदि उपस्थित थे ।

जय श्रीराम समिति के सदस्यों ने जरूरतमंद को दो यूनिट रक्त दिया

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जय श्रीराम समिति ने मानवता सेवा के अपने उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए एक पीड़ित परिवार की सहायता के लिए दो यूनिट रक्त दान किया। जानकारी के अनुसार, समिति के जिला कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा के छोटे भाई अखिलेश कसेरा की धर्मपत्नी बबली कुमारी रांची के अमृत केयर हॉस्पिटल में भर्ती थीं, जहां इलाज के दौरान रक्त की आवश्यकता बतायी गयी। समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी जिला महासचिव प्रदीप साहू एवं रक्त संग्रह अध्यक्ष जीवनराज मेहता ने तुरंत पहल करते हुए बिना देर किए एक-एक यूनिट रक्त दान कर पीड़ित परिवार की सहायता की। प्रदीप साहू ने कहा कि समिति एक बड़ा परिवार है, जिसमें सेवा का भाव सर्वोपरि है। समिति का यह कदम न केवल पीड़ित परिवार के लिए वरदान साबित हुआ, बल्कि यह समाज में एकजुटता और परोपकार का सशक्त संदेश भी बना।

राजा दुर्गाबाड़ी में नवरात्री की तैयारियां शुरू

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार शहर के बीचोबीच अंबाकोठी में अवस्थित राजा दुर्गा बाड़ी ने दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू कर दी है। इस वर्ष राजकुमार दास (नागर) राजा दुर्गा बाड़ी पूजा कमिटि के अध्यक्ष हैं और उन्हीं के नेतृत्व में इस वर्ष दुर्गा पूजा मनाया जायेगा। समिति के सदस्यों ने चंदा संग्रहण का कार्य शुरू कर दिया है। श्री दास ने कहा कि आयोजन में नगर वासियों का अपार सहयोग मिलता है। लोग तन मन और धन से सहयोग करते हैं। वहीं समिति के महासिचव अंकित पांडेय ने बताया कि इस वर्ष भी राजा दुर्गाबाड़ी में धुमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। आकर्षक विद्युत सज्जा करायी जा रही है और माता की आकर्षक प्रतिमा का भी निर्माण कराया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में समिति उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार सिंह, कौशल कुमार पांडे, उज्जवल पांडे, अजय सिंह, संतोष कुमार, अर्जुन पाठक, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, सह कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता गौरव दास, दीपक कुमार, सचिन दास, शुभम गुप्ता, संतोष यादव, पंकज कुमार दास, विपिन कुमार, शैलेश कुमार, सौरभ पाठक, अविनाश विश्वकर्मा, रंजीत कुमार, मोनू सिंह, विवेक कुमार, सिंह, अशोक यादव, पंडाल प्रभारी निलेश कुमार गुप्ता (चीकू) पूजा प्रभारी संकेश कुमार सिंह आदि सक्रिय हैं।

श्री श्याम महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। अशोक कुमार पोद्दार और पवन कुमार पोद्दार के आवासीय परिसर में 58वां श्री श्याम महोत्सव का भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। बंगाल के कारीगरों के द्वारा श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया। अशोक पोद्दार एवं पवन पोद्दार ने अपने सपरिवारों के साथ श्री श्याम जी का पूजा अर्चना करते हुए ज्योत प्रज्वलित किये, उसके उपरांत रात्रि 8 बजे से रांची से आए श्याम मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा गाये। मनमोहक एक से बढ़कर एक भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा, इस श्याम महोत्सव पर काफी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित होकर श्री श्याम प्रभु जी का पूजा अर्चना किया एवं भक्ति मय मधुर भजनों से खूब झूमे नाचे, इस भक्तिमय से सारा वातावरण श्याम जी के जयकारों से गूंज उठा, उसके उपरांत रात्रि में आरती की गयी और भक्तों के बीच प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। इस महोत्सव पर अशोक कुमार पोद्दार, पवन कुमार पोद्दार, कमल पोद्दार, सत्यभामा पोद्दार, अनीता पोद्दार, रखिया पोद्दार, शिवानी पोद्दार, अभिषेक पोद्दार, मोनू पोद्दार, उज्जवल पोद्दार, संदीप कुमार पोद्दार,दीपक सर्राफ, शिवप्रसाद राजगढ़िया, किशोर बंका, ढब्बू सर्राफ, राम प्रकाश मोदी, विमल बंका,विनय पोद्दार, जय प्रकाश शर्मा,प्रमोद पोद्दार, सचिन पोद्दार,दीपक पोद्दार, अवधेश मित्तल नीरज मित्तल, अमर पोद्दार, आशीष कनोडिया, चंदन राजगढ़िया,शुभम शर्मा, निशांत सराफ, संदीप कनोडिया, मनीष पोद्दार, वीरेंद्र मित्तल, निखिल सर्राफ, अमित बंका, आनंद कनोडिया, शशांक बर्मन, मुरलीधर अग्रवाल, संदीप पोद्दार, दीपक मुखर्जी, शुभम शर्मा, कौशल सर्राफ, विशाल केडिया, ममता बंका,अनीता पोद्दार, अंजलि सर्राफ, दीपा पोद्दार, कल्याणी पोद्दार, उषा पोद्दार,मोनिका पोद्दार, नीतू मित्तल, प्रीति बंका,रेखा बंका, आकांक्षा सर्राफ,नेहा अग्रवाल, दीप्ति शर्मा,रिशु पोद्दार, संगीता मित्तल,स्मिता पोद्दार, दीपिका पोद्दार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने मरीजों के बीच फल का किया वितरण

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के 1500वें जन्मदिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (दावत-ए-इस्लामी इंडिया) द्वारा मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा सदर अस्पताल, सनराइज अस्पताल न्यू रोड और सेंट उर्सुला अस्पताल कॉलेज रोड में भी मरीजों को फल वितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम में जीएनआरएफ के जिला पर्यवेक्षक मोहम्मद मुन्सफ कुरैशी, हाजी शमशेर कुरैशी, सलमान रिजवी, सज्जाद अत्तारी, साजिद अत्तारी, मास्टर मोबिन, कारी शहनवाज और इरफान अत्तारी और मजहर कुरैशी आदि मौजूद थे।

अभाव में दूधमुंहे बच्चे को बेचे जाने की घटना पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

पलामू डीसी को किये ट्वीट से हरकत में आया प्रशासन, पुलिस ने बच्चे को संबंधित दंपति को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ओरिया पंचायत के लोटवा गांव में गरीबी और पैसे के अभाव में दूधमुंहे बच्चे को बेचे जाने का मामला सामने आने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उसे संज्ञान में लिया है। उन्होंने ट्वीटर अकाउंट के माध्यम से पलामू डीसी को मामले में कार्रवाई को लेकर बच्चे को संबंधित माता-पिता के पास रखने का आदेश दिया है। जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आई और लेस्लीगंज थाना पुलिस ने बच्चे को बरामद कर उसके माता-पिता को सौंप दिया। लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि इस मामले में बच्चे को खरीदने में मध्यस्थता करने वाले चटकपुर के रहने वाले प्रदीप पासवान से पूछताछ करने के बाद ही वजह स्पष्ट हो पाएगी। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दो सप्ताह पहले अपने मायके लोटवा गांव में रहने वाली अत्यंत गरीब पिंकी देवी एवं रामचंद्र राम ने सात दिन पहले जन्मे बच्चे को चटकपुर निवासी प्रदीप पासवान नामक व्यक्ति के लातेहार के बहेराटांड़ निवासी चचेरे साले जोगिंदर पासवान के पास बेच दिया था। इसकी जानकारी होने पर पलामू बाल कल्याण समिति हरकत में आई और बच्चे की खरीद बिक्री मामले में विधि सम्मत कार्यवाई की बात कही। जानकारी के अनुसार जोगिंदर पासवान निःसंतान है जिसने संतान की लालसा में 50 हजार रुपये देकर बच्चे को खरीद लिया था। हालांकि उन्होंने नियमतः बच्चे को गोद नहीं लिया। बतातें चलें कि पैसे के अभाव में बच्चे को बेचने वाले दंपति के पहले से तीन पुत्र और दो पुत्री हैं। इन दोनों की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है जिस कारण वह लोटवा में ही सड़क किनारे झोपड़ी बनाकर गुजारा करते हैं। हैरत की बात है कि जहां सरकार और प्रशासन गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाती है वहीं पिंकी देवी के परिवार को राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं जॉब कार्ड आदि नहीं है।

दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के जपला रेलवे स्टेशन परिसर में युवा बाल संघ की ओर से दुर्गा पूजा पंडाल का भव्य निर्माण तीन लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। समाजसेवी सह व्यवसायी प्रकाश अग्रवाल, युवा बाल संघ के अध्यक्ष जयशंकर गुप्ता, व्यवसायी अंबिका प्रसाद, सुनील गुप्ता, संरक्षक राजेश्वर सिंह, रजनीश कुमार, रवि कुमार यादव आदि ने संयुक्त रूप से पंडाल निर्माण के लिए रविवार को भूमि पूजन किया। अध्यक्ष जयशंकर गुप्ता ने बताया कि शांति एव सौहार्द के साथ मां दुर्गा की पूजा के लिए भव्य पंडाल निर्माण हो रहा है।

पांकी सरना पहाड़ पर करमा पर्व जतरा का आयोजन, विधायक हुए शामिल

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के पांकी प्रखंड मुख्यालय के सरना पहाड़ पर करमा पर्व को लेकर शनिवार को जतरा का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने किया। जतरा में आदिवासी महिला-पुरुष के साथ विधायक ने भी टोली बनाकर ढोल मांदर की थाप पर जमाकर थिरके। विधायक ने कहा कि करम प्रकृति का पर्व है। यह हमें प्रकृति के साथ जुड़ने का अहसास दिलाता है। वहीं, लवली गुप्ता ने कहा कि प्रकृति का त्योहार प्रकृति बचाने के साथ ही सभ्यत-संस्कृतिक बचाने का भी पर्व है। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, प्रमुख सुनील पासवान, रोशन सिंह, रीमा शर्मा, यशवंत कुमार, मंटू शर्मा, रामावतार उरांव, सुंदरलाल उरांव, सुनील प्रसाद गुप्ता और जयकिशोर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

जीएसटी बदलाव से आम जनता को मिली है बड़ी राहत : सचिन रवानी

देवघर (आजाद सिपाही)। जिला जिलाध्यक्ष सचिन रवानी ने मनोरमा इंटरनेशनल होटल में संवाददाता सम्मेलन कर मोदी सरकार की ओर से लागू किए गए जीएसटी सुधार का स्वागत किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश को नवरात्र का तोहफा मिला है, जिससे आम जनता, महिला, युवाओं और व्यापारियों को सीधा फायदा होगा। जीएसटी सुधार से आर्थिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी। निवेश और मांग में वृद्धि होगी और देश की अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ेगी। नए जीएसटी स्लैब के अनुसार, केवल 5 फीसदी और 18 फीसदी वाले दो स्लैब लागू किए जाएंगे, जिससे कर प्रणाली सरल और पारदर्शी होगी। इस दौरान भाजपा देवघर जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष महामंत्री, मोर्चा जिला अध्यक्ष महामंत्री की बैठक जिला अध्यक्ष सचिन रवानी की अगुवाई में तीन सत्र में हुई। इसमें संगठन की मजबूती को लेकर 10 सितंबर को सेवा पखवाड़ाकार्यशाला, 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक आठ तरह के कार्यक्रम आयोजित करने और 11 सितंबर को प्रखंड स्तर पर राज्य सरकार के विरोध प्रदर्शन पर चर्चा की गई। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, हत्या, लूट, बलात्कार, सूर्या हांसदा हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने, आदिवासी जमीन की लूट, बालू-गिट्टी में बड़े पैमाने में चोरी जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री अधीर चंद्र, रवि तिवारी, कन्हैया झा, राजीव रंजन सिंह, पप्पू यादव, विजया सिंह सुलोचना देवी, बलराम पोद्दार, चंद्रशेखर खवाड़े, विनय चंद्रवंशी अमृत मिश्रा, धनंजय तिवारी, गोपाल वर्मन दशरथ दास निरंजन देव आदि मौजूद थे।

विधायक ने 11.65 करोड़ की सात योजनाओं का किया शिलान्यास

कोई भी गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा : संजय सिंह यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

खड़गपुर में सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन करते हुसैनाबाद विधायक एवं अन्य ।

हरिहरगंज/पलामू। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने रविवार को हरिहरगंज और पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र में 11.65 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सात सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उधर, योजनाओं में प्रमुख रूप से पीपरा प्रखंड क्षेत्र के भीतिहा मोड़ से रघुनिया बिगहा तक पीसीसी पथ निर्माण, हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के खड़गपुर से कटकोमा तक, कौवाखोह से तेंदुआ कला तक, बेलोदर एनएच 139 से बेलोदर गांव तक, एनएच 139 खाप कटैया से बनसपती तक, कटैया पथरा रोड से एकौनी गांव तक, महुअरी से ढ़कचा तक पथ सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य शामिल है। इस दौरान खड़गपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वे चुनाव के दौरान जनता से किये वादों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। कहा कि सड़क, सिंचाई, शिक्षा, पुल और पुलिया के निर्माण कार्यों के साथ ही हरिहरगंज में आइटीआई कॉलेज और सरकारी डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए भी प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में महिला डॉक्टर की नियुक्ति के लिए भी कदम उठाये गये हैं। हर गांव का समुचित विकास किया जाएगा और कोई भी गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा। इस मौके पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष संगीता कुशवाहा, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अमित सिंह, अतहर हुसैन, राजद नेता बुधन सिंह यादव, रंजित पासवान इं. संजय यादव, राजेंद्र यादव, अशोक यादव, अशोक जायसवाल, सत्येंद्र मेहता, जनेश्वर भुइंया दीपक यादव, आनंद यदुवंशी, छोटेलाल गुप्ता, राजकुमार पासवान, बबलू कुमार, त्रिपुरारी राम, भोला यादव, वीरेंद्र यादव, कमलेश यादव, मनोज यादव और उमा यादव आदि उपस्थित थे।

विद्यार्थी परिषद की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विद्यार्थी परिषद की बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। इसमें नवीन इकाई का गठन, संपर्क स्थान, कोष कार्यालय, सोशल मीडिया सेविस्कर जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा शामिल थे। साथ ही केंद्रीय प्रवास, छात्र नेता प्रवास एवं जनजातीय गौरव दिवस, सामाजिक समता दिवस पर भी सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान जनजातीय गौरव दिवस पर झारखंड के प्रत्येक जिले में भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित प्रतियोगिता, भषण संगोष्ठी आयोजित कर भगवान बिरसा मुंडा की विरासत एवं संघर्ष को आम जनमानस को अवगत कराने के लिए ऐसे कार्यक्रम राज्य के सभी जिले में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। चर्चा में विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत ने इस बार एक लाख के आंकड़ा को पार करते हुए 22 सितंबर तक दो लाख 80 हजार के आंकड़ा तक पहुंचाने की योजना बनाई है। वहीं, चर्चा में नशा मुक्ति अभियान को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें झारखंड के प्रत्येक युवाओं को नशा न करने के आग्रह को लेकर के प्रांतभर में अभियान चलाने का निर्णय हुआ। बैठक सह चर्चा में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ याज्ञवल्क्य शुक्ल, प्रांत संगठन मंत्री नितेश कटारे एवं प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन के अलावा केंद्रीय कार्य समिति सदस्य दिशा आदित्य, प्रदेश कार्यालय मंत्री हर्ष राज, विनीत पांडे, मंजुल शुक्ला, रोहित देव दुबे, विपिन यादव, कौशल मिश्रा, किसलय तिवारी, मुन्ना यादव और शशिकांत सुमन आदि उपस्थित थे।

सरकारी जमीन पर खेल मैदान बनाने की मांग

देवघर (आजाद सिपाही)। गोडधोवा में करीब 7 एकड़ 30 डिसमिल सरकारी जमीन पर खेल मैदान बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने देवघर डीसी को आवेदन सौंपा है। जिसमें बताया गया है कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाली इस जमीन पर खास समुदाय के लोगों द्वारा अतिक्रमण की कोशिश की जा रही है। बताया कि 31 अगस्त को सरकारी जमीन को जोतकर खेती योग्य बनाया गया, जबकि यह जमीन वर्षों से बच्चों और छात्रों द्वारा खेलकूद और शारीरिक शिक्षा की तैयारी के लिए प्रयोग में लाई जा रही है। छात्रों और अभिभावकों ने विरोध जताते हुए मांग की कि इस जमीन पर कब्जा रोकने के लिए प्रशासन हस्तक्षेप करे और इसे खेल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यह भूमि मूल रूप से सरकारी है और इसे व्यक्तिगत लाभ के लिए प्रयोग करने का प्रयास अनुचित है। आवेदनकर्ता सुदामा पांडे ने बताया कि यह जमीन वर्षों से खेलकूद के लिए उपयोग में लाई जा रही है। इसे किसी भी हालत में अतिक्रमण होने नहीं दिया जाएगा। जबकि बलराम पांडे और राकेश कुमार दुबे, स्थानीय छात्रों ने भी इस जमीन पर खेल स्टेडियम बनाने की मांग की है।

जमीन विवाद में कार्रवाई की मांग

देवघर (आजाद सिपाही)। जिले के जटाही मोड़ निवासी सुमंती देवी ने अपनी रैयती जमीन के संबंध में डीसी, एसपी और थाना प्रभारी आदि से पत्र देकर अपनी जमीन बनाने की अपील की है। बताया कि ददिया ससुर के पिता बच्चु पासी के जमीन दर्ज है। इस जमीन के प्लॉट नंबर 4 पर सौरभ मंडल, रूपलाल मरीक, मुकेश मरीक सहित अन्य लोगों द्वारा जबरदस्ती तली खोलकर घर बनाने की कोशिश की जा रही है। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई, तो वहां पहुंचकर काम रुकवाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उसकी बात नहीं मानी। 31 अगस्त की सुबह 11 बजे वह वहां काम रोकने पहुंची, तो पाया कि उक्त लोगों के अलावा 20 से 30 लड़के वहां मौजूद थे। जो उसकी जमीन पर काम करवा रहे थे। जब उनसे कहा कि यह जमीन उसकी है, तो सौरभ मंडल और रूपलाल मरीक ने गाली देते हुए उसे ही उसकी जमीन से जले जाने को कहा। जब नहीं मानी और एक मजदूर से कुदाल छीन ली, तो मुकेश मरीक और एक अन्य व्यक्ति ने मुझे धकेलते हुए कुदाल छीन लिया। धमकी दी कि जीना है तो यहां से चले जाए। बताया कि दो महीने पहले भी इन लोगों ने ऐसी ही हरकत करते हुए जबरदस्ती उसकी जमीन को कब्जाने की कोशिश की थी। वे लोग चाहते हैं कि किसी भी तरह वे लोग उसे उसकी ही जमीन से बेदखल कर दें। पत्र में पीड़िता ने डीसी-असपी ने उसकी जमीन को बचाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

हुसैनाबाद में पिता ने बेटे-बहू को किया संपत्ति से बेदखल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हैदरनगर में हाल ही में एक व्यक्ति द्वारा अपने ही बेटे-बहू को संपत्ति से बेदखल करने का मामला सामने आया था। ऐसी ही घटना हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय क्षेत्र में प्रकाश में आया है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के पठान टोली निवासी मोहम्मद बाबर अली जो वर्तमान में जपला अनुमंडल रोड स्थित बाबर फोटो स्टेट का संचालन करते हैं, ने एक लिखित घोषणा पत्र जारी कर अपने बड़े बेटे मोहम्मद परवेज आलम एवं उसकी पत्नी तबस्सुम प्रवीन को सम्पत्ति और पारिवारिक संबंधों से बेदखल करने की घोषणा की है। बाबर अली ने आरोप लगाया है कि उनका बेटा और बहू लंबे समय से घर के सभी सदस्यों के साथ अनुचित एवं अपमानजनक व्यवहार करते रहे हैं। कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनमें कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि बहू तबस्सुम प्रवीन ने घरेलू कलह बढ़ाकर परिवार की गरिमा को ठेस पहुंचाई और बेटे मोहम्मद परवेज आलम ने दुकान के पैसों का गलत उपयोग किया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्रभावित हुई। बाबर अली ने स्पष्ट किया है कि आज की तिथि से उनका बेटा और बहू उनकी चल-अचल सम्पत्ति, व्यवसाय, दुकान और पारिवारिक संबंधों से हमेशा-हमेशा के लिए बेदखल रहेंगे। यह भी लिखा है कि अब इनका परिवार की किसी भी सामाजिक या धार्मिक गतिविधि (शादी-ब्याह, मरनी-जीवनी, पूजा-पाठ आदि) से कोई संबंध नहीं रहेगा। यह मामला हुसैनाबाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

घर बनवाने का वादा कर स्वयंसेवक ने गटका पीएम आवास के लाभुक का पैसा

पप्पू कुमार

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड के दुलसुलमा पंचायत क्षेत्र के रांची रोड़ स्थित सेमरा टोला के बुधनी कुंवर का प्रधानमंत्री आवास का पैसा स्वयंसेवक द्वारा गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। लाभुक की बेटी रीता कुमारी ने बताया कि उसकी मां बुधनी कुंवर के नाम से पीएम आवास आया था जिसका सारा पैसा उपेंद्र सिंह यह कहकर ले लिया कि वे लोग खा-पी कर खत्म कर देंगें। जबकि वो पैसा लेकर घर बनवा देगा। लेकिन करीब दो साल बीत गये, लेकिन आज तक आधा बना कर ही छोड़ दिया है। जब वे लोग घर को पूरा बनाने को कहती हैं कहा जाता है कि काम लगाकर बनवा लो, पैसा उनको दिये हैं तो वो न बनवाएंगे। इस बात की पुष्टी बगल के कुछ महिलाओं ने भी की है। कहा कि बुधनी कुंवर का पैसा उपेंद्र सिंह लेकर घर नहीं बनाया। इस बाबत दुलसुलमा के मुखिया ब्रह्मदेव सिंह ने कहा कि इस विषय पर हमने बैठक की है। उपेंद्र सिंह को घर बनाने के लिए 10 दिनों का समय दिया गया है। साथ ही लिखित रूप में सीओ को इसकी जानकारी देनी है। दूसरी ओर, युवा समाज सेवी अतुल कुमार ने कहा कि गरीब का पैसा खाने का किसी को हक नहीं है। ब्लॉक कर्मी जो काम मिला है वही करें ठेकेदारी ना करें। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। जबकि स्वयंसेवक उपेंद्र सिंह ने कहा कि पैसा ऐसे ही नहीं लिये हैं। बदले में मैटेरियल दिये थे बनाते समय बरसात आ गया इसलिए नहीं बना। एक सप्ताह के अंदर घर बन जाएगा।

कोयल रिवरफ्रंट को बचाने की जिम्मेदारी सभी की: अरुणा शंकर

कहा, व्यावसाई कमेटी बनाकर सुरक्षा करें, मैं करूंगी सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मरीन ड्राइव के समीप जितने भी ठेला, खोमचा, दुकान वाले व्यवसाई व्यापार कर रहे हैं उनके साथ बैठक की। कहा कि अपने कार्यकाल में कोयल रिवर फ्रंट इस उद्देश्य से बनाया था कि शहर का किनारा सुंदर हो तो माता, बहनों, बच्चों को शानदार घूमने की जगह मिले और हमारे छोटे-छोटे व्यवसाई भाइयों को रोजगार मिल सके। पर दुख है कि जिन लोगों ने आज तक कुछ नहीं किया उनके इशारे पर इतनी खूबसूरत कोयल रिवर फ्रंट को बर्बाद कराया जा रहा है। उसका ग्रील और लाइट तुड़वायी जा रही है जो दुखद है। ऐसा कर सिर्फ शहर की खूबसूरती ही नहीं, बल्कि व्यवसाययों का रोजगार भी छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कोयल रिवर फ्रंट में लगे लाइट के तार को निकाल कर मछली मारते हैं। जिससे सारी लाइट खराब हो चुकी है, लेकिन मैंने पुनः सारी लाइटों को दुरुस्त करा दिया है। अब इसकी देख रेख और जवाबदेही आप सभी की है। सब मिलकर एक कमेटी बनाएं और उसकी देखरेख करें। ऐसा नहीं करने से वह दिन दूर नहीं जब लाइट कोयल रिवरफ्रंट में शायद कहीं ना दिखायी दे और धीरे-धीरे लोग इधर आना-जाना छोड़ दें। वहीं, सभी लोगों ने प्रथम महापौर की बातों का स्वागत किया और जल्द एक कमेटी बनाने की बात रखी। अरुणा शंकर ने कहा कि कोयल रिवर फ्रंट की सुरक्षा के लिए हमसे जो भी सहयोग चाहिए मैं करने को तैयार हूं।

ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला थाना क्षेत्र के शंखा-कमता ग्रामीण पथ पर ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गयी। घटना शनिवार की रात 10 बजे की बतायी जा रही है। मृतक की पहचान उर्दवार कमता गांव निवासी देवा भुइंया (25) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार देवा भुइंया दिनभर रेहला से काम करने के बाद रात को ट्रैक्टर चलकर घर जा रहा था। शंखा से कमता जाने वाले ग्रामीण पथ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे खेत में दब गया। वह सारी रात वहां पड़ा रहा। रविवार की अहले सुबह जब ग्रामीणों ने उसे देखा तो बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उदर, घटना की सूचना मिलने पर रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर चंदन साव की बतायी जा रही है।

बाबा बैद्यनाथ मंदिर में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

देवघर (आजाद सिपाही)। देवनगरी बाबा वैद्यनाथ धाम में रविवार को प्रतःपट खुलने के बाद ही भाद्रपद की पूर्णिमा पर पूजा के लिए आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। आज साल का अंतिम चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालु सुबह ही पूजा करने पहुंचे थे। बाबा बैद्यनाथ मंदिर के स्टेट पुरोहित श्रीनाथ महाराज ने बताया कि आज पूर्णिमा होने की वजह से काफी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर बाबा बैद्यनाथ पर गंगाजल अर्पित कर रहे हैं। आज के दिन जो भक्त बाबा भोलेनाथ पर गंगाजल अर्पित करते हैं, उन्हें मनवांछित फल की प्राप्ति होती है और सुख, शांति, समृद्धि और वैभव मिलता है। बताया कि इस दिन बाबा बैजनाथ मंदिर में शाम 6 बजे तक जलार्पण किया जाएगा, इसके बाद श्रृंगार पूजा होने के बाद बाबा बैद्यनाथ को भोग लगाने के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया जाएगा। आज चंद्र ग्रहण का समय रात 9.56 बजे से लेकर देर रात 1.28 बजे तक रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु अपने घरों में पूजा-पाठ करेंगे और चंद्र ग्रहण के बाद स्नान कर दान-पुण्य करेंगे।

नंदन पहाड़ पर चित्रगुप्त मंदिर में मासिक पूजा का आयोजन

देवघर (आजाद सिपाही)। नंदन पहाड़ पर स्थित सार्वजनिक चित्रगुप्त मंदिर के तत्वाधान में इस बार भी मासिक पूजा आयोजित हुआ। रविवार के यजमान सोना सिन्हा थे। मासिक पूजा के दौरान विशेष रूप से सोना सिन्हा द्वारा पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष विनय कुमार सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश्वर सिन्हा, कोषाध्यक्ष नंदन कुमार, सचिव शशि भूषण निराला जी एवं वीरू सहाय, मनोज सिन्हा, संजयगोपाल मंजेरवार, शिवेंद्र किशोर, अमरेंद्र सिन्हा आदि उपस्थित रहे। सभी उपस्थित चित्रांश ने सोना सिन्हा के इस प्रयास की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। बतातें चलें कि चित्रगुप्त मंदिर नंदन पहाड़ पर स्थित है। यह मंदिर भगवान चित्रगुप्त को समर्पित है। भगवान चित्रगुप्त को लेखाकार और रिकॉर्ड कीपर माना जाता है।

कामडारा में सड़क दुर्घटना में दो घायल

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरहरा मोड़ पर एक मवेशी से टकराकर बाईक सवार दो व्यक्ति गिरकर गंभीर रुप से जख्मी हुए। यह घटना रविवार को दिन के लगभग 10 बजकर 30 मिनट के आसपास की है। बताया जा रहा है कि गांव मुरुमकेला मिलगाटोली निवासी सिमोन सुरीन उम्र 25 वर्ष और जेरल केरकेट्टा उम्र 45 वर्ष रविवार को एक बाईक मे सवार होकर गांव कोटबो से अपने घर मुरुमकेला मिलगाटोली जा रहे थे। उसी दौरान कामडारा-बेड़ो पथ पर गांव अरहरा मोड़ के समीप उनलोगों के बाइक के आगे अचानक एक बैल आ पहुंचा और टकराकर दोनो व्यक्ति बाइक सहित गिर पड़े। जिसके कारण उन्हें गंभीर चोट लगी है। वहीं स्थानीय ग्रामीणो ने तुरंत उठाकर उक्त दोनों घायलों को इलाज के लिये सीएचसी कामडारा मे भर्ती करा दिया है।

जिलाध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक बसिया पहुंचे, कार्यकर्ताओं से बातचीत की

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। प्रखंड मुख्यालय के वनविश्रामागार में कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत जिला अध्यक्ष के चयन हेतु परामर्श लिया गया। जिला अध्यक्ष के चयन हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व सांसद सह अखिल कांग्रेस कमिटी सदस्य डॉ रघु शर्मा, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, आवास बोर्ड के चेयरमेन संजय लाल पासवान उपस्थित रहे। इस मौके पर पर्यवेक्षक डॉ रघु शर्मा ने कहा कि आप सभी कांग्रेस पार्टी के रीढ़ है। इस बार आपके परामर्श से जिला अध्यक्ष का चयन किया जायेगा। जो भी जिलाध्यक्ष बनेंगे उन्हें तीन महीना के अंदर जिला से लेकर पंचायत बीएलओ तक संगठन को दुरुस्त करना होगा। हम सभी जिला के सभी प्रखंडों में इस बार घूम घूम कर सभी कार्यकर्ताओं का फीडबैक ले रहे है ओर उस फीडबैक को केंद्रीय कमेटी को सौंपा जायेगा। गुमला जिला में कांग्रेस काफी मजबूत है। जो कार्यकर्ता कार्य करेगा, वही पद पर रहेगा जो काम नही करेगा वो पद पर नही रहेगा। जब उनसे पूछा गया कि विगत वर्षों में गुमला जिला के तीनों विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के विधायक हुआ करते थे लेकिन आज एक भी सीट नही है? इसपर मुख्य पर्यवेक्षक डॉ रघु शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अब अपने संगठन को मजबूत करने में लगी है और उसी कवायद के तहत संगठन सृजन अभियान 2025 कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान द्वारा भी कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष चयन, संगठन विस्तार के संबंध में जानकारी दिया गया। बंधु तिर्की ने कहा कि हम उस पार्टी के सिपाही है जिसमें देश के लिए लेडी आयरन इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने जान दे दी। जबकि भाजपा ने कभी देश की झंडा को सम्मान नहीं दिया। नागपुर में कभी तिरंगा नही फहराया जाता था, भाजपा देश की आजादी वर्ष 1947 को न मानकर 2014 को मानती है। भाजपा और उसका पूर्व संघ संघठन का देश के आजादी में कभी कोई योगदान नही रहा है। झारखंड के जयपाल सिंह मुंडा बोनिफास जैसे महान लोगों ने संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभायी। संगठन के मजबूती के लिए सबके सहयोग से जिला अध्यक्ष का चयन किया जायेगा।

इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने जिलाध्यक्ष के लिए अपना नामांकन पत्र मुख्य पर्यवेक्षक डॉ रघु शर्मा, पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकरी अध्यक्ष बंधु तिर्की और आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान को सौंपा। डॉ रघु शर्मा द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को अकेले में बुलाकर जिलाध्यक्ष के संबंध में उनका मंतव्य लिया जिसे केंद्रीय कमेटी को सौंपा जायेगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव रोशन बरवा, अकील रहमान, सुशील कुमार होता, चैतू उरांव, अभय चौधरी, अजित गुड़िया, राजनील तिग्गा, आजाद अंसारी,विकास साहू, पंकज सिंह, जेडी नायक, मुंतजिर खान, ज्योति लकड़ा, मुमताज खान, जसिता बागे समेत प्रखंड से पंचायत तक के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस के प्रदेश सचिव अकील रहमान से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि गुमला जिला में सदान वर्ग से आखिर बार रामशरण जायसवाल जिलाध्यक्ष थे जिनका कार्यकाल के दौरान ही 8 नवबंर 1991 को हत्या कर दी गयी है। उसके बाद अभी तक कोई सदान वर्ग से कोई जिलाध्यक्ष नही बन पाया है। स्व रामशरण जायसवाल के पुत्र सुजीत कुमार जायसवाल वर्तमान में सक्रिय रूप से कांग्रेस में है और जिलाध्यक्ष हेतु दावेदारी पेश कर रहे है।

विकास भारती ने अनाथ बच्चियों को लिया गोद

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। प्रखंड के नावाडीह गांव में सड़क दुर्घटना ने एक परिवार से उसका सहारा छीन लिया। इस हादसे में गांव निवासी प्रकाश उरांव की मौत हो गयी, जिससे उनकी तीन मासूम बेटियां, जिनकी उम्र 6 से 12 वर्ष है, अनाथ हो गयी। पिता की असमय मौत ने परिवार को गहरे संकट में डाल दिया और बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई पर सवाल खड़ा हो गया। ऐसे कठिन समय में विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत आगे आये और तीनों बेटियों की शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी लेने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि संस्था बच्चियों की पढ़ाई के साथ उनके सुरक्षित भविष्य की भी व्यवस्था करेगी। संस्था के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने भी गांव पहुंचकर आश्वासन दिया कि बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव सहयोग मिलेगा। ग्रामीणों ने इस कदम का स्वागत करते हुए संस्था के प्रति आभार जताया। उनका कहना है कि विकास भारती की पहल से इन मासूमों के जीवन में फिर से उम्मीद की किरण जगी है। जहां सड़क हादसे ने परिवार का सहारा छीन लिया, वहीं शिक्षा और सहयोग अब उनके जीवन की नयी राह बनेगा।

विद्यार्थियों को माता-पिता और अभिभावकों के प्रति आदर भाव रखने की दी गयी सीख

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। रविवार को वर्मा क्लासेज प्रेम नगर चैनपुर में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और पुरोहित विश्वनाथ पाठक जी के द्वारा सरस्वती वंदना की गई। शिक्षक छटन साहू और मुकेश वर्मा ने अपने संदेश में छात्रों को शिक्षा के महत्व और संस्कारों के पालन की प्रेरणा दी। उमेश वर्मा की माता ने भी अपने आदर्श जीवन मूल्यों और मुश्किलों से लड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कठिनाइयों से हार नहीं माननी चाहिए और हमेशा आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षक उमेश कुमार वर्मा ने छात्रों को अच्छे संस्कार, कर्तव्य पालन, नैतिक मूल्यों का अनुपालन और माता-पिता और अभिभावकों के प्रति आदर भाव रखने की सिख दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए इन मूल्यों का पालन करना आवश्यक है। इस अवसर पर गुरु-शिष्य परम्परा को जीवंत किया गया और छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए बल्कि शिक्षकों के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे वे अपने छात्रों को सही मार्गदर्शन और प्रेरणा दे सकें। वर्मा क्लासेज में शिक्षक दिवस का आयोजन एक सफल और यादगार आयोजन रहा। इस अवसर पर छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया और शिक्षकों ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और संस्कारों के पालन की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिनमें कन्दर्प सोनम, अंजलि, परी, सुम्बुल, वर्षा, नेहा, अंजनी, सोनी, ईसाबेल, जरीन, एलिन, परिधि, दीपशिखा, प्रिया, अन्विशा, उषा, सौरव, प्रिंस, आर्यन, अनुष्का, आशीष, हैप्पी, अर्पिता, खुशबू, यश पाठ, गौरव, भाष्कर शर्मा, सौमिक, सूरज, नयन, रुद्र, सिद्धिविनायक, सुमित, कन्दर्प, राहेल, रब्बानी, प्रिंस, दामिनी, आर्यन, रामीजसहेब, मुकेश, अखिल, अभिषेक, गुलसन सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उर्वरक बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने लालमोहन साहु

आजाद सिपाही संवाददाता

अध्यक्ष लाल मोहन साहु, उपाध्यक्ष विनोद कुमार साहु और सचिव अजित गुप्ता।

गुमला। शहर के बाईपास रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन इन में रविवार की अपराह्न 4 बजे गुमला जिला उर्वरक बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नए सिरे से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष लालमोहन साहु, उपाध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल, सचिव अजीत कुमार गुप्ता, उप सचिव जावेद अंसारी, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, सह कोषाध्यक्ष शंकर अग्रवाल, मीडिया प्रभारी पिंकू, मुख्य संरक्षक मोहम्मद मोइन, संरक्षक धनीराम यादव को बनाया गया है। वही कार्यकारिणी सदस्य में गुमला से अभिषेक लोहानी, रवि शंकर शाह, रायडीह से संजय कुमार गुप्ता, पूरेन्दर साहू और लव कुमार, चैनपुर से अमित जायसवाल, सुभाष जायसवाल, डुमरी से विशाल केसरी, संदीप पालकोट से नीरज शाह, प्रमोद साहू बसिया से दुबराज ओहदार, सुदन कामडारा से कृष्ण, संतोष साहु सिसई से कामेश्वर महतो, नमन साहु, बिट्टू यादव, अरशद अंसारी भरनो से निखिल केसरी, विष्णु केसरी, अनामुल खान, दिनेश केसरी घाघरा से मनोज साहु, राहुल यादव, मनोज गुप्ता, संदीप बिशुनपुर से लक्ष्मी नारायण, चरण साहु और जारी से वकील अंसारी का चयन किया गया है। बैठक में व्यापारियों ने कहा गुमला जिले में बीते दिनों यूरिया की भारी किल्लत देखी गयी। जिससे किसानों को काफी परेशानी हुई किसान दुकान दुकान भटकते रहे। वहीं विभाग का भी खूब चक्कर लगाया लेकिन उन्हें सरकारी दर पर यूरिया नहीं मिला। व्यापारियों ने बताया पूरे झारखंड में सभी जिलों में यूरिया उपलब्ध है लेकिन सिर्फ गुमला जिला में यूरिया के किल्लत देखी गयी। वहीं विभाग द्वारा भी व्यापारियों को परेशान किया गया जिसका सभी ने खुलकर विरोध किया। सभी व्यापारी एक स्वर में व्यापारियों की एकता पर बल दिया। साथ ही भविष्य में किसी प्रकार की भी परेशानी होने पर एक जुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। व्यापारियों ने कहा कृषि विभाग द्वारा कुछ चहेते व्यापारियों को लाभ पहुंचाया जाता है। और कुछ व्यापारियों को बेवजह परेशान किया जाता है। मंच का संचालन सुडन साहु ने किया। कार्यक्रम में जिला सहित प्रखंड से काफी संख्या में व्यापारी शामिल हुए।

राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 54 खिलाड़ी साहेबगंज गये

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के चतुर्थ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता-2025 में भाग लेने हेतु एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय,बसिया के 54 खिलाड़ी छात्रों का दल दो संरक्षक शिक्षकों, अमरदीप बक्सराय और आर्यन शाह भोगनाडीह, साहेबगंज के लिए रवाना हुए। यह खेलकूद प्रतियोगिता भोगनाडीह, साहेबगंज में 8 से 10 सितंबर तक आयोजित है। इस खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं यथा 100 मी, 200मी, 400मी, 1500मी, लंबी कूद, उंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक के अतिरिक्त वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, कैरम शतरंज तथा योग जैसे व्यक्तिगत, समूह तथा इनडोर खेलों को शामिल किया गया है। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी छात्र नवंबर में राउरकेला, उड़ीसा में होने वाले एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के चतुर्थ राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता-2025 में भाग लेंगे। प्राचार्य संजय कुमार सिंह, विद्या विकास समिति के निरीक्षक अखिलेश कुमार तथा प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने सभी खिलाड़ी छात्रों को शुभकामना दिया।

बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित मुकाबले का समापन

पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मिला इनाम

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित होने वाली इनामी मुकाबला का फाइनल रविवार को सम्पन्न हुई। मुकाबले में पहला,दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद पीरे तरीकत अल्हाज सैयद अहमद रब्बानी साहब के मुबारक हाथों से दिया गया। मुकाबले में चार-चार फाइनलिस्ट प्रतिभागियों का चयन चार सितंबर को आयोजित टेस्ट के माध्यम से किया गया था। चार से पांच साल के बच्चों के बीच हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान आलिजा प्रवीण दूसरा स्थान जुबिया सिद्धिक और तीसरा स्थान पर सहला निगार फातिमा रही। इसी प्रकार छह से सात साल में नूर इस्लाम,सीदरा फातिमा, मो शाहान।वहीं 13 से 18 साल की बच्चियों के बीच हुई लिखित प्रतियोगिता में पहला स्थान शिफा नाज,दूसरे पर महविश फातिमा और तीसरे स्थान पर सिम्मी प्रवीण रही।तकरीर (प्रवचन) में आठ से 12 साल के बच्चे बच्चियों में पहला स्थान पर नौरिन तूबा रहीं दूसरा स्थान पर सारिया परवीन और तीसरे पर साइमा नाज रहीं। क्विज कंपीटिशन में आठ से 12 साल के बच्चे बच्चियों पहला स्थान पर नौरिन तूबा दूसरा स्थान पर माहिरा नाज और तीसरा स्थान पर आयजा सिद्दीका।इसी प्रकार 13 से अधिक उम्र के लड़कों के बीच हुई क्विज कंपीटिशन में पहला स्थान पर अबू रेयान दूसरे स्थान पर जिशान अख्तर और तीसरे स्थान पर मोहम्मद फरहान रहे। उक्त मुकाबले में पहला स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को 21 सौ रूपये का नगद इनाम दिया और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11 सौ और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 501 रुपया का नगद ईनाम के साथ साथ मेडल और शिल्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। जज की भूमिका में जामा मस्जिद के इमाम रब्बानी, गौसिया मोती मस्जिद के इमाम हाफिज जाहिद रब्बानी, मदरसा फैजाने अशरफ के कारी अरबाज अत्तारी रहे जबकि मुकाबला का फाइनल स्कोरर फैजयाब अत्तारी ने किया। मौके पर ट्रस्ट के सदर फिरोज अली उर्फ पप्पू रब्बानी, सचिव साहेब रब्बानी, तहसीन रब्बानी, गुलाब रब्बानी,हसन रब्बानी,छोटू रब्बानी, एखलाक रब्बानी, मो कौसर,मुर्शीद रब्बानी, सादिक रब्बानी और सोनू रब्बानी समेत ट्रस्ट के सभी सदस्यों के अलावे काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुसो के बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव एवं विशिष्ट अतिथि पुसो थाना प्रभारी जहांगीर खान के द्वारा संयुक्त रूप से डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया और विधिवत फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। थाना प्रभारी जहांगीर खान ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुटनी ग्राम में हुआ था। वे देश के प्रथम उपराष्ट्रपति थे और वे एक महान शिक्षाविद् एवं दार्शनिक थे।वर्ष 1954 ई में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान (भारत रत्न) से सम्मानित किया था। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमन यादव ने अपने स्कूली जीवन में बिताए हुए पलों को याद करते हुए कहा कि स्कूल का दिन सबसे अच्छा दिन होता है। यदि हमलोग थोड़ी बहुत गलतियां करते थे तो शिक्षक हमें डांटते समझाते थे ताकि हमारे अंदर अनुशासन बना रहे और संस्कार का पालन हो सके। कभी कभी थोड़ी बहुत मार भी पड़ती थी लेकिन वो हमारे लिए मार्गदर्शन का काम करती थी। स्कूल का समय गोल्डन समय होता है यही वह समय है जो हमारे जीवन की दिशा तय करता है। अतिथियों के द्वारा विद्यालय में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, सचिव रामचरित्र सिंह, प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम कुमार एवं विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

आदिवासी दिवस सह मिलन समारोह में 80 गांव के लोग हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर के बरवे मैदान में रविवार को आदिवासी एकता मंच के तत्वाधान में आदिवासी दिवस सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के करीब 80 गांव से आदिवासी अपने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा और वाद्य यंत्रों ढोल नगाड़ों के साथ हजारों की संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि गलंगसांग डूंगडूंग सहित कई अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया।

मुख्य अतिथि गलंगसांग डूंगडूंग ने कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के हजारों आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया की ताकत हमारी जल जंगल जमीन को हमारी भाषा संस्कृति को हमारे पूरे समाज को खत्म करना चाहती है उसके सामने हमें पूरे ताकत के साथ लड़ने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। झारखंड अलग राज्य आदिवासियों के लिए बना पर झारखंड राज्य के 24 वर्ष हो जाने के बाद भी पेसा कानून की नियमावली नहीं बन रही है यह सबसे बड़ा चिंतनीय विषय है। बाहरी लोग सरना और इसाई के नाम पर आदिवासियों को लड़ाकर हमारी जमीन हड़प रहें है। इस राज्य में 40% खनिज संपदा है आपके राज्य और आपके जिले से सारा का सारा खनिज संपदा बाहर जा रहा है पर आपको उसका पैसा नहीं मिल रहा है। गुमला के डीसी और डीडीसी सारा पैसा मनमानी तरीके से खर्च कर रहे हैं जबकि उनको एक-एक ग्राम सभा से पूछना है। हमें चारों ओर से लूटा जा रहा है आदिवासी भारत के मूल निवासी और मालिक हैं उन्होंने आदिवासियों के कई अधिकारों की भी बात की।

वही बिंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने आदिवासियों के लिए अलग राज्य बनाने वाले दिशुम गुरु शिबू सोरेन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में शिबू सोरेन की योगदान से लोगों को अवगत कराया।

जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने अतिथियों का परिचय कराया और सभा को संबोधित किया। वहीं इस कार्यक्रम को अन्य कई आदिवासी नेताओं ने भी संबोधित किया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को अल्बर्ट एक्का चौक से आदिवासी रीति-रीवा से नाचते गाते स्वागत कर मंच तक लाया गया जहां उन्हें बैच और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के गांव से पहुंचे कई नृत्य मंडलियों ने इस मौके पर अपना-अपना आदिवासी नित्य प्रस्तुत कर लोगों को फिर थिरकने पर विवश कर दिया। उत्कृष्ट नृत्य प्रदर्शन करने वाले मंडलियों को पुरस्कृत भी किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से फादर जेभिरियानुस तिर्की, फादर जेभिरियानुस किण्डो, उषालीमा तिग्गा, शोभा देवी, शांत टोप्पो, कमल कुजूर, पलासीदीयुस टोप्पो, प्रमोद खालको, अल्बर्ट तिग्गा, अनूप संजय टोप्पो, सुशील तिर्की सहित कई आदिवासी नेता और हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्पोर्ट्स

येलो बेल्ट के 9, ऑरेंज बेल्ट के 5, ग्रीन बेल्ट के 10, ब्लू बेल्ट के 8, पर्पल बेल्ट के 5, ब्राउन बेल्ट के 12 और ब्लैक बेल्ट के 4 कराटे खिलाड़ी शामिल हैं

चार लड़कियों को मिली ब्लैक बेल्ट प्रथम डन की उपाधि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड और इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के सयुक्त तत्वाधान में कामिल बुल्के पथ स्थित संत जोसफ क्लब में बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रेडिंग में सफल रहे कराटे खिलाड़ियों को सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने येलो से ब्लैक बेल्ट तक बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिसमें येलो बेल्ट के 9, ऑरेंज बेल्ट के 5, ग्रीन बेल्ट के 10, ब्लू बेल्ट के 8, पर्पल बेल्ट के 5, ब्राउन बेल्ट के 12 और ब्लैक बेल्ट के 4 कराटे खिलाड़ी शामिल है। ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों को शिहान सुनील किस्पोट्टा के द्वारा उनके पुराने ब्राउन बेल्ट को हटाकर ब्लैक बेल्ट पहनकर उन्हें विशेष रूप से सम्मान दिया गया। साथ ही उन्हें प्रथम डन की उपाधि से नवाजा गया।

पांच सूत्री मांगों को लेकर पोषण सखियों ने की बैठक

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य एकीकृत पोषण सखी संघ की ओर से पांच सूत्री मांगों को लेकर धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में रविवार को बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से संघ की प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी भी शामिल हुई। धनबाद जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे एवं प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा गया की पहले विधानसभा सत्र में पोषण सखियों के पांच सूत्री मांग पर सहमति बनी थी जिसमें ड्रेस कोड, बीमा, मानदेय बढ़ोतरी की बातें कही गई थी। पर अब तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है। यदि वर्तमान सरकार पांच सूत्री मांगों को पूरी नहीं करती है तो संगठन ठोस निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा।

चोरी की घटना का उद्भेदन, पांच गिरफ्तार

सभी आरोपी रामगढ़ जिले के, कार सहित चोरी की संपत्ति भी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। जरीडीह थाना अंतर्गत बहादुरपुर गांव में विगत 27-28 अगस्त की रात अज्ञात चोरों द्वारा की गई चोरी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने रामगढ़ जिले के रहवे वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से नकदी सहित चोरी की गई वस्तुएं भी बरामद कर ली हैं। जानकारी के अनुसार बहादुरपुर निवासी शशि शेखर द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर थाना 29 अगस्त को धारा 305/331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के उद्भेदन के लिए एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश

पकड़े गये चोरों की जानकारी देते एसपी हरविंदर सिंह एवं अन्य अधिकारी।

पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) वशिष्ठ नारायण सिंह के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया। जिसने तकनीकी साक्ष्य और मानवीय सूचना के आधार पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इस बाबत एसपी ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार गांव निवासी रवि कुमार खेरवार, अंगरक्षक खेरवार, कोहिनूर खेरवार, आशुतोष कुमार उर्फ सन्नी और रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर गांव निवासी अभय कुमार साव के रूप में हुई है। इन लोगों ने न केवल बहादुरपुर में चोरी की बात स्वीकार की, बल्कि कसमार थाना क्षेत्र के दांतू गांव में भी दो घरों में चोरी की बात स्वीकार की है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रवि कुमार खेरवार और अभय कुमार साव का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। रवि कुमार खेरवार के विरुद्ध हजारीबाग सदर थाना, सिल्ली और भंडरा थाना में तीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। जबकि, अभय कुमार साव के विरुद्ध भी गोला थाना में एक मामला पहले से दर्ज है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर एक कार, कांसा एवं पीतल के बर्तन (लगभग 40 किलोग्राम) सोने के जेवरात का गलाया हुआ टुकड़ा (8.5 ग्राम), चांदी (लगभग 280 ग्राम), बजरंगबली लॉकेट (1.62 ग्राम), नकद 4,500 रुपये, महिला घड़ी एवं घटना में प्रयुक्त औजार प्लास, पेचकस, लोहे की रॉड आदि बरामद कर जब्त किया है। उधर, मामले के उद्भेदन को गठित एसआईटी में वशिष्ठ नारायण सिंह (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेरमो), शैलेन्द्र कुमार सिंह (अंचल निरीक्षक, जरीडीह) विपिन चन्द्र महतो (थाना प्रभारी, जरीडीह),भजन लाल महतो (थाना प्रभारी, कसमार), राजू कुमार मुण्डा (थाना प्रभारी, पेटरवार), हितनारायण महतो, कुंदन कुमार, विकास कुमार विश्वकर्मा, मनोज कुमार ठाकुर आदि शामिल थे।

इस्पात मंत्री से मिलकर ढुल्लू महतो ने किया लाइसेंस की अवधि 60 महीने करने का आग्रह

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट के बंद पड़े गैर आवासीय भवनों को लाइसेंस पर देने का मामला केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री के पास पहुंच गया है। बोकारो स्टील प्रबन्धन ने बंद पड़े गैर आवासीय भवनों को 33 महीने के लाइसेंस पर देने का सर्कुलर जारी किया था। जिसकी अवधि आठ सितंबर तक है। शनिवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मिलकर लाइसेंस की अवधि 33 महिने से बढ़ाकर 60 महीने करने और 50 प्रतिशत विस्थापितों को आवंटित करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस्पात मंत्री को याद दिलाया कि इस संदर्भ में उन्होंने सेल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश को आठ दिसंबर 2024 को मुलाकात कर एक पत्र दिया था जिसमें उक्त मांगें की गई थी। पुनः 19 अगस्त 2025 को पत्र देकर पूरे प्रकरण की जानकारी दी गई। इस्पात मंत्री ने सांसद की बातों को गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में सकारात्मक पहल करने की बात कही है।

बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल का संयुक्त वार्षिक आम सम्मेलन का समापन

धनबाद (आजाद सिपाही)। बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के धनबाद इकाई 1, 2, 3, 4, वेतन बचत योजना प्रकोष्ठ और गोविंदपुर इकाई का संयुक्त वार्षिक सम्मेलन रविवार को जोडाफाटक रोड स्थित आईसीए हॉल में संपन्न हुआ। जिसमें सरकार की जनविरोधी नीतियां, विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के निजीकरण और मेहनतकश लोगों की कड़ी मेहनत से अर्जित अधिकारों पर हमलों के जरिये श्रमिक कानूनों को नियोक्तापरक बनाने के अलावा सार्वजनिक संपदाओं को चहेते पूंजीपतियों के हाथों लूटने की बनाये गये नियमों के विरोध में चर्चा की गयी। संगठन के महामंत्री जगदीश चंद मित्तल ने कहा कि संसद के आगामी सत्र में बीमा कानून संशोधन विधेयक पेश करने पर सरकार आमदा है। तीन कानून बीमा अधिनियम 1938, जीवन बीमा निगम अधिनियम 1956, बीमा विनियम विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 में संशोधन लाने का प्रस्ताव है, जिसके विरोध में आंदोलन जारी रखे है। आने वाले महीने में सरकार ऑफर फॉर सेल के जरिए एलआईसी में 6.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। जिसका संगठन विरोध करता हैं। वहीं, संगठन के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 74 फीसदी से बढ़कर 100 फीसदी करने की सरकार की जिद समझ से परे है। क्योंकि विदेशी बीमा कंपनियां भारत की बीमा क्षेत्र में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिख रही हैं। संगठन सचिव अमित कुमार ने कहा कि एलआइसी के कुल कर्मचारियों की संख्या में चिंताजनक गिरावट आई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक सचिव सुबीर राम, राहुल प्रसाद, राकेश कुमार, शुभम राज, रिशु गुप्ता, सुमित बास्की, पंकज कुमार, गोपाल कुमार, सुबीर राम, निशेष सिन्हा, सपन दास, संजय पाठक, रोहित बर्मन, अमित कुमार और जोगेश्वर राम आदि का योगदान सराहनीय रहा।

बाइक रैली निकाल कर हक-अधिकार के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

चिरकुण्डा (आजाद सिपाही)। दामोदर वैली वस्तुहारा संग्राम समिति पंचेत यूनिट की ओर से रविवार को विशाल बाइक रैली निकाल कर ग्रामीण को जागरूक किया गया। समिति के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी ने बताया कि पंचेत के विभिन्न क्षेत्रों में बाइक रैली के जरिए ग्रामीणों को अपने हक और अधिकार को समझने एवं आंदोलन में शामिल होकर सहयोग करने की अपील की गयी है। आरोप लगाया कि डीवीसी प्रबंधन भोले-भाले ग्रामीणों को देश हित की बात बातकर लगभग 10 परिवारों का जमीन अधिग्रहण कर लिया है। पर आज तक उन परिवारों को न मुआवजा दिया, ना नियोजन और ना ही स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क की व्यवस्था दी। कहा कि हमलोग इस लड़ाई को बिना किसी नेता के संवैधानिक तरीके से लड़ रहे हैं। आज उस जमीन पर कानूनी रूप से ग्रामीणों का हक और अधिकार है। डीवीसी प्रबंधन एनटीपीसी के माध्यम से सोलर प्लांट लगाकर हमारी जमीन का अधिग्रहण करना चाहती है। हालात ऐसे हो गये हैं कि विस्थापितों को ही अतिक्रमणकारी बता दिया जा रहा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि डीवीसी प्रबंधन पुलिस प्रशासन का भय दिखाकर ग्रामीणों की जमीन को लूटना चाहते हैं, जो हरगिज नहीं होने देंगे। बताया कि 15 अक्टूबर को पंचेत में एक विशाल जनसभा होने जा रही है। जिसमें बंगाल और झारखंड के लगभग 30 से 40 हजार लोग शामिल होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

बिरनी में लंबे समय से हो रही राशन की कालाबाजारी केशोडीह में डीलर ने फिर नहीं बांटा अनाज, हंगामा

उपप्रमुख की तत्परता, ग्रामीणों का आक्रोश

मामला तब उजागर हुआ जब इसकी जानकारी उपप्रमुख शेखर सुमन को मिली। उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए एमओ सुरेंद्र यादव को जांच का आदेश दिया। जिसमें सच्चाई सामने आई और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। देखते ही देखते पंचायत में भारी हंगामा हो गया। ग्रामीणों ने डीलरों को घेर लिया और सवालों की झड़ी लगा दी। गुस्साए ग्रामीणों के दबाव में आखिरकार डीलरों ने आश्वासन दिया कि दो दिनों के भीतर अगस्त माह का चावल सभी कार्डधारियों को बांट दिया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि अनाज पहले ही बेचा जा चुका है। आश्वासन महज लीपापोती है।

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह/बिरनी। किशोडीह पंचायत में गरीबों के हक का अनाज डकारने का बड़ा मामला उजागर हुआ है। पता चला है कि बाराय केशोडीह और सिरमाडीह के डीलरों ने अगस्त माह का राशन गोदाम से तो उठा लिया था, लेकिन लाभुकों के बीच वितरित नहीं किया है। कार्डधारियों से साइन और अंगूठा लगवा लिया गया, पर किसी को भी एक दाना नहीं मिला। वहीं, बराय के संगम एसएचजी केंद्र पर जब एमओ सुरेंद्र यादव और मुखिया कृष्णकांत वर्मा पहुंचे, तो वहां सचिव कुसमी देवी, अध्यक्ष बसंती देवी और कोषाध्यक्ष सुदामी देवी ने खुलासा किया कि उन्हें खुद का अपना राशन तक नहीं मिला है। कहा कि उनका नाम केवल कागज पर दर्ज है, जबकि असली संचालन कोई और करता है। वहां के संचालन खुद अगस्त माह का चावल नहीं मिलने का दावा कर रहे थे, जबकि एमओ का कहना है कि बिरनी से अगस्त माह का चावल भेज दिया गया है। इस बाबत समाजसेवी विनोद मंडल ने एमओ से पूछा कि क्या राशन उठाने से पहले फिंगर लगाना अनिवार्य है? इस पर एमओ ने गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि हमेशा तो नहीं, कभी-कभी वैकल्पिक व्यवस्था दी जाती है। इस पर विनोद मंडल ने विधायक नागेंद्र महतो का हवाला देते हुए कहा कि फिंगर पहले लगाने का कोई प्रावधान ही नहीं है। जब तक गरीब को अनाज हाथ में नहीं मिलता, तब तक किसी से फिंगर या साइन लेना ही अवैध है।

गरीबों को परोसा जा रहा सड़ा अनाज

गिरिडीह/बिरनी (आजाद सिपाही)। बिरनी प्रखंड के मनकडीह जनवितरण प्रणाली दुकान में अगस्त माह के राशन वितरण के दौरान शनिवार को कार्डधारियों को सड़ा और बदबूदार अनाज का वितरण किया गया। चावल देखते ही उपभोक्ता भड़क उठे और लेने से साफ इनकार कर दिया। डीलर डोली देवी ने हाथ खड़े करते हुए कहा कि वो वही दे रहे हैं, जो एजीएम गोदाम से भेजा गया है। हमने बोरियां खोलीं तो आठ बोरी पूरी तरह खराब निकली। करीब एक क्विंटल चावल सड़ चुका है। विभाग को सूचना दी गयी थी। लेकिन वहां से आदेश मिला कि जो आया है, वही बांट दो। उधर, घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि किस तरह से राशन की बोरियों में खराब चावल भरा पड़ा है। ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति श्याम नगर ने मनाया अपना पहला वर्षगांठ

धनबाद (आजाद सिपाही)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति के एक वर्ष पूरे होने के साथ ही संस्था के कार्य से प्रभावित होकर रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर ने सभी सदस्यों को सम्मानित किया। फाउंडेशन डे के अवसर पर संस्था के सदस्यों ने केक काटा। इस मौके पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस समिति के अध्यक्ष राकेश कांति विश्वास, सचिव दिलबाग सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव बनर्जी, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के मुख्य अतिथि गोपाल भट्टाचार्जी, पवन अग्रवाल, रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, संयोजक राजेंद्र प्रसाद साहू, समिति के मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास, विश्वजीत मुखर्जी, रमेश यादव, प्रदीप श्रीवास्तव, हसन जहांगीर, सोनू, प्रदीप बौरी, संदीप साव, रिंकू साव, मिंटू साव, सुमेश साव, नीलम शर्मा, मुस्कान परवीन और मंजू सिंह आदि उपस्थित रहे।

बेरमो थाना परिसर में लगा 'सर तन से जुदा' का नारा, हिन्दू संगठनों ने की शिकायत

30 नामजद और 120 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा कि थाना परिसर में विवादित नारा लगाने को लेकर बोकारो एसपी हरविंद्र सिंह के नेतृत्व में 150 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। इसमें 30 नामजद और 120 अज्ञात लोग हैं। वहीं, बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि पोस्ट को लेकर पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया था। लेकिन कुछ लोग कानून को अपने हाथ में लेकर पुलिस के काम में बाधा उत्पन्न किये थे। हमने बेरमो पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया है। प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। अब तक छह लोगों को हिरासत में ले लिया गया है।

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना परिसर में शनिवार को मुस्लिम समुदाय की ओर से 'सर तन से जुदा' जैसे विवादित नारा लगाये जाने पर हिन्दू संगठन में आक्रोश है। रविवार को हिंदू संगठन ने कस्तूरवा श्री विद्या निकेतन विद्यालय में सामूहिक रूप से बैठक करने के बाद बेरमो थाना में सामूहिक आवेदन देकर विवादित नारा लगाने वाले सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। वहीं, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने ऐसे विवादित नारा लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी है। वहीं, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने कहा कि बेरमो शांतिप्रिय जगह है। समाज विरोधी लोग थाना परिसर में विवादित नारा लगाकर बेरमो के माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। थाना प्रभारी से निवेदन है कि सभी आरोपी को तीन दिन में गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई करें। वहीं, भाजपा बोकारो जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह ने कहा कि जब थाना में नारेबाजी हो रहा था तब मैं यही थी। इस तरह की नारेबाजी आज तक बेरमो में नहीं हुआ था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों पर देश द्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

पुराना बाजार स्टेशन सड़क की मरम्मती से हर्ष, मिठाइ बांट कर मनायी गयी खुशी

धनबाद (आजाद सिपाही)। पुराना बाजार स्टेशन रोड की मरम्मती को लेकर युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के बैनर तले हुए आंदोलन की रविवार को जीत हुई है। आंदोलन के कारण ही रेलवे प्रबंधन ने पुराना बाजार स्टेशन सड़क की मरम्मती करा सभी को दुर्गापूजा का तोहफा दिया। इसे लेकर रविवार को युवा संघर्ष मोर्चा के बैनर तले पुराना बाजार के दुकानदार एवं स्थानीय लोगों ने लड्डू बांट कर खुशी मनायी। इस मौके पर समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी दिलीप सिंह, पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सोहराब खान, समाजसेवी प्रभात सुरुलिया, समाजसेवी संजय सिंह, ददन सिंह, अभिभावक संघ के महासचिव मनोज मिश्रा और भाजपा नेत्री बॉबी पांडे को दुकानदारों ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दिलीप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलवे मंत्रालय और धनबाद डीआरएम का आभार व्यक्त किया है। कहा कि आज डीआरएम साहब ने दुकानदार भाइयों और राहगीरों को सड़क मरम्मती कर दुर्गापूजा का तोहफा दिया है। वहीं, चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान ने रेल महाप्रबंधक का आभार व्यक्त करने के साथ ही अंडरपास की बंद स्ट्रीट लाइट को चालू करने का आग्रह किया है। मौके पर संतोष सिंह, दिवाकर सिंह, परमजीत सिंह सरदार, सलाउद्दीन महाजन, इमरान अली जीवा, धर्मेंद्र सोनकर, सोनू गिरी, निर्भय सिंह, सरोज प्रसाद, विकास सिंह, अनिल अग्रवाल, अजीत साव, टिंकू साव, जीत सोनी, अजीत शर्मा, संजीत सिंह, रंजन यादव, सरवन, मुकेश सोनी, संतोष रवानी आदि मौजूद थे।

झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के धनबाद इकाई का जिला अधिवेशन संपन्न

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की धनबाद जिला शाखा का अधिवेशन रविवार को निरसा के गोपालगंज स्थित धनबाद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें शिक्षकों ने शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और नई जिला कार्यकारी समिति का चुनाव किया। इसमें झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनके हितों की रक्षा के लिए संघ की प्रतिबद्धता दोहराई। जबकि मुख्य अतिथि और मुख्य संरक्षक के रूप में उपस्थित विधायक अरूप चटर्जी ने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान, सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारी समिति का चुनाव किया गया। इसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने पदभार ग्रहण किया और शिक्षकों के कल्याण एवं शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए मिलकर काम करने की शपथ ली। सदस्य किशोर कुमार सिंह, तारक नाथ मिश्रा, सुरेष मंडल, शंभु साव, रोहित कुमार, ब्रजेश झा, दीपक दा, अरविंद यादव, असलम सज्जाद, मनोज कुमार यादव, राजेश कुमार सिंह, पंकज कुमार, अमित रजक, शंकर प्रसाद घोषाल आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी नीलकमल खवास ने दी।

धनबाद में आयोजित हुआ डाक कर्मचारी संघ का महासम्मेलन

8वां वेतन आयोग और पुरानी पेंशन के लिए देशव्यापी आंदोलन का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। देशभर के डाक कर्मचारी और केंद्रीय कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर एकजुट हो रहे हैं। धनबाद में रविवार को अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ, पोस्टमैन एवं एमटीएस की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का दो दिवसीय महासम्मेलन शुरु हुआ। जिसकी अध्यक्षता झारखंड परिमंडल, रांची के सर्कल सचिव रवि रंजन सिंह ने की। इसमें देशभर के सभी सर्कलों के कर्मचारी नेता और प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसका मुख्य उद्देश्य डाक विभाग और केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर गहन चर्चा करना और सरकार पर दबाव बनाने के लिए एक ठोस रणनीति बनाया था। इससे पहले सम्मेलन का उद्घाटन एनएफपीआई के जनरल सेक्रेटरी जनार्दन मजूमदार,

झारखंड राज्य अति पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव, निरसा विधायक अरुप चटर्जी और सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने संयुक्त रूप से किया। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय डाक कर्मचारी महासंघ के सचिव ने 8वें वेतन आयोग पर जोड़ दिया। कहा कि कर्मचारियों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि एक जनवरी 2026 से लागू होने वाले इस आयोग की कमेटी का गठन अभी तक नहीं किया गया है। कर्मचारी नेताओं का मानना है कि समय रहते कमेटी का गठन होने से पोस्टमैन, एमटीएस और अन्य सभी कैडर के कर्मचारियों की स्थिति का सही मूल्यांकन किया जा सकेगा। कर्मचारी नेताओं ने सवाल उठाया कि जब देश के बड़े-बड़े नेताओं को पुरानी पेंशन का लाभ मिलता है, तो उन्हीं के लिए काम करने वाले कर्मचारियों को इससे वंचित क्यों रखा जा रहा है। उन्होंने साफ कर दिया कि वे नई पेंशन योजनाओं जैसे यूपीएस (यूनिवर्सल पेंशन स्कीम) और एनपीएस (नेशनल पेंशन स्कीम) को स्वीकार नहीं करेंगे। वहीं, बैठक में डाक विभाग के भीतर की कई अव्यवस्थाओं को भी उजागर किया गया। कर्मचारी नेताओं ने 'इंडिपेंडेंट डिलीवरी सेंटर' नामक योजना की कड़ी आलोचना की। इस योजना के तहत तीन डाकघरों को मिलाकर एक किया जा रहा है, जिससे पोस्टमैन और एमटीएस कर्मचारियों को 15-15 किलोमीटर दूर डिलीवरी के लिए भेजा जा रहा है। विडंबना यह है कि बाइक का प्रावधान होने के बावजूद उन्हें ये वाहन नहीं दिए जा रहे हैं, और साथ ही बैठने के लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, डाक विभाग में 50,000 से भी अधिक पद खाली पड़े हैं, जिससे मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ बेतहाशा बढ़ गया है। कर्मचारी संगठनों ने सरकार से इन खाली पदों को तुरंत भरने की मांग की। उन्होंने कैडर रिव्यू कमेटी को भी अपडेट करने की अपील की, जिसे 1993 से अब तक लागू नहीं किया गया है।

विद्युत साउंड एंड डीजे डेकोरेटर्स संघ कतरास शाखा का 15वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

कतरास (आजाद सिपाही)। सिनीडीह स्थित शुभ संस्कार भवन में रविवार को धनबाद जिला विद्युत साउंड एंड डीजे डेकोरेटर्स संघ का 15 वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन जिला अध्यक्ष महादेव मंडल ने किया। उन्होंने कहा कि संगठन में बहुत शक्ति होती है। संगठन मजबूत होगा तो आप मजबूत होंगे। इस दौरान 40 रक्तदाताओं को मेमोटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासचिव शिवकुमार बनर्जी, कृष्ण नंदू चटराज, पंकज शर्मा, दीपक कुमार, समर सरकार, अमित अग्रवाल, बबलू पांडेय, रणवीर भंडारी उर्फ राणा, शमी अख्तर खान, खुर्शीद अंसारी उर्फ मुन्ना, जितेंद्र दास, विक्की रवानी, गेंदु लाल महतो, बैजनाथ महतो, नारायण मास्टर विनोद गोप, आशीष दे आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 08 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
12

मोदी से इजरायल क्या सीख सकता है: राष्ट्रीय सम्मान एक रणनीतिक संपत्ति है

जकी शालोम, द जेरूसलम पोस्ट

पिछले कुछ महीनों में अमेरिका और भारत का संबंध भरोसे के गहरे संकट में फंसा रहा है। इसकी पृष्ठभूमि में टैरिफ नीति पर गंभीर मतभेद, रूस के साथ भारत के विशेष रिश्ते और पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा झड़पों को लेकर अमेरिकी प्रशासन का रुख शामिल रहा है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार इस बात पर नाराजगी जताई कि भारत अमेरिका से आने वाले आयात पर बहुत ऊंचे शुल्क लगाता है। उनके शब्दों में कहें तो 'दुनिया में सबसे ऊंचे शुल्कों में से एक।' इसके जवाब में उन्होंने अमेरिकी टैरिफ बढ़ा कर कुल मिलाकर लगभग 50% तक कर दिए। फिर भी, यह सिर्फ एक मोर्चा था। रूस के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाला और रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार माने जाने वाला भारत, ट्रंप के तीखे शब्दों का शिकार बना।

ट्रंप ने रूस और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को 'मरी हुई अर्थव्यवस्थाएं' कहते हुए दावा किया कि वे 'एक-दूसरे को कुचल रहे हैं,' और उन पर आरोप लगाया कि उनका आपसी व्यापार मॉस्को की यूक्रेन के खिलाफ युद्ध मशीन को ताकत दे रहा है।

इतना ही नहीं, उन्होंने यहां तक कह दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'यूक्रेन में मरने वालों की परवाह नहीं है'- यह बयान न केवल व्यक्तिगत अपमान था, बल्कि भारत की उभरती शक्ति की स्थिति को ठेस पहुंचाने वाला भी था। पाकिस्तान के साथ सीमा झड़पों में ट्रंप ने खुद को एक निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की। कहा जाता है कि उन्होंने दोनों पक्षों पर भारी दबाव डाला, प्रतिबंधों की धमकी दी और अंततः युद्धविराम करवा दिया। हालांकि, बाद में पाकिस्तान ने उनकी मध्यस्थता की इतनी सराहना की कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार देने का प्रस्ताव तक रख दिया। दूसरी ओर, नयी दिल्ली ने वाशिंगटन की भूमिका को कमतर आंका, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते अविश्वास का एक और संकेत था।

मोदी की कड़ी प्रतिक्रिया केवल आर्थिक और सैन्य तनाव पर आधारित नहीं थी, बल्कि मुख्य रूप से व्यक्तिगत और राष्ट्रीय सम्मान की ठेस पहुंचने से प्रेरित थी। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप के चार फोन कॉल तक स्वीकार नहीं

किए। इसी संदर्भ में, इजराइल कुछ महत्वपूर्ण सीख सकता है।

खान यूनिस की घटना

25 अगस्त को खान यूनिस के नासेर अस्पताल पर इजरायल का गोला गिरा। इस हमले में लगभग बीस लोग मारे गए, जिनमें पत्रकार भी शामिल थे। कुछ ही घंटों में इजराइली सेना के प्रवक्ता, सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री ने प्रतिक्रिया दी। सेना प्रवक्ता ने अंग्रेजी में बयान जारी कर 'निर्दोष नागरिकों' को नुकसान पहुंचने पर माफी मांगी।

सेना प्रमुख ने तुरंत जांच शुरू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने इस घटना को 'दुर्भाग्यपूर्ण हादसा' बताया और कहा कि इसकी पूरी तरह जांच होगी। इन तीनों बयानों से न केवल अंतरराष्ट्रीय जनमत को शांत करने की इच्छा झलकती थी, बल्कि इस घटना के नतीजों को लेकर गहरी चिंता झ और शायद घबराहट भी साफ दिखाई दी। नेताओं ने अपने बयानों से यह संदेश दिया कि निर्दोष नागरिकों की मौत की कुछ जिम्मेदारी वे स्वीकार कर रहे हैं। यह संदेश अंतरराष्ट्रीय कानून के लिहाज से खतरनाक मिसाल बन सकता था।

हालांकि, बाद की घटनाओं से पता चला कि कई पीड़ित वास्तव में हमास से जुड़े हुए थे। लेकिन पूरी जानकारी आने का इंतजार करने के बजाय, इजराइल ने बाहर की दुनिया में ऐसा संदेश दिया मानो वह ज़िम्मेदारी स्वीकार कर रहा हो और यही उसकी कूटनीतिक और कानूनी स्थिति को कमजोर कर गया।

भारत से सबक

यही वह जगह है जहां हमें मोदी के उदाहरण को देखना चाहिए। ट्रंप के अभूतपूर्व मौखिक हमलों का सामना करते हुए मोदी ने जल्दबाजी में माफी नहीं मांगी, बल्कि कड़ा जवाब देकर राष्ट्रीय सम्मान को कायम रखा। उनका तरीका भले ही कठोर लगा हो, लेकिन इससे साफ संदेश गया कि भारत अधीनस्थ या छोटे देश जैसा व्यवहार स्वीकार नहीं करेगा। इसके विपरीत, खान यूनिस घटना में इजराइल ने जरूरत से ज्यादा पारदर्शिता और चिंता दिखा दी। यह तरीका शायद तुरंत नुकसान को कम करने के लिए था, लेकिन इससे दीर्घकालिक रणनीतिक हितों को नुकसान पहुंच सकता है।

निष्कर्ष यह है कि किसी भी देश को कठिन और जटिल परिस्थितियों में भी अपने राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। जल्दबाजी में ज़िम्मेदारी स्वीकार करना कमजोरी के रूप में देखा जा सकता है और दुश्मन इसका फायदा उठा सकते हैं।

ऐसे समय में शब्दों में सावधानी और सिद्धांतों में दृढ़ता बेहद जरूरी होती है। भारत से हमें यह सीख मिलती है कि राष्ट्रीय सम्मान कोई विलासिता नहीं, बल्कि दूरगामी रणनीतिक संपत्ति है। यदि इजराइल अपनी स्थिति और सुरक्षा को मजबूत करना चाहता है, तो उसे दुनिया के सामने अटल और मजबूत छवि पेश करनी होगी। इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव चाहे कितना भी हो, माफी जैसे बयान देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया

- पार्टी टूटने से बचाने के लिए पद छोड़ा
- बहुमत खोने के बाद इशिबा को हटाने की मांग हुई थी

एजेंसी

टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया एनएचके ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गयी थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद एलडीपी के भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाये, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। अब उनके हटने के बाद एलडीपी में नयी लीडरशिप की दौड़ शुरू होगी।

इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में बुरी तरह हारी थी : इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत

बनाये रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नयी सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पायीं। इनमें से एलडीपी को 39 सीटें मिली थीं। यह हार पीएम इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता थी। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया था। यह पहला मौका था जब गठबंधन ने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है। एलडीपी की स्थापना 1955 में हुई थी।

संसद में बहुमत नहीं, फिर भी इशिबा प्रधानमंत्री बने थे : जापान में अक्टूबर 2024 में हुए चुनाव में एलडीपी-कोमेतो गठबंधन को 465 में से सिर्फ 215 सीटें मिली थीं। यहां बहुमत के लिए 233 सीटें चाहिए। एलडीपी सबसे बड़ी पार्टी रही। कोई दूसरा गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में नहीं था। मुख्य विपक्षी दल सीडीपीआइ को 148 सीटें मिलीं। बाकी विपक्षी पार्टियां आपस में बंटी हुई हैं। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाना चाहता था, लेकिन इशिबा ने चेतावनी दी कि ऐसा हुआ तो वे संसद भंग करके दोबारा चुनाव कराएंगे। जिससे विपक्ष पीछे हट गया। अब इशिबा डीपीपी जैसे छोटे दलों से मुद्दों पर समर्थन लेकर बिल पास करवा रहे हैं। बजट, सब्सिडी और टैक्स सुधार जैसे मामलों में वे विपक्ष के कुछ नेताओं को अपने पक्ष में कर पाये हैं। यानी पीएम को सरकार चलाने के लिए अब विपक्ष के समर्थन की जरूरत पड़ रही है और यही सबसे बड़ा संकट है।

हमारे जीवन में फिजियोथेरपिस्ट की अहम भूमिका को दर्शाता है वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे

डॉ राजीव रंजन

रांची। वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे हमारे जीवन में फिजियोथेरपिस्ट की अहम भूमिका को दर्शाता है। फिजियोथेरपी न केवल चोट या दर्द से राहत दिलाने का माध्यम है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। पेडियाट्रिक्स में यह बच्चों के विकासात्मक विकारों और शारीरिक संतुलन को सुधारने में सहायक होती है। जेरियाट्रिक्स यानी बुजुर्गों के लिए यह हड्डियों की मजबूती, गतिशीलता और स्वतंत्र जीवन जीने की क्षमता को बनाये रखने में मदद करती है।

गाइनकोलॉजी में प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल में फिजियोथेरेपी अत्यंत आवश्यक

है, जिससे महिलाओं को दर्द से राहत और शरीर को पुनः सामान्य बनाने में सहायता मिलती है।

वहीं ऑथोर्पेडिक्स में यह हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों की चोटों, फ्रैक्चर या सर्जरी के बाद पुनर्वास में अनिवार्य मानी जाती है। इस प्रकार हर आयु और हर परिस्थिति में फिजियोथेरपी स्वास्थ्य और सुखद जीवन की आधारशिला है।

(लेखक : जेएससीपीटी के अध्यक्ष, आइएपी झारखंड शाखा के सचिव और गुलमोहर अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट विभाग के अध्यक्ष हैं।)

महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेटर से एक्टर बने, 'द चेज' में दिखेंगे

- टीजर में आर. माधवन के साथ फायरिंग करते दिखे कैप्टन कूल

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब एक्टिंग की दुनिया में अपनी नयी पारी शुरू करने जा रहे हैं। जल्द ही वह एक्टर आर माधवन के साथ 'द चेज' में दिखेंगे। रविवार को आर माधवन ने इसका टीजर साझा किया। इसमें धोनी और माधवन ब्लैक आउटफिट और सन ग्लासेस पहने हैं। हाथों में गन लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म है या वेबसीरीज, यह टीजर में क्लियर नहीं किया गया है। इसे वासन बाला ने डायरेक्ट किया है। वासन आलिया भट्ट की मूवी जिगरा के भी निर्देशक थे। टीजर में धोनी का इंट्रो द कूल हीरो के तौर पर दिया गया है।

आर माधवन ने इंस्टाग्राम पर टीजर पोस्ट किया : माधवन ने लिखा कि

वन मिशन। टू फाइटर्स। तैयार हो जाइये, धमाकेदार चेज शुरू होने वाली है। 'द चेज' टीजर अब आउट है। डायरेक्टेड बाय वासन बाला। कमिंग सून। हाल ही में माधवन फिल्म 'आप जैसा कोई' में नजर आये थे। वहीं, वह जल्द फिल्म 'धुरंधर' में दिखेंगे, जो 5 दिसंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना और संजय दत्त भी नजर आयेंगे। इसे 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर ने निर्देशन किया है। फिल्म को आदित्य धर, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

धोनी की बॉयोपिक हिट हुई थी : धोनी के जीवन पर फिल्म 'एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' बन चुकी है। यह साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी का किरदार निभाया था। इसके अलावा दिशा पाटनी, कियारा आडवाणी, अनुपम खेर और भूमिका चावला जैसे कलाकार भी इसमें अहम भूमिकाओं में दिखे थे। करीब 104 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 216 करोड़ रुपये कमाये थे।

2020 में इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास लिया था : धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। आइपीएल और सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में कप्तान बनकर उन्होंने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया। 2011 में उन्होंने भारत को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया। उन्होंने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था

हिमाचल में अब तक 350 लोगों की हुई मौत

- 4.07 लाख करोड़ का नुकसान, उत्तराखंड में बादल फटा, पीएम मोदी 9 सितंबर को पंजाब जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को ?4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116% और कुल्लू में 113% बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है। पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के नौगांव में शनिवार शाम को बादल फटा। बाजार और कई घरों में पानी-मलबा घुस गया। सड़क पर खड़ी कई गाड़ियां भी बह गयीं। उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना नदी शहर से 1 किमी दूर तक पहुंच गई है। घाट किनारे के आश्रमों में 5 फीट तक पानी भरा है। वृंदावन परिक्रमा मार्ग पानी में डूबा है।

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले आज विपक्षी दल करेंगे मॉक वोटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। नौ सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसके लिए राजनीतिक पार्टियों में सुगबुगाहट तेज होती दिख रही है। इसी बीच इंडिया ब्लॉक ने रविवार को जानकारी दी कि उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले सोमवार को विपक्षी सांसदों को वोटिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद इसी शाम को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उनके लिए संसद परिसर के एनेक्सी में डिनर का आयोजन करेंगे। इतना ही नहीं सूत्रों ने ये भी बताया कि सोमवार दोपहर लगभग 2:30 बजे संसद भवन के सेंट्रल हॉल में ह्यमॉक पोलह्व यानी फर्जी वोटिंग भी कराई जाएगी ताकि सांसद वोटिंग प्रक्रिया को समझ सकें।

उपराष्ट्रपति चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर और राज्यसभा के सचिव पीसी मोदी ने बताया कि मतदान नौ सितंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे बंद होगा। मतदान संसद भवन के कमरे नंबर एफ101, वसुधा में होगा। वोटों की गिनती उसी दिन शाम छह बजे शुरू होगी और तुरंत परिणाम घोषित किया जायेगा।

Yogendra Mistri : 9199053376
Amin Macanic : 8617878251
NEW MOTOR KRAFT
(A Multi Brand Car Service Center)
SERVICE DENTING AND PAINTING BREAKDOWN SERVICE
AC WORK PICKUP AND DROP SERVICE FREE
Available Genuine Parts With Genuine Service Charges.
TATA SUZUKI HYUNDAI TOYOTA Mahindra
Add : Khelgaon Road, Khatanga, Ranchi, Jharkhand

पूर्व पीएम देवगौड़ा के पोते को जेल में काम मिला

बेंगलुरु की अग्रहारा जेल में लाइब्रेरी संभालेगा, रोजाना मिलेंगे 522 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

बेंगलुरु। पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पोता प्रज्वल रेवन्ना जेल में लाइब्रेरी संभालेगा। बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। जेल प्रशासन ने बताया कि रेवन्ना का काम जेल की लाइब्रेरी में कैदियों को किताबें जारी करना और उनका रिकॉर्ड संभालना होगा।

जेल के नियमों के मुताबिक कैदियों को हर महीने कम से कम 12 दिन यानी हफ्ते में तीन दिन काम करना जरूरी है। अगर रेवन्ना तय शर्तों को पूरा करते हैं तो उन्हें हर दिन की मजदूरी 522 रुपये के हिसाब से मिलेगी। हर कैदी को उसकी योग्यता

और इच्छा के आधार पर काम दिया जाता है। दरअसल, बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने 2 अगस्त को रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनायी थी।

रेवन्ना पर 4 मामले दर्ज, 1 में दोषी

बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने 2 अगस्त को रेवन्ना पर 11.50 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया था। इसमें से 11.25 लाख रुपए पीड़ित को दिए जाएंगे। इससे पहले कोर्ट ने 1 अगस्त को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने अप्रैल 2023 में रेवन्ना के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में भी आया था। उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप भी है। उसके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों में अब तक 4 एफआइआर दर्ज की गयी हैं।

A-1 SUREJA INDUSTRIES
GO Green
HURRY-E
CHARGE ANYWHERE
No Charging Station Required
3 Hours Charging Time
100 km Cost ₹15 | 3 Years Warranty | Range Upto 130 - 200 Kms As Per Model | Available in Registration & Non Registration Models
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More,
Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 150	Hindi	₹ 150
English	₹ 150	English	₹ 150
Mathematics	₹ 150	Mathematics	₹ 150
Science	₹ 150	Science	₹ 150
Social Science	₹ 150	Social Science	₹ 150
Sanskrit	₹ 150	Sanskrit	₹ 150
Hindi – B	₹ 150	Hindi – B	₹ 150
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 130	English Grammar– II	₹ 130
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 60	Hindi Practical	₹ 60
English Practical	₹ 60	English Practical	₹ 60
Maths. Practical	₹ 70	Maths. Practical	₹ 70
Science Practical	₹ 70	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 75	S. Science Practical	₹ 75
Sanskrit Practical	₹ 60	Sanskrit Practical	₹ 60
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 90
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 90
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 230
Science	₹ 220	Science	₹ 200
Social Science	₹ 230	Social Science	₹ 230
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 100	S. Science Practical	₹ 90

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**